दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 167
कोटद्वार शुक्र वार
13 अक्टूबर 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

**कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित** डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## आधी रात में भूकंप से लोगों की उड़ी नींद

**अल्मोड़ा(सं)।** बुधवार की मध्य रात्रि में भूकंप से लोग सहम गए। मध्य रात्रि में भूकंप के झटकों से लोगों की नींद उड़ गई। भूकंप के झटके पूरे जनपद में महसूस किए गए। भूकंप के लिहाज से पर्वतीय राज्य संवेदनशील है। उत्तराखंड में अक्सर भूकंप की घटनाएं देखने को मिल जाती हैं। पर्वतीय जनपद अल्मोड़ा में बुधवार की मध्य रात्रि में भूकंप से धरती थर्रा उठी। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार मध्य रात्रि में 12:07 बजे भूकंप के झटके महसूस हुए हैं। भूकंप के झटके महसूस होते ही लोग घरों से बाहर निकल आए तो वहीं कुछ लोग सोए रहे। भूकंप का केंद्र नेपाल में था। नेपाल से नजदीक होने के कारण भूकंप के झटके जनपद में अधिक महसूस होते हैं। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) के अनुसार रात्रि में आए भूकंप की तीव्रता 4.7 थी।

## दुष्कर्म करने वाले को 20 वर्ष की कठोर कैद

**हरिद्वार(सं)।** नाबालिग से दुष्कर्म करने के मामले में स्पेशल फास्ट ट्रैक कोर्ट/अपर जिला जज कुमारी कुसुम शानी ने आरोपी चाचा को दोषी करार दिया। अदालत ने दोषी को बीस साल कठोर कारावास और एक लाख अर्थदंड की सजा सुनाई है। शासकीय अधिवक्ता भूपेंद्र चौहान ने बताया कि 13 नवंबर 2019 की सुबह रानीपुर क्षेत्र में पंद्रह साल की किशोरी को उसका रिश्ते का चाचा घर से स्कूल छोड़ने के बहाने बहला फुसलाकर ले गया था। स्कूल की छुट्टी के बाद पीड़िता घर वापस नहीं लौटी तो परिजनों ने तलाश शुरू की। पीड़िता के पिता ने बताया था कि आरोपी उनका रिश्तेदार है। घटना के करीब 15 दिन के बाद पीड़िता बरामद हुई। पीड़िता ने परिजनों व पुलिस को बताया कि घटना वाले दिन आरोपी उसे डरा धमकाकर अपने दोस्त के घर अफजलगढ़, बिजनौर यूपी ले गया था। नशे का इंजेक्शन लगाकर बेहोश होने पर उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। रानीपुर पुलिस ने पीड़िता के पिता की तहरीर पर दुष्कर्म व पॉक्सो ऐक्ट में केस दर्ज कराया था।

## पश्चिम बंगाल में बड़ा हादसा, वर्धमान जिला में कोयला खदान धंसने से 7 लोगों की मौत

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में पश्चिम वर्धमान जिले के रानीगंज में ईस्टर्न कोल्ड फील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल) की खुली खदान धंसने से कम से कम सात लोगों के मारे जाने की आशंका है। स्थानीय पुलिस ने हालांकि घटना में तीन लोगों के मरने की पुष्टि की है। यह घटना उस समय हुई, जब स्थानीय लोग बुधवार शाम खदान से कोयला चोरी कर रहे थे। फिलहाल अभी इस तथ्य की पुष्टि नहीं हुई है कि खदान को कंपनी ने छोड़ दिया था या यह खनन के लिए चालू थी। ईसीएल की ओर से अभी तक कोई टिप्पणी नहीं आई है।

इस बीच भारतीय जनता पार्टी विधायक अग्निमित्रा पॉल ने दावा किया कि खदान से सात शव बरामद किये गये हैं। उन्होंने बताया कि ईसीएल ओपनकास्ट खदान का हिस्सा धंसने से मृतक जिंदा दफन हो गये। उन्होंने आरोप लगाया कि खदान में कोयले की चोरी बेतरतीब ढंग से होती है ।

# प्रधानमंत्री ने दी उत्तराखण्ड को लगभग 4 हजार 200 करोड़ रूपये की सौगात

## प्रधानमंत्री ने राज्य की 23 महत्वपूर्ण परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया



**देहरादून ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तराखण्ड को लगभग 04 हजार 200 करोड़ रूपये की सौगात दी। पिथौरागढ़ में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने राज्य की 23 महत्वपूर्ण परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। राज्य की जिन योजनाओं का शिलान्यास किया गया उनमें 21 हजार 398 पॉलीहाउस निर्माण, उच्च घनत्व वाले सघन सेब बागानों की योजना, राष्ट्रीय राजमार्गों पर 02 लेन एवं ढलान उपचार के 05 कार्य, राज्य में 32 पुलों का निर्माण, एसडीआरएफ के तहत अग्नि सुरक्षा बुनियादी ढांचे और बचाव उपकरणों को मजबूत करना, देहरादून में राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र का अपग्रेडेशन, बलियानाला, जनपद नैनीताल में भूस्खलन की रोकथाम हेतु उपचार, 20 मॉडल डिग्री कॉलेजों में हॉस्टल और कंप्यूटर लैब का निर्माण, सोमेश्वर, अल्मोडा में 100 बिस्तरों वाला उप जिला अस्पताल, चंपावत में 50 बिस्तरों वाले अस्पताल ब्लॉक का निर्माण, रूद्रपुर में वेलो–ड्रोम निर्माण कार्य, स्पोर्ट्स स्टेडियम, हल्द्वानी में एस्ट्रो टर्फ हॉकी मैदान का निर्माण, चार धाम की भांति मानसखंड के मंदिर क्षेत्रों का विकास, मानसखंड मंदिर माला मिशन के अंतर्गत जागेश्वर धाम, हाट कालिका एवं नैना देवी मंदिर में अवस्थापना सुविधाओं का विकास शामिल हैं।

प्रधानमंत्री द्वारा जिन योजनाओं का लोकार्पण किया गया उनमें पीएमजीएसवाई के तहत 76 सड़कें, पीएमजीएसवाई के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में 25 पुल, 09 जिलों में 15 ब्लॉक कार्यालय भवन, केन्द्रीय सड़क निधि के अन्तर्गत 03 सड़क सुदृढ़ीकरण कार्य, कौसानी – बागेश्वर रोड, धारी – डोबा – गिरेचिना रोड, नगला – किच्छा एस एच रोड डबल लेन, राष्ट्रीय राजमार्गों को 2 लेन एवं सुदृढ़ीकरण करने का कार्य, एन एच 309 बी– अल्मोड़ा– पेट्सल –पनुआनौला – दन्या एन एच – टनकपुर – चल्थी, प्रदेश में 39 पुल एवं देहरादून में यूएसडीएमए भवन, 38 ग्रामीण पंपिंग पेयजल योजनाएं और 03 ट्यूबवेल आधारित पेयजल योजनाएं, 419 ग्रामीण ग्रेविटी पेयजल योजनाएं, थरकोट, पिथौरागढ़ में कृत्रिम झील, 132 केवी पिथौरागढ़–लोहाघाट–चंपावत ट्रांसमिशन लाइन के कार्य शामिल हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखण्ड की सवा करोड़ देवतुल्य जनता की ओर से दो अन्तरराष्ट्रीय सीमाओं से लगे सीमान्त जनपद पिथौरागढ़ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में केदारखंड में मंदिरों तथा पौराणिक स्थलों का विकास हो रहा है। उनकी मानसंखंड की इस यात्रा द्वारा इस क्षेत्र का भी संपूर्ण विकास सुनिश्चित होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में आज भारत पुनः विश्वगुरू बनने की ओर अग्रसर है। आज जहां एक ओर देश में आंतरिक सुरक्षा मजबूत हुई है, वहीं विश्व में भारत का मान–सम्मान बढ़ रहा है। रूस और यूक्रेन के बीच हुए युद्ध के समय भारत द्वारा दिखाई गई कूटनीतिक परिपक्वता हो या जी–20 सम्मेलन के अध्यक्ष के रूप में विश्व के सभी प्रमुख देशों को एक मंच पर लाकर दिल्ली घोषणा पत्र पर सहमति स्थापित करना हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 09 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने हर क्षेत्र में तेजी से प्रगति की। यह स्वर्णिम कालखंड भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना के पुनरुत्थान का कालखंड भी है। आज नया भारत न केवल एक राष्ट्र के रूप में संपन्न और समर्थ बन रहा है, बल्कि विश्व का नेतृत्व करने के लिए भी तैयार हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जी का उत्तराखण्ड से विशेष लगाव किसी से छुपा नहीं है। पिछले 09 वर्षों में केन्द्र सरकार द्वारा राज्य के लिए 01 लाख 50 हजार करोड़ रूपये से अधिक की परियोजनाएं स्वीकृत की गई, जिनमें से अनेक योजनाओं पर तेजी से कार्य चल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व और मार्गदर्शन में राज्य सरकार द्वारा उत्तराखण्ड को देश का श्रेष्ठ राज्य बनाने का विकल्प रहित संकल्प के साथ कार्य किये जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को नारायण आश्रम की प्रतिकृति, ऐपण स्टॉल और बोधिसत्व विचार श्रृंखला– एक नई सोच, एक नई पहल पुस्तक भेंट की।इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री अजय भट्ट, कैबिनेट मंत्री उत्तराखण्ड सतपाल महाराज, गणेश जोशी, प्रेमचंद अग्रवाल, सुबोध उनियाल, डॉ. धन सिंह रावत, रेखा आर्या, सौरभ बहुगुणा, सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक, अजय टम्टा, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, कल्पना सैनी, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष श्री महेन्द्र भट्ट उपस्थित थे।

### प्रधानमंत्री ने की प्रसिद्ध जागेश्वर धाम पहुंचकर पूजा–अर्चना

**देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज उत्तराखंड के पांचवें धाम के रूप में प्रसिद्ध जागेश्वर धाम पहुंचकर पूजा अर्चना की तथा देश वासियों की सुख समृद्धि की कामना की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज 11.40 बजे शौकियाथल पहुंचे। इसके पश्चात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सड़क मार्ग से जागेश्वर धाम पहुंचे। 124 मंदिरों के समूह जागेश्वर धाम में उन्होंने सर्वप्रथम जागेश्वर गर्भगृह में करीब 7 मिनट तक पूजा कर बाबा जागेश्वर के दर्शन किए। इसके पश्चात पुष्टिमता, महामृत्युंजय तथा केदारनाथ में पूजा अर्चना की। इसके पश्चात मंदिर परिसर की परिक्रमा करते हुए अर्धनारेश्वर वृक्ष का अवलोकन किया।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किए आदि कैलाश के विराट दर्शन, दिया भक्ति और शक्ति का संदेश

**देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 12 अक्टूबर को भारत की आध्यात्मिक भूमि आदि कैलाश पहुंचे। यहां शिव मंदिर में पूजा करते हुए प्रधानमंत्री ने आदि कैलाश के विराट दर्शन किए और देश की सुख, समृद्धि एवं खुशहाली के लिए प्रार्थना की। शिव धाम आदि कैलाश आगमन पर प्रधानमंत्री मोदी का जोरदार स्वागत हुआ। इस दौरान उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री मोदी अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत 12 अक्टूबर, 2023 को सुबह 8.45 बजे हेलीकॉप्टर से पिथौरागढ़ जनपद में ज्योलिंगकांग हेलीपैड पर उतरे। यहां से दाहिनी ओर करीब डेढ़ किमी की दूरी कार से तय करते हुए हिमालय की चोटी पर स्थित पार्वती सरोवर और शिव मंदिर पहुँचे। करीब 25 मिनट तक शिव की पूजा और ध्यान किया। आदि कैलाश मंदिर में रं–समुदाय के लामा पुजारियों ने पौराणिक काल से प्रसिद्ध शिव–पार्वती की 'माटी पूजा' पूरे विधि विधान के साथ संपन्न की। इसके बाद पीएम मोदी ने आदि कैलाश पर्वत और पार्वती सरोवर के दर्शन भी किए। आदि कैलाश और पार्वती सरोवर के दर्शन कर प्रधानमंत्री अभिभूत हो उठे। उन्होंने कहा कि आदि कैलाश के दर्शन कर उनका मन प्रसन्न और जीवन धन्य हो गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड देव भूमि है। यहां कण–कण में देवी देवताओं का वास है। भगवान आदि कैलाश के दर्शन कर उन्हें परम आनंद की अनुभूति हुई है। उन्होंने कहा कि देवभूमि के मंदिर आस्था ही नही आर्थिकी का भी केंद्र हैं। इन मंदिरों से हजारों लोगों की आर्थिकी प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से जुड़ी है। धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सभी मंदिरों को एक सर्किट के रूप में विकसित किया जा रहा है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को आदि कैलाश और आसपास के क्षेत्र के बारे जानकारी दी।

### प्रधानमंत्री को अपने बीच पाकर उत्साहित दिखे गुंजी गांव में दूर–दराज से पहुंचे लोग

**देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुंजी गांव में स्थानीय लोगों से मिलकर उनसे बातचीत की। गुंजी गांव में दूर–दराज से पहुंचे लोग प्रधानमंत्री को अपने बीच पाकर उत्साहित दिखे। इस दौरान प्रधानमंत्री ने च्यूबाला पहनी रंगस्या (महिलाओं) से आशीर्वाद भी लिया। गुंजी में सेना के जवानों के साथ बातचीत कर प्रधानमंत्री ने उनका हौसला बढ़ाया। प्रधानमंत्री ने रं समाज कल्याण समिति के लोगों से भी भेंटवार्ता की। रं समाज कल्याण समिति के लोग पारम्परिक वेशभूषा में थे।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने इस अवसर पर स्वयं नगाड़ा भी बजाया।प्रधानमंत्री ने भारत–तिब्बत व्यापार के प्रमुख केन्द्र गुंजी गांव में स्थानीय कला और उत्पादों पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर उन्होंने आदि कैलाश, पार्वती सरोवर, कुटी गांव, रांगकॉग गांव, नाबी, गुंजी, ओम पर्वत की फोटो गैलरी का भी अवलोकन किया।

## 4200 करोड़ की परियोजनाओं के उपहार से निखरेगा उत्तराखंड : महाराज

**जयन्त प्रतिनिधि**

**देहरादून/पिथौरागढ़ :** प्रदेश के लोक निर्माण, सिंचाई, पंचायतीराज, ग्रामीण निर्माण, जलागम, पर्यटन, धर्मस्व एवं संस्कृति, मंत्री सतपाल महाराज ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिथौरागढ़ और अल्मोड़ा आगमन के दौरान प्रदेश को 4200 करोड़ की परियोजनाओं की बड़ी सौगात देकर सिद्ध कर दिया है कि वास्तव में आने वाला दशक उत्तराखंड का ही है।




कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पिथौरागढ़ और अल्मोड़ा आगमन पर प्रदेश को 4200 करोड़ की परियोजनाओं का उपहार देने पर उन्हें बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का पहले से ही देवभूमि उत्तराखंड से विशेष लगाव रहा है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने उत्तराखंड से जुड़ाव और शुरुआती सफर को याद करते हुए कई बार यहां के आध्यात्मिक स्थलों का जिक्र किया है। उत्तराखंड के प्रति उनका अटूट स्नेह इस बात का प्रमाण है कि वह समय-समय पर अपने संबोधन में कई बार कह चुके हैं कि आने वाला दशक उत्तराखंड का है। श्री महाराज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिथौरागढ़ और अल्मोड़ा पहुंच कर जिस प्रकार से प्रदेश को 4200 करोड़ की परियोजनाओं का उपहार देने के अलावा आदि कैलाश के दर्शन कर पार्वती कुंड के समीप पूजा अर्चना की और फिर गुंजी गांव पहुंचकर सेना के जवानों से मुलाकात कर उनका हौसला अफजाई की तथा स्थानीय लोगों से मिलने के पश्चात जागेश्वर धाम में शिव आराधना की। निश्चित रूप से उनकी यह पहल उत्तराखंड के विकास और पर्यटन की दृष्टि से मील का पत्थर साबित होगी। श्री महाराज ने कहा कि उत्तराखंड सीमा पर लिपुलेख दर्रे के रास्ते कैलाश मानसरोवर की यात्रा फिलहाल कोरोनाकाल से बंद है, इसलिए श्रृद्धालुओं के लिए आदि कैलाश की यात्रा की शुरुआत की गई है।

आदि कैलाश को भारत का कैलाश मानसरोवर कहा जाता है। चीन के कब्जे वाले तिब्बत में स्थित कैलाश पर्वत की परछाई जैसे मानसरोवर झील में दिखती है वैसे ही आदि कैलाश पर्वत की परछाई पार्वती कुंड में पड़ती है जहां पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पूजा अर्चना की गई।

## विदेश मंत्री जयशंकर की सुरक्षा बढ़ाई गई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर की सुरक्षा अपग्रेड कर दी गई है। इन्हें अब जेड श्रेणी की सुरक्षा मुहैया कराई जाएगी। इससे पहले विदेश मंत्री को वाई श्रेणी की सुरक्षा का कवर मिलता था। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल को उनकी सुरक्षा का प्रभार लेने के लिए कहा है। अभी तक दिल्ली पुलिस यह जिम्मेदारी संभालती थी। 68 वर्षीय जयशंकर की सुरक्षा 'वाई' श्रेणी के सुरक्षा घेरे में दिल्ली पुलिस की एक सशस्त्र टीम कर रही थी।सूत्रों ने बताया कि अब उन्हें सीआरपीएफ द्वारा बड़े 'जेड' श्रेणी के सुरक्षा कवर के तहत सुरक्षा मुहैया कराई जाएगी। इसमें देश भर में शिफ्टों में 24 घंटे उनके साथ लगभग 14–15 सशस्त्र कमांडो रहेंगे।

## ऑपरेशन अजयः इजरायल में फंसे हैं 18 हजार भारतीय, उड़ान से 230 की होगी घर वापसी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इज़रायल से भारतीय नागरिकों को स्वदेश लाने के लिए सरकार ने ऑपरेशन अजय शुरू किया और इसके अंतर्गत करीब 230 भारतीय पहली चार्टर उड़ान से कल सुबह तक भारत लौटने की संभावना है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने आज यहां कहा, "जैसा कि कल विदेश मंत्री ने घोषणा की थी, ऑपरेशन अजय को हमारे उन नागरिकों की इजराइल से वापसी की सुविधा के लिए शुरू किया गया है जो वापस आना चाहते हैं। पहली चार्टर उड़ान भारतीयों को लेने के लिए आज रात तक तेल अवीव पहुंचेगी और उन्हें कल सुबह तक स्वदेश लाएगी।"

श्री बागची ने एक सवाल के जवाब में कहा कि ऑपरेशन अजय आने के इच्छुक भारतीयों की मांग पर आधारित होगा। पहली उड़ान में 230 यात्रियों के सवार होने की उम्मीद है। फिलहाल चार्टर उड़ानें संचालित की जा रही हैं। लेकिन भविष्य में यदि जरूरत महसूस हुई तो हमारे पास सभी विकल्प हैं। ऑपरेशन में भारतीय वायुसेना की भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता। एक सवाल के जवाब में प्रवक्ता ने कहा कि लगभग 18 हजार भारतीय इज़रायल में हैं। वहां संघर्ष चल रहा है और हालात चिंताजनक हैं। हमने अब तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं सुनी है।

## सुप्रीम कोर्ट: बिलकिस मामले में दोषियों की सजा में छूट को चुनौती वाली याचिकाओं पर सुनवाई पूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने बिलकिस बानो सामूहिक दुष्कर्म मामले में दोषियों की समय से पहले रिहाई को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर आदेश सुरक्षित रख लिया है।

कोर्ट ने केंद्र, गुजरात को मामले में दोषियों की सजा कम करने से संबंधित मूल रिकॉर्ड 16 अक्तूबर तक जमा करने का निर्देश दिया।



जस्टिस बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने बिलकिस बानो के वकील और केंद्र, गुजरात सरकार और जनहित याचिका के याचिक-कर्ताओं के वकीलों की दलीलें सुनने के बाद बिलकिस बानो सामूहिक दुष्कर्म और उसके परिवार के सात सदस्यों की हत्या के 11 दोषियों की सजा माफ करने को दी चुनौती देने वाली याचिकाओं पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया।

## केंद्रीय कर्मियों के महंगाई भत्ते की घोषणा में देरी!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार के कर्मियों के लिए महंगाई भत्ते 'डीए' की दरों में बढ़ोतरी की घोषणा कई माह देरी से की जाती है। इसके द्वारा सरकार, खुद मोटा लाभ कमा लेती है। चूंकि डीए/डीआर की दरों में हुई बढ़ोतरी से सरकार पर हजारों करोड़ रुपये का भार पड़ता है। ऐसे में सरकार, डीए/डीआर की घोषणा, तीन चार माह देरी से करती है। इस अवधि के दौरान सरकार का पैसा निवेश होता है, जिस पर उसे अच्छा खासा ब्याज मिलता है। कॉन्फेडरेशन ऑफ सेंट्रल गवर्नमेंट एम्प्लाइज एंड वर्कर्स के महासचिव एसबी यादव का कहना है कि नियमानुसार, पहली जनवरी और पहली जुलाई से महंगाई भत्ते एवं महंगाई राहत में बढ़ोतरी करने का प्रावधान है, लेकिन केंद्र सरकार हर दफा यह घोषणा करने में तीन चार माह की देरी कर देती है। पिछले साल सितंबर में डीए की घोषणा की गई थी, लेकिन इस बार अभी तक सरकार ने डीए बढ़ोतरी को लेकर कोई बयान जारी नहीं किया है। कॉन्फेडरेशन ऑफ सेंट्रल गवर्नमेंट एम्प्लाइज एंड वर्कर्स ने इसी सप्ताह केंद्रीय वित्त मंत्री को पत्र भी लिखा है। इसमें कहा गया है कि डीए की बढ़ी हुई दर की घोषणा जल्द की जाए। इसका नुकसान कर्मियों को होता है तो दूसरी तरफ सरकार डीए वृद्धि की घोषणा में देरी कर उस राशि का ब्याज कमा लेती है।



अखिल भारतीय रक्षा कर्मचारी महासंघ (एआईडीईएफ) के महासचिव और राष्ट्रीय परिषद (जेसीएम) स्टाफ साइड के वरिष्ठ सदस्य सी. श्रीकुमार ने कहा कि सरकार को इस मामले में देरी नहीं करनी चाहिए। जब पहली जनवरी और पहली जुलाई से डीए बढ़ोतरी का नियम है तो इसमें कई माह की देरी क्यों हो रही है। केंद्र सरकार के लगभग 48 लाख कर्मियों और 62 लाख पेंशनरों को डीए/डीआर में बढ़ोतरी का फायदा मिलता है। ऐसे में सरकार को हजारों करोड़ रुपये कर्मियों की सेलरी में देने पड़ते हैं। अगर यह राशि देने में तीन चार माह की देरी होती है तो सरकार हजारों करोड़ रुपये बचा लेती है।

केंद्र सरकार ने 2020 के शुरु में यह घोषणा की थी कि सरकारी कर्मियों को डीए/डीआर व दूसरे भत्ते नहीं मिलेंगे। जेसीएम के सदस्य सी श्रीकुमार ने कहा, केंद्र सरकार ने कोविड–19 की आड़ लेकर सरकारी कर्मियों और पेंशनरों के डीए/डीआर पर रोक लगा दी थी। केंद्र सरकार ने उस वक्त कर्मियों के 11 फीसदी डीए का भुगतान रोक कर 36 हजार करोड़ रुपये बचा लिए थे। तब केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा था कि 28 फीसदी के हिसाब से महंगाई भत्ता मिलेगा। उस वक्त उन्होंने एरियर को लेकर कोई बात नहीं कही। केंद्रीय मंत्री की घोषणा का अर्थ यह था कि बढ़े हुए डीए की दर एक जुलाई 2021 से 28 फीसदी मान ली जाए। इसके अनुसार जून 2021 और जुलाई 2021 के बीच डीए में एकाएक 11 फीसदी वृद्धि हो गई, जबकि डेढ़ साल की अवधि में डीए की दरों में कोई वृद्धि दर्ज नहीं की गई। एक जनवरी 2020 से लेकर एक जुलाई 2021 तक डीए/डीआर फ्रीज कर दिया गया था।केंद्रीय कर्मचारियों के 18 महीने से रुके डीए एरियर के भुगतान को लेकर कर्मचारी संगठनों ने केंद्र सरकार को कई तरह के विकल्प सुझाए थे। इनमें एरियर का एकमुश्त भुगतान भी शामिल था।

## एक नजर

### दुष्कर्म पीड़ित किशोरी ने बच्चे को दिया जन्म

ऋषिकेश। एक किशोरी से एक अज्ञात शख्स ने दुष्कर्म किया। इस घटना के बारे में पीड़िता ने घर में घटना के बारे में किसी को नहीं बताया। अब तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां हालत नाजुक होने पर उसे एम्स रेफर किया गया। इलाज के दौरान किशोरी ने बच्ची को जन्म दिया, तो परिजनों के पैरों तले जमीन खिसक गई। पीड़िता की मां ने तहरीर देकर अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। कोतवाली पुलिस के मुताबिक शहर में हरिद्वार रोड से सटे एक इलाके की निवासी 16 वर्षीय नाबालिग को तेज पेट दर्द की शिकायत हुई। हालत खराब होने पर परिजन आनन–फानन में उसे सरकारी अस्पताल ले गए। यहां चिकित्सकों ने परीक्षण किया, तो पता चला कि नाबालिग गर्भवती है। नाबालिग की स्थिति बिगड़ने पर उसे एम्स रेफर किया गया। बुधवार रात नाबालिग ने एम्स में एक बच्चे को जन्म दिया। दुष्कर्म से अनजान परिजनों को इसकी जानकारी मिलने पर वह तहरीर लेकर कोतवाली पहुंचे। कोतवाल खुशीराम पांडेय ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ दुष्कर्म व अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। नाबालिग व परिजनों से पूछताछ के आधार पर अज्ञात की पहचान के प्रयास जारी हैं। जल्द आरोपी की शिनाख्त कर उसे गिरफ्तार किया जाएगा।

### छात्रों ने लाखामंडल के धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व की जानकारी ली

विकासनगर। सरदार महिपाल राजेंद्र जनजातीय पीजी कॉलेज साहिया के छात्र–छात्राओं का दल गुरुवार को शैक्षणिक भ्रमण पर लाखामण्डल पहुंचा। छात्र–छात्राओं का मन्दिर समिति ने भव्य स्वागत किया। मुख्य पुजारी ओम प्रकाश गौड ने छात्र–छात्राओं ने लाखामण्डल के इतिहास और महत्व के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। भ्रमण प्रभारी दीपक बहुगुणा ने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण से छात्र–छात्राओं का बौद्धिक विकास होता है। इसी उद्देश्य से प्रतिवर्ष छात्र–छात्राओं को अलग–अलग स्थानों पर शैक्षणिक भ्रमण के लिए लाया जाता है। चेयरमैन अनिल सिंह तोमर ने कहा कि जनजातीय क्षेत्र के सभी छात्र–छात्राओं को जौनसार बावर के ऐतिहासिक स्थलों के महत्व और इतिहास की जानकारी होनी चाहिए। भ्रमण दल में संजय भट्ट, डॉ. पूजा, डॉ. शशिकला, प्रियंका, हनुमंत ओली, प्रदीप कुमार, भरत सिंह, गोकुल चन्द्र फुलारा, पूनम चौहान, नरेश नेगी, आशीष वर्मा, प्रदीप तोमर, हरीश रावत, वंशिका चौहान, नीतू, नेहा आदि मौजूद रहे।

### लोकसभा और निकाय चुनाव को लेकर कांग्रेस सक्रिय

ऋषिकेश। कांग्रेस लोकसभा और निकाय चुनाव को लेकर सक्रिय हो गई है। इसके लिये बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने की कवायद शुरू हो गई है। गुरुवार को जिलाध्यक्ष मोहित उनियाल ने कार्यकर्ताओं से संगठन के विस्तार को लेकर चर्चा की। उन्होंने कांग्रेसियों से एकजुट होकर चुनाव की तैयारी में जुटने का आह्वान किया। कहा कि निकाय चुनाव में जिले से सक्रिय एवं निष्ठावान कार्यकर्ता को टिकट दिलवाने में वह स्वयं पैरवी करेंगे। गुरुवार को कांग्रेस भवन में आयोजित बैठक में ऋषिकेश के पांच ब्लॉक एवं आठ मंडल के गठन को लेकर चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष मोहित उनियाल ने कहा कि कांग्रेस निकाय चुनाव में मजबूत प्रत्याशी को ही पार्टी से उम्मीदवार बनायेगी। इसके लिये कार्यकर्ताओं से रायशुमारी के बाद ही टिकट की पैरवी की जायेगी। संगठन की मजबूती के लिये बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत किया जा रहा है। नगर अध्यक्ष राकेश मियां ने कहा कि ऋषिकेश क्षेत्र में 8 से 10 वार्ड के लगभग 20 बूथ एवं एक ब्लॉक का गठन किया जायेगा।

# क्यूआर कोड में इन्वेंटरी के प्रारंभ से लेकर निष्प्रयोज्य होने तक की जानकारी उपलब्ध होगी



देहरादून। राजभवन में आईटी और एआई के माध्यम से पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित किए जाने के उद्देश्य से इन्वेंटरी मैनेजमेंट सिस्टम तैयार किया गया है। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) के निर्देशन में तैयार किए गए इन्वेंटरी मैनेजमेंट सिस्टम में राजभवन देहरादून और राजभवन नैनीताल में मौजूद सामान (इन्वेंटरी) की सूची तैयार कर उनमें क्यूआर कोड लगाया गया है। इस क्यूआर कोड को स्कैन करने पर उस सामान या इन्वेंटरी का पूरी जानकारी आ जाएगी।

क्यूआर कोड में इन्वेंटरी के प्रारंभ से लेकर निष्प्रयोज्य होने तक की जानकारी उपलब्ध होगी। इस सिस्टम के माध्यम से मैनुअल स्टॉक भरने की जरूरत नहीं पड़ेगी वहीं इसमें त्रुटि की संभावना भी न्यून रहेगी। इसमें गृह अधिष्ठान, आईटी सेक्शन, लाइब्रेरी, अवार्ड, पीडब्ल्यूडी, विद्युत एवं सिविल में उपलब्ध इन्वेंटरी को शामिल किया गया है। इन्वेंटरी मैनेजमेंट सिस्टम के अंतर्गत राज्यपाल को उनके कार्यकाल के दौरान विभिन्न समारोह एवं कार्यक्रमों में प्राप्त उपहार भी शामिल हैं जिन पर क्यूआर कोडिंग किया गया है।

वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा तैयार किए गए इन्वेंटरी मैनेजमेंट सिस्टम के संबंध में कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने राजभवन में इस पर राज्यपाल के समक्ष प्रस्तुतिकरण दिया। राज्यपाल ने कहा कि इस सिस्टम के प्रारंभ होने से डिजिटल पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित की जा सकेगी।

### गोपेश्वर कॉलेज में एबीवीपी ने किया यज्ञ

चमोली। एबीवीपी गोपेश्वर इकाई ने महाविद्यालय में चल रहे क्रमिक अनशन के दसवें दिवस मांगों को लेकर यज्ञ किया। छात्रों ने कहा कि यदि उनकी मांगों को लेकर जल्दी कोई निर्णय नहीं लिया जाता है तो पूरे महाविद्यालय एवं नगर में एक उग्र आन्दोलन किया जायेगा। इस अवसर पर विभाग संगठन मंत्री चैन सिंह रावत, प्रांत सह मंत्री अमित मिश्रा, आयुष हटवाल जिला संयोजक अजय भंडारी, धीरज, दीपक, आयुष, नेहा रोहित, पवन, मयंक, प्रतीक, अमृता आदि मौजूद थे। इधर इसी महाविद्यालय परिसर में एनएसयूआई के छात्र भी महाविद्यालय से जुड़ी अपनी मांगों के लिए महाविद्यालय परिसर में अनशन पर बैठे हैं। कहा कि सरकार ने अभी तक छात्रों की समस्यायों का कोई समाधान नहीं किया गया है। यदि मांगें नहीं मानी गई तो एनएसयूआई बड़ा आन्दोलन करेगी ।

# नरेन्द्रनगर के अनीश और चंबा की निहारिका सबसे तेज दौड़े

नई टिहरी। नई टिहरी के बौराड़ी स्टेडियम में प्रारंभिक शिक्षा विभाग की जिला स्तरीय शीतकालीन खेल प्रतियोगिता के दूसरे दिन विभिन्न प्रतियोगिताएं संपन्न हुई। 100 मीटर बालक वर्ग दौड़ में नरेन्द्रनगर के अनीश तथा चंबा की निहारिका ने प्रथम स्थान हासिल किया। बौराड़ी स्टेडियम में चल रही प्रारंभिक शिक्षा विभाग की जिला स्तरीय प्रतियोगिता में गुरुवार को जूनियर वर्ग की 100 मीटर दौड़ बालक वर्ग में नरेन्द्रनगर के अनीश, चंबा के हिम्मत, थौलधार के राजकुमार, बालिका वर्ग में चंबा की निहारिका, देवप्रयाग की वशिंका, जाखणीधार की दीपिका तथा 50 मीटर दौड़ में प्रतापनगर के साहिल, जौनपुर के अयांक तथा आजाद ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। हिंदी सुलेख में स्नेहा, लक्ष्मी, आयुष, अंग्रेजी सुलेख स्नेहा, अंकित, आयुष ने क्रमशः प्रथम द्वतीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। समूहगान में देवप्रयाग, चंबा, भिलंगना, अंताक्षरी में जाखणीधार, कीर्तिनगर,भिलंगना ब्लॉक ने क्रमशः प्रथम,द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। मानचित्र में कीर्तिनगर के अमित पहले, भिलंगना की मानसी दूसरे तथा थौलधार के हरिकृष्ण तीसरे स्थान पर रहे। इसके अलावा खोखो, कबड्डी, चक्का फेंक, ऊंची, लंगी कूद सहित कई अन्य प्रतियोगिता संपन्न हुई। मौके पर खेल समंवय प्रमोद सेमवाल, अजयवीर रमोला, वीएस राणा, गौतम भट्ट, विनोद नेगी, जगवीर खरोला, चंद्रवीर नेगी, रामानुज बहुगुणा, शैलेन्द्र चमोली, प्रकाशी सेमवाल, लक्ष्मी प्रसाद भट्ट, लाखी असवाल, गीता रमोला, संगीता पंवार, विजय लक्ष्मी डंगवाल, संगीता चमोली, उम्मेद नेगी, शैलेन्द्र उनियाल, हेमलता नेगी, सविता बडोनी, सरेंद्र गोदियाल सहित कई शिक्षक उपस्थित थे।

# अपर मुख्य सचिव ने दिए विधायकगणों से प्राप्त प्रस्तावों पर समयबद्ध रूप से प्रभावी कार्यवाही के निर्देश



देहरादून। विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के विधायकगणों से प्राप्त व्यापक महत्व / जनहित के 10–10 प्रस्तावो /कार्यों की समीक्षा श्रीमती राधा रतूड़ी, अपर मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड शासन द्वारा सचिवालय में की गयी। बैठक में सचिव, मुख्यमंत्री डा0 सुरेन्द्र नारायण पाण्डे द्वारा अवगत कराया गया कि विधायकगणों से प्राप्त कार्यों में लगभग 120 कार्यों के सम्बन्ध में घोषणाएं की जा चुकी हैं।

शेष कार्यों को मुख्यमंत्री घोषणा में सम्मिलित किए जाने हेतु शासन स्तर पर परीक्षण किया जा रहा है। अपर मुख्य सचिव ने विधायक गणों से प्राप्त प्रस्तावों पर समयबद्ध रूप से प्रभावी कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिए गए। बैठक में विशेष कार्याधिकारी आर0सी0शर्मा, उप सचिव हीरा सिंह बसेड़ा, अनुसचिव चिरंजी लाल आदि उपस्थित थे।

### मांगों को लेकर अधिशासी अभियंता को दिया ज्ञापन

रुद्रप्रयाग। ठेकेदारी प्रथा श्रमिक संगठन ने विभिन्न समस्याओं को लेकर जल संस्थान के अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होंने श्रमिकों के विभिन्न समस्याओं के निराकरण करने की मांग की। अधिशासी अभियंता को दिए ज्ञापन में संगठन के अध्यक्ष गिरीश नेगी, सचिव अनूप सिंह बिष्ट, कोषाध्यक्ष संतोष भट्ट, राजेंद्र गोस्वामी व राजीव भारती ने कहा कि पूर्व में विभागीय अधिकारियों से हुई वार्ता में उन्हें ठेकेदारी प्रथा में कार्यरत सभी श्रमिकों समस्याओं का समझौता कराए जाने का आश्वासन दिया गया है। लेकिन वह अभी तक लागू नहीं हो पाया है। उन्होंने प्रत्येक माह श्रमिकों का मानदेय ठेकेदार के माध्यम से उनके बैंक खातो में डालने, ठेकेदार की ओर से प्रत्येक श्रमिक का बीमा व पीएसआई करने, योजना पर कार्यरत श्रमिकों की मृत्यु के पश्चात उनको आर्थिक सहायता देने, राज्य सरकार के अनुसार प्रत्येक श्रमिक को न्यूनतम मजदूरी देने, प्रत्येक वर्ष में प्रत्येक श्रमिक की वेतन वृद्धि का आश्वासन व श्रमिक को ठेकेदार/विभाग प्रत्येक माह का कार्यानुभव प्रमाण पत्र देने की मांग की।

# अधिकारी सफाई कार्मिकों की समस्याओं का करें निराकरण: पंवार

नई टिहरी। केंद्रीय सफाई आयोग की उपाध्यक्षा अंजना पंवार ने सफाई कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों के सामाजिक, आर्थिक व शैक्षणिक जीवन का अध्ययन एवं उनके पुनर्वास को लेकर समीक्षा बैठक की। इस मौके पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सफाई कार्मिकों को योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने के लिए शिविर लगाने के निर्देश दिये। बीते बुधवार को जिला पंचायत सभागार बौराड़ी में आयोजित बैठक में उपाध्यक्ष अंजना पंवार ने कहा कि सफाई कार्मिकों की दशा एवं दिशा सुधारने को प्रत्येक राज्य के प्रत्येक जिले में जाकर अध्ययन किया जा रहा है। कहा कि, देश के प्रधानमंत्री स्वच्छता को लेकर बहुत संवेदनशील है और राजकीय सफाई कर्मचारी आयोग प्रधानमंत्री के नेतृत्व में स्वच्छ भारत अभियान के तहत गंभीरता से कार्य कर रहा है। स्वच्छ भारत मिशन का सीधा संबंध सफाई कर्मचारियों से है, अन्य अधिकारी–कर्मचारियों की तरह उनका भी सम्मान होना चाहिए। उपाध्यक्ष ने सभी ईओ को सफाई कार्मिकों के आईडी कार्ड बनाने, कार्मिकों को यूनिफॉर्म उपलब्ध कराने, सफाई कार्मिकों के लिए सेंटर प्वांईट पर चेंजिंग रूम तथा वहां पानी एवं शौचालय की उचित व्यवस्था करने तथा कार्मिकों के सम्पूर्ण स्वास्थ्य परीक्षण को त्रैमासिक स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही सफाई कर्मचारियों को एफ ब्लॉक में आवंटित सरकारी भवन की मरम्मत करवाने, कार्मिकों के एनपीएस कटौती का लेखा–जोखा शेयर करने, जिला चिकित्सालय में तैनात किये जाने वाले सफाई कार्मिकों में पुराने सफाई कार्मिकों को प्राथमिकता देने के भी निर्देश दिए। बैठक में पालिकाध्यक्ष सीमा कृषाली, एडीएम केके मिश्र, सीएमओ मनु जैन, सीओ टिहरी ओशिन जोशी, सीएमएस अमित रॉय, एसडीएम संदीप कुमार, डीईओ वीके ढौंडियाल, डीटीडीओ अतुल भण्डारी, एडीआईओ सूचना भजनी भण्डारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी किशन सिंह चौहान, एलडीएम मनीष आदि मौजूद रहे।

# डीएम अध्यक्षता में आयोजित हुई जनपद स्तरीय स्टीयरिंग समिति की बैठक



देहरादून। शिक्षा से वंचित रह गए बच्चों को नशे से दूर रखते हुए मुख्यधारा में लाने हेतु शिक्षा के साथ–2 व्यवसायिक शिक्षा से जोड़ा जाए, जिससे वे आत्मनिर्भर बने यह बात जिलाधिकारी सोनिका की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार आयोजित जनपद स्तरीय स्टीयरिंग समिति की बैठक में कही। बैठक में वर्ष 2023–24 हेतु आयोजित की जाने वाली बालगणना के सम्बन्ध में चर्चा की गई।

शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के प्राविधानों के अनुसार 06–14 एवं 06–18 (दिव्यांग) वय वर्ग के सभी बच्चों को निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा प्रदान करने हेतु सभी बच्चों को चिन्हांकित करते हुए विद्यालय में शत् प्रतिशत् नामांकन एवं अपवंचित एवं कमजोर वर्ग के बच्चों को शत् प्रतिशत् नामांकन सुनिश्चित करना है।जिलाधिकारी ने शिक्षा से वंचित रह गए बच्चों को मुख्यधारा में लाने हेतु योजना बनाते हुए अभियान चलाकर कार्य करने के निर्देश शिक्षा विभाग एवं रेखीय विभागों के अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा से वंचित बच्चों को शिक्षा के साथ ही व्यवसायिक शिक्षा में व्यस्त रखें ताकि वे नशे की प्रवृत्ति एवं अपराधों से दूर रहें। इसके लिए बच्चों को नैतिक शिक्षा दी जाए। उन्होंने कहा कि शिक्षा से वंचित बच्चों को मुख्यधारा में जोड़ने के लिए उनके अभिभावकों को भी जागरूक करें, जिसके लिए एनजीओं का सहयोग ले लिया जाए। उन्होंने कहा ऐसे बच्चे जो स्कूल नही जा रहे हैं उनको बस्तियों में ही पढाने की व्यवस्था करें। उन्होंने शिक्षा विभाग एवं बाल विकास विभाग को इस क्षेत्र में कार्य कर रहें सामाजिक संगठनों का सहयोग लेते हुए अभियान चलाने पर बल दिया । जिलाधिकारी ने बालगणना में बच्चों के चिन्हांकन कार्य को रणनीति के तहत् पूर्ण करते हुए कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि जनपद में जिन स्कूलों में ग्राउण्ड आदि की सुविधा है का विवरण उपलब्ध कराएं ताकि इन स्कूलों में बच्चों के खेलने के लिए सुविधांए विकसित की जा सके ताकि बच्चे अपने निकटवर्ती ग्राउण्ड में खेल सके, खेलों से जुड़कर बच्चे शारीरिक रूप से स्वस्थ रहेंगें तथा बच्चों को मोबाईल एवं अवसादग्रस्त जीवन से दूर रखा जा सकता है।बैठक में मुख्य शिक्षा अधिकारी ने अवगत कराया कि वर्ष वर्ष 2022–23 की बालगणना के आंकड़ों के अधार पर 2023–24 में विद्यालय से बाहर रह गए 454 बच्चों को एनआरएसटी बहुउद्देशीय वाहन (बटर फ्लाईज संस्था), एवं एनआरएसटी केन्द्रों के द्वारा 12 माह का विशिष्टि प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है तथा प्रशिक्षण समाप्ति के उपरान्त केन्द्र के बच्चों को निकटतम प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालयों में आयुनुसार प्रवेश कराया जाएगा। बताया कि बालगणना में चिन्हित 454 बच्चों में से आउटऑफ स्कूल 409 बच्चों को एनआरएसटी केन्द्रों तथा 45 बच्चों को गृह आधारित शिक्षण कार्यक्रम के तहत् सीधे प्रवेश के माध्यम से शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ा जाएगा।ज्ञातब्य है कि देहरादून के समस्त नगर क्षेत्र, विकासखण्ड रायपुर के संकुल रायपुर, नालापानी, अजबपुर, माजरा, सेवलाकला, सहसपुर के संकुल में कौलागढ, सेलाकुई, सहसपुर, झीवरहेड़ी, बनियावाला, विकासनगर के संकुल में विकासनगर, हरबर्टपुर, जीवनगढ तथा विकासखण्ड डोईवाला के संकुल में डोईवाला, मियावाला, गुजरोंवाली, बापूग्राम में बाह्य व्यवस्था से की जाने वाली बालगणना/घर–घर सर्वेक्षण के लिए चयनित संकुल बालगणना हेतु घर–घर सर्वेक्षण के लिए चयनित किये गए है।

# रक्षा मंत्रालय की 55 बीघा जमीन की फर्जी रजिस्ट्री बनाने वाला गिरफ्तार

देहरादून। रजिस्ट्री घपले में 17वां आरोपी गुरुवार को एसआईटी ने गिरफ्तार किया है। आरोपी रक्षा मंत्रालय को आवंटित 55 बीघा जमीन की फर्जी रजिस्ट्री बनाने और सुभाषनगर स्थित 2500 गज जमीन के फर्जी दस्तावेज बनाकर उसे बेचने में शामिल रहा है।

उससे कई अन्य आरोपियों के नाम पता लगे हैं। जिनकी पुलिस ने तलाश शुरू कर दी है। गुरुवार को एसएसपी अजय सिंह ने अपने कार्यालय में प्रेस वार्ता कर आरोपी की गिरफ्तारी की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एआईजी स्टाम्प संदीप श्रीवास्तव ने पिछले महीने टर्नर रोड से सुभाष नगर चौक के मध्य 2500 गज जमीन और माजरा में रक्षा मंत्रालय को आवंटित 55 बीघा जमीन के फर्जी दस्तावेज बनाकर रजिस्ट्री कार्यालय के रिकार्ड में लगाए जाने को लेकर मुकदमा दर्ज कराया।

जांच में हुमायूं परवेज (50) निवासी मोहल्ला काजी सराय दो, नगीना जिला बिजनौर का नाम सामने आया। उसे गुरुवार को पुलिस ने गिरफ्तार किया। आरोपी ने अपने साथी समीर कामयाब व अन्य की मदद से फर्जी दस्तावेज देव कुमार निवासी सहारनपुर की मदद से रिकार्ड रुम रजिस्ट्रार कार्यालय में वर्ष 2016–17 में जिल्द में लगवा दिया था। जिसमें सुभाषनगर चौक के पास की जमीन का अल्लादिया से सन 1944 में जलीलू रहमान व अब्दुल करीम के नाम फर्जी बैनामा बनाकर मालिक दर्शाया गया। 2019 से 2020 के बीच हुमायूं परवेज ने वसीयत के आधार पर 11 लोगों को इस जमीन की रजिस्ट्री की। रजिस्ट्री के तीन करोड़ रुपये जेएंडके बैंक के सहानपुर के बैंक खाते में जमा हुए।

### वेदों में समाहित में सृष्टि का संपूर्ण ज्ञान : सानंद

देहरादून। महर्षि दयानंद सरस्वती के द्विशताब्दी जन्मोत्सव के उपलक्ष में आर्य समाज मंदिर धामावाला में चार दिवसीय वेद प्रचार–प्रसार महोत्सव शुरू हो गया है। महोत्सव का शुभारंभ वेद मंत्रों के उच्चारण के साथ आचार्य विद्यापति शास्त्री की ओर से यज्ञ से हुआ। भजन उपदेशिका कल्याणी ने मधुर भजनों के माध्यम से मानव जीवन की सफलता के लिए ईश्वर की भक्ति से संबंधित भजनों की प्रस्तुति दी। पानीपत से आए आर्य जगत के वैदिक विद्वान आचार्य सानंद ने कहा कि ईश्वर ने मानव कल्याण के लिए सृष्टि की रचना के समय चार वेदों का ज्ञान प्रथम ऋषियों को दिया। श्रीराम चंद्र, श्रीकृष्ण चंद्र महान पुरुषों ने गुरुकुलों में वेदाध्यन करते हुए जीवन में सफलता पाई और लक्ष्य की प्राप्ति की। सुख प्राप्ति की कामना करने वाले प्रत्येक मानव को वेद मार्ग पर चलते हुए जीवन में वेद की आज्ञाओं का पालन करना चाहिए।

# भाजयुमो ने किया निजी अस्पताल व लैबों के खिलाफ प्रदर्शन

देहरादून। जिले में लगातार खुल रहे निजी अस्पतालों और पैथोलॉजी लैबों पर मनमानी का आरोप लगाते हुए भाजयुमो महानगर ने गुरुवार को डीएम आफिस में प्रदर्शन किया। उन्होंने आरोप लगाया कि मरीजों की मजबूरी का फायदा उठाकर अस्पताल व लैब ने लूट मचा रखी है। डीएम को ज्ञापन देकर इन पर लगाम लगाने की भी मांग की गई। महानगर अध्यक्ष देवेंद्र बिष्ट ने कहा कि महानगर में पिछले कुछ वर्षों में कुकरमुत्तों की तरह अस्पताल खुले हैं। जो कि कोई मानक पूरे नहीं करते हैं न ही वहाँ पर मूलभूत सुविधायें उपलब्ध है। इसके बावजूद सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के नाम पर आये हुए मरीजों का शारीरिक एवं वित्तीय शोषण करते हैं तथा हर मरीज को अस्पतालों में महंगे टेस्टों के लिए मजबूर किया जाता है। पैथोलाजी लैबों में भी टेस्ट के नाम पर मनमाना शुल्क वसूला जा रहा है तथा पैथोलॉजी लैबों में किसी भी मरीज की रिपोर्ट एक पैथोलॉजी लैब से कुछ आती है तथा दूसरे लैब में वही रिपोर्ट अलग हो जाती है। ये मरीजों की जान से भी खिलवाड़ है। वहीं उन्होंने ये भी आरोप लगाया कि शहर में एक फार्मासिस्ट के लाईसेंस पर 4–5 कैमिस्टों की दुकानें संचालित हो रही है तथा ये अधिकांश दुकानें डॉक्टर चला रहे हैं। जो गलत है। उन्होंने इन सभी बिंदुओं पर एक कमेटी बनाकर जांच की मांग की। इस दौरान महानगर मंत्री तरुण जैन, उपाध्यक्ष सोहन रौतेला, पारस गोयल, सचिन नैथानी, वैशाली बंसल, प्रीतम शाह, अनमोल राय, नितिन मिश्रा और नवीन पंवार सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आपदा के दृष्टिगत दूरसंचार व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किए जाने को लेकर हुई बैठक



देहरादून। आपदा के दृष्टिगत दूरसंचार व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किए जाने को लेकर अपर जिलाधिकारी रामजी शरण शर्मा ने सीडीआरआई और पीडब्ल्यूसी प्राइवेट लिमिटेड के विशेष दल एवं रेखीय विभागों के अधिकारियों साथ बैठक कर चर्चा की। बैठक में सीडीआरआई के अंशुल यादव और पीडब्ल्यूसी प्राइवेट लिमिटेड के विशेष दल द्वारा बताया गया कि उत्तराखंड में तीन जिलों के सुदूरवर्ती क्षेत्र जहां नेटवर्क कनेक्टिविटी नही है और आपदा घटित होने के कारण दूरसंचार व्यवस्था क्षतिग्रस्त हो जाती है वहां पर तत्काल पुनः कनेक्टिविटी सुचारू किए जाने को लेकर रूपरेखा तैयार की जा रही है। ताकि घटित आपदा में फर्स्ट रिस्पांसिबल के रूप में जो लोग राहत एवं बचाव का कार्य कर रहे उनसे सीधे संपर्क साधकर वास्तविक वस्तुस्थिति का पता लगाया जा सके।

### संस्कृत वाचन में जूनियर वर्ग में विदुषी जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया

विकासनगर।कन्या गुरुकुल महाविद्यालय राजपुर रोड देहरादून में उत्तराखंड संस्कृत अकादमी के तत्वावधान में चल रही संस्कृत प्रतियोगिता में क्षेत्र के अति दुर्गम गांव में स्थित राइंका मंझगांव क्वानू की कक्षा दस की छात्रा विदुषी चौहान ने जूनियर वर्ग में संस्कृत श्लोक वाचन में जनपद स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रौशन किया है। जूनियर वर्ग में ब्लाक स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने के बाद बालिका विदुषी चौहान ने जनपद में भी अपना परचम लहराया है। बालिका की इस उपलब्धि पर लोगों ने हर्ष जताया है। चकराता के संस्कृत प्रतियोगिता संयोजक विवेक शर्मा ने बताया कि बालिका ने दोनों प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने के बाद राज्य स्तर में प्रतिभाग करने के लिए अपना स्थान बनाया है।

# त्यूणी क्षेत्र में बुखार के रोगी बढ़े

विकासनगर। तहसील क्षेत्र के ग्रामीण वायरल फीवर की चपेट में हैं। इन दिनों प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र त्यूणी की ओपीडी में पचास प्रतिशत से अधिक मरीज बुखार के रोगी आ रहे हैं। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. नरेन्द्र सिंह राणा ने बताया कि मौसम परिवर्तन के कारण इन दिनों पूरा क्षेत्र वायरल फीवर की चपेट में है। आजकल एक सौ दस से एक सौ बीस की ओपीडी में से साठ–पैंसठ मरीज बुखार के आ रहे हैं। बताया कि कई लोगों को टाइफाइड भी हुआ है, लेकिन त्यूणी में भर्ती तथा उपचार के दौरान ठीक हो गये थे। उन्होंने कहा त्यूणी में क्षेत्र में एक माह के अंतराल में सात–आठ डेंगू के मरीज निकले, जिनकी प्लेटलेट्स डाउन होने पर हायर सेंटर रेफर किया गया था। बताया कि त्यूणी के कथियान, डागुटा, पटियूड, सारनी, किस्तूड, हरटाड, छजाड, भूनाड, ऐठान, भूठ, फनार, ओबरासैर, चोसाल, ऊंचाई वाले क्षेत्रों में कोरी ठंड का प्रकोप है। जहां से वायरल फीवर के रोगी अधिक आ रहे हैं। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ नरेन्द्र राणा ने बताया प्रारम्भिक रोकथाम के लिए गांव की आशाओं को सतर्क किया गया।

# गदेरे को कर रहे दूषित, ध्यान नहीं दे रहा नगर निगम

◆देवी रोड में पुलिया के नीचे खुलेआम डाली जा रही गंदगी
◆गंदगी से उठ रही दुर्गंध से संक्रामक बीमारियों का बढ़ा खतरा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : भले ही नगर निगम शहर को स्वच्छ व स्वस्थ्य बनाने के दावे कर रहा हो। लेकिन, नगर निगम शहर के बीच से गुजरने वाले पनियाली गदेरे में गंदगी डालने वालों पर लगाम नहीं लगा पा रहा है। हालत यह है कि देवी रोड में पुलिया के नीचे गदेरे में गंदगी के ढेर लगे हुए हैं। शाम ढलते ही कई व्यापारी खुलेआम अपने प्रतिष्ठानों की गंदगी गदेरे में डलाने लगते हैं। पूर्व में शिकायत के बाद भी नगर निगम गंदगी फैलाने वालो पर लगाम नहीं लगा पा रहा है। गंदगी से उठ रही दुर्गंध के कारण आमजन का सांस लेना भी दूभर हो गया है।

घाड़ क्षेत्र के जंगल से निकलने वाला पनियाली गदेरा तीन किलोमीटर के हिस्से में नगर से होकर गुजरता है। लेकिन, वर्तमान में कई लोगों ने इस गदेरे को कूड़ा घर बना दिया है।

खुलेआम गदेरे में दुकान व घरों से निकलने वाली गंदगी को डाला जा रहा है। गंदगी के ढेर से उठने वाली दुर्गंध ने संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ा दिया है।

देवी रोड वासियों ने बताया कि दुर्गंध के कारण पुलिया से गुजरने वाले लोगों को मुंह पर कपड़ा लगाकर चलना पड़ता है। पूर्व में कई बार नगर निगम से गंदगी डालने वालों के खिलाफ कार्रवाई की भी मांग उठा चुके हैं। लेकिन, अब तक इस ओर ध्यान नहीं दिया गया है। जबकि, वर्तमान में शहर में संक्रामक बीमारियां बढ़ रही हैं।



कोटद्वार देवी रोड में पनियाली गदेरे में लगे गंदगी के ढेर

## मांस विक्रेता कर रहे नियमों का उल्लंघन

देवी रोड में पनियाली गदेरे के आसपास कई मांस की दुकानें भी संचालित हो रही हैं। ऐसे में मांस विक्रेता भी अपनी प्रतिष्ठानों से निकलने वाले अपशिष्ट को पनियाली गदेरे में ही डाल रहे हैं। जबकि, पूर्व में नगर निगम व प्रशासन मांस विक्रेताओं को कई बार चेतावनी भी दे चुका है। शाम ढलते ही कई मांस विक्रेता खुलेआम गदेरे में अपशिष्ट डालते हुए आसानी से देखे जा सकते हैं।

## मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत निकाली अमृत कलश यात्रा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : विकासखंड मुख्यालय पोखड़ा में मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत बृहस्पतिवार को अमृत कलश यात्रा का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी उपस्थित लोगों ने देश को आत्मनिर्भर बनाने व राष्ट्रीय एकता बनाए रखने के लिए पंच प्रण की शपथ भी ली।

ब्लॉक मुख्यालय पोखड़ा में क्षेत्र पंचायत प्रमुख प्रीति देवी की अध्यक्षता में आयोजित कलश यात्रा में अमृत वाटिका के लिए विकासखंड पोखड़ा की सभी 58 ग्राम सभाओं से लाई गई मिट्टी को कलश में भरकर युवा कल्याण अधिकारी पोखड़ा आरिफ खान के सुपुर्द किया गया।

अमृत कलश यात्रा कार्यक्रम में बद्री केदार मंदिर समिति के सदस्य पुष्कर जोशी, ज्येष्ठ प्रमुख विजय भारत नेगी, कनिष्ठ प्रमुख लता देवी, बीडीओ ओमप्रकाश रावत, ग्राम प्रधान महिपाल नेगी, संजय जोशी आदि मौजूद रहे।

## प्रो. नन्दकिशोर को मिला चिट्ठी सम्मान, जताई खुशी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : वरिष्ठ साहित्यकार प्रोफेसर नन्दकिशोर ढौंडियाल को चिट्ठी सम्मान-2023 मिलने पर आर्य गिरधारीलाल महर्षि दयानंद ट्रस्ट ने खुशी व्यक्त की है। ढौड़ियाल को यह सम्मान गढ़ भाषा को समर्पित चिट्ठी संस्था की ओर से दिया गया।

ध्रवपुर स्थित गढ़वाली चौक में आयोजित बैठक में साहित्यांच्ल कोटद्वार के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश नैथानी ने कहा कि प्रोफेसर ढौंडियाल अब तक हिंदी व संस्कृत में 158 पुस्तकें प्रकाशित कर चुके हैं और 7 पुस्तकें अभी प्रकाशित होनी हैं। ट्रस्ट के संरक्षक चक्रधर शर्मा ने कहा कि चिट्ठी संस्था द्वारा साहित्यकार डॉ. ढौंडियाल का सम्मान करना कोटद्वार वासियों का भी सम्मान है। ट्रस्ट के संस्थापक सुरेन्द्र लाल आर्य की अध्यक्षता में हुई बैठक का संचालन महासचिव कैप्टन पी.एल खंतवाल ने किया। इस मौके पर जनार्दन बुड़ाकोटी, शूरबीर खेतवाल, ट्रस्टी डॉ. मनोरमा ढौंडियाल ने भी अपने विचार रखे। बैठक में आशा खंतवाल, सुदीप बौंठियाल, ट्रस्टी बचन सिंह गुसाईं, ट्रस्टी बीर सिंह, ट्रस्टी ओमप्रकाश बड़थ्वाल, अमेरिका सिंह, शिवकुमार आदि मौजूद रहे।



नन्दकिशोर ढौंडियाल का स्वागत करते ट्रस्ट के सदस्य

## बालिका दिवस पर अव्वल बालिकाओं को किया सम्मानित

पब्लिक इंटर कालेज सुरखेत में आयोजित किया गया कार्यक्रम



**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : बालिका दिवस पर पब्लिक इंटर कॉलेज सुरखेत की अव्वल छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने अपना लक्ष्य तय कर जीवन में आगे बढ़ने का संकल्प लिया।

एनएसएस की ओर से विद्यालय परिसर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य पुष्कर सिंह नेगी ने विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को अपना लक्ष्य तय कर जीवन में आगे बढ़ना चाहिए। ईमानदारी से मेहनत करने वाले विद्यार्थी को जीवन में अवश्य सफलता मिलती है। उन्होंने बालिकाओं को उनके अधिकारों की भी जानकारी दी। कहा कि बालिकाओं को अपने अधिकारों के बारे में जानकारी होनी अति आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान हाईस्कूल की परीक्षा में अव्वल रहने वाली छात्रा राधिका, सानिया, मनीषा, सृष्टि, रोनिका, कनिष्का, संजना, रितिका को सम्मानित किया गया। इस मौके पर शिक्षक प्रमोद रावत, प्रकाश कैंथोला, नीरज रमोला आदि मौजूद रहे।

## पुलिस ने खोया हुआ फोन लौटाया

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : पुलिस कार्यालय में तैनात महिला जवान ने ईमानदारी का परिचय देते हुए ग्रामीण बैंक के प्रबंधक का खोया हुआ फोन वापस लौटाया। एसएसपी ने महिला जवान को सम्मानित किया है। वहीं, प्रबंधक ने पुलिस की ईमानदारी की सराहना की।

पुलिस कार्यालय में तैनात महिला जवान विजया राणा को एजेंसी चौक के पास एक मोबाइल पड़ा मिला। महिला जवान ने तुरन्त फोन स्वामी का पता किया तो पता चला कि यह मोबाइल ग्रामीण बैंक प्रबंधक पौड़ी प्रवीण कुमार गोयल का है। जिस पर महिला द्वारा ईमानदारी का परिचय देते हुए मोबाइल को प्रवीण कुमार गोयल के सुपुर्द किया गया। उनके द्वारा बताया गया कि इस मोबाइल में बैंक से संबंधित मेरा महत्वपूर्ण डाटा था। गुरुवार को ग्रामीण बैंक प्रबंधक पौड़ी प्रवीण कुमार गोयल अपने सहकर्मियों के साथ पुलिस कार्यालय में आकर पौड़ी पुलिस की प्रशंसा की गयी और उनके द्वारा बताया गया कि पौड़ी पुलिस वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी के नेतृत्व में बहुत ही सराहनीय कार्य कर रही है। प्रवीण कुमार गोयल, उनके सहकर्मियों द्वारा महिला जवान को सम्मानित किया।

## बीडीसी में छाए रहे जंगली जानवर, बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य व पेंशन के मुद्दे

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : नैनीडांडा बीडीसी बैठक में जंगली जानवरों के आतंक का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। इसके साथ ही सड़क, बिजली-पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेंशन आदि के मामले भी जनप्रतिनिधियों ने उठाए। जनप्रतिनिधियों ने एक स्वर में मांग की कि जंगली जानवरों के आतंक से क्षेत्र के लोगों को सुरक्षित करने के लिए समुचित कार्यवाही की जाए। क्षेत्र के लिए लोनिवि कार्यालय बैजरौ व उपखंड कार्यालय अदालीखाल को फिर से स्थानांतरित कर खोलने की मांग उठाई गई। विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र प्रताप ने जिलास्तरीय अधिकारियों के नहीं आने पर कड़ी नाराजगी जताई।

गुरुवार को ब्लाक प्रमुख प्रशांत कुमार की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जनप्रतिनिधियों ने बाघ, गुलदार आदि हिंसक जानवरों के द्वारा क्षेत्र में आए दिन लोगों पर हो रहे हमलों से लोगों को मार डालने की घटनाओं को बहुत गंभीर समस्या बताकर शीघ्र उचित समाधान की मांग की। प्रधान संघ अध्यक्ष देवेंद्र रावत ने बाघ, गुलदार के आतंक का मुद्दा उठाते हुए कहा कि पिछले कुछ माह के अंतराल में ही क्षेत्र से दो लोगों को बाघ अपना निवाला बना चुका है। इसके साथ ही बंदरों व सूअरों द्वारा खेती-बाड़ी को चौपट कर देने से भी क्षेत्र के ग्रामीण परेशान हैं। कहा कि क्षेत्र में बाघ, गुलदार आदि हिंसक जानवरों के कारण लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। दूसरी ओर बंदर, सूअर खेती-बाड़ी को पूरी तरह नष्ट कर रहे हैं। इन हालात में लोग खेती-बाड़ी से विमुख होते जा रहे हैं, साथ ही क्षेत्र से पलायन और अधिक होता जा रहा है। मांग की गई कि वन विभाग बाघ प्रभावित क्षेत्रों में सोलर बाड़ लगाने के साथ ही झाड़ी कटान करवाए। कार्बेट क्षेत्र से लगे गांवों के ग्रामीणों का बीमा भी करावाया जाए। गुणिया रौला, कमेड़ा, घिरौली पेयजल योजना का कार्य धीमी गति से होने पर नाराजगी जताते हुए योजना का कार्य जल्द करने की मांग की गई। चामसैण में पेयजल संकट, पतगांव में लो वोल्टेज की समस्या, बिलकोट व चामसैंण में बिजली के तार झूलने की समस्या उठाई गई। हल्दूखाल मार्ग, दिगोलीखाल मार्ग, डौलियाखाल अदवाड़ा मार्ग के डामरीकरण की मांग उठाई गई। बैठक में ज्येष्ठ उप प्रमुख ललित पटवाल, कनिष्ठ उप प्रमुख रेखा देवी, खंड विकास अधिकारी प्रमोद पांडे, डीपीओ जयदीप रावत आदि मौजूद थे।

## अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : कौड़िया तल्ला-मोटाढांक मोटर मार्ग में ट्रक की चपेट में आने से हुई महिला की मौत के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मालूम हो कि दस अक्टूबर को दोपहर स्कूटी से गिरकर ट्रक की चपेट में आने से शिवराजपुर निवासी सीमा देवी की मौत हो गई थी। घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया था। जिसके बाद पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया था। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मणिभूषण श्रीवास्तव ने बताया कि मामले में पुलिस ने मृतक की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

## श्लोक उच्चारण में संस्कृत विद्यालय ज्वालपाधाम रहा अव्वल

### उत्तराखंड संस्कृत अकादमी की ओर आयोजित की गई प्रतियोगिता

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : उत्तराखंड संस्कृत अकादमी की ओर से विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान श्लोक उच्चारण में संस्कृत विद्यालय ज्वालपाधाम प्रथम स्थान पर रहा।

शिब्बूनगर स्थित एमकेवीएन स्कूल में प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में भी प्रतिभाग करने की सीख दी।

कहा कि इससे विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने में मदद मिलती है। इस दौरान सामूहिक नाटक में राजकीय इंटर कालेज सेंधीखाल, राजकीय इंटर कालेज पीपली, राजकीय इंटर कालेज उफरैंखाल, वाद-विवाद में डीएवी पब्लिक स्कूल, ज्वाल्पा संस्कृत विद्यालय, भुवनेश्वरी चैधार, आभुषण प्रतियोगिता में सेंटजोसेफ कांवेंट स्कूल, राजकीय इंटर कालेज थलीसैंण, राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गानीखाल, श्लोकोच्चारण में संस्कृत विद्यालय ज्वालपाधाम, राजकीय इंटर कालेज धुमाकोट, संस्कृत विद्यालय भुवनेश्वरी चैधार प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे।

इस मौके पर रोशन लाल गौड़, रमाकांत कुकरेती, श्रीकांत दुदपुडी, पंकज ध्यानी, गणेश पसबोला, रोशन बलूनी, महेंद्र अग्रवाल, विकास देवरानी, डा. दिनेश पांडेय, वीरेंद्र सिंह बड़थ्वाल, डा. ममता मेहरा, नीरूबाला खंतवाल, मंजू जखमोला, अमिता रावत आदि मौजूद रहे।



कोटद्वार में आयोजित प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करते विद्यार्थी

## भर्ती पूर्व प्रशिक्षण एक नवंबर से

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : राज्य के पूर्व सैनिकों के आश्रित बेटों को सेना अर्द्धसैनिक बलों में भर्ती पूर्व प्रशिक्षण का आयोजन आगामी एक नवंबर से 27 दिसंबर तक सैनिक विश्राम गृह 15 कालीदास मार्ग हाथी बड़कला देहरादून में किया जाएगा। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी लैंसडौन कर्नल ओमप्रकाश फर्स्वाण (से.नि.) ने बताया कि पूर्व सैनिक आश्रितों के लिए आयोजित भर्ती पूर्व प्रशिक्षण का संचालन जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास देहरादून में किया जा रहा है। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त दस्तावेजों के साथ लैंसडौन स्थित सैनिक कल्याण कार्यालय में उपस्थित होकर अपने सभी दस्तावेज जमा करें। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय के दूरभाष नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

## धोखाधड़ी कर खाते से रकम निकालने वाला गिरफ्तार

दो दिन पूर्व स्वास्थ्य कर्मी के बैग से चोरी किए गए थे चेक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : बैंक में स्वास्थ्य कर्मी महिला के बैग चेक चोरी कर खाते से रकम उड़ाने वाले आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। व्यक्ति के पास से बैंक से निकाली गई नगदी व अन्य दस्तावेज भी बरामद हुए हैं।

दो दिन पूर्व झंडीचौड़ निवासी पुष्पा देवी ने कोतवाली में तहरीर दी थी। जिसमें उन्होंने बताया था कि वह चेक जमा करने के लिए बैंक में गई हुई थी। वह उन्होंने टेबल पर अपना बैग रखा हुआ था। इसी दौरान एक अज्ञात युवक वहां पहुंचा और उनका बैग उठाकर उन्हें पकड़ा दिया। युवक का कहना था कि वह गलती से उनका बैग उठाकर ले गया था। बताया कि कुछ देर बाद उन्होंने बैग खोलकर देखा तो उसके अंदर से चेक व अन्य दस्तावेज गायब थे। कोतवाली प्रभारी निरीक्षण मणीभूषण श्रीवास्तव ने बताया कि मामले में शिवपुर निवासी सागर चौहान को नगदी व अन्य दस्तावेजों के साथ गिरफ्तार किया गया है।




कोतवाली पुलिस की हिरासत में पकड़ा गया आरोपी

## नैनीडांडा के बैडहाट मोछण में आज भी बंद रहेगें स्कूल

**पौड़ी** : नैनीडांडा के बैडहाट मोछण में बाघ की कोई गतिविधि नहीं दिखाई दी। बाघ के इस क्षेत्र में सक्रिय होने के बाद यहां की स्कूलों को शुक्रवार तक बंद कर दिया गया है। वहीं नैनीडांडा-हल्दूखाल मोटरमार्ग पर दोपहिया वाहनों की आवाजाही पर भी रोक लगाई गई है।

गढ़वाल वन प्रभाग के डीएफओ स्वनिल अनिरुद्ध ने बताया कि इस वीडियो के बाद बाघ अभी तक नहीं दिखाई दिया। बाघ की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए ट्रैपिंग कैमरे भी लगाए गए हैं। लेकिन बाघ इनकी रेंज में भी नहीं आया। 3 अक्टूबर को बाघ ने यहां घास लेने गई महिला को मार दिया था। इसके बाद बाघ इस क्षेत्र में सक्रिय है। जिसके कारण लोगों में दहशत बनी हुई है। तभी से आस-पास के सभी स्कूलों को भी सुरक्षा के मद्देनजर बंद रखा गया है। इसी क्षेत्र में करीब छह महीने पहले बाघ ने दो लोगों को मार दिया था। इसके बाद वन विभाग ने यहां से दो बाघों को ट्रेंक्यूलाइज कर पकड़ने में सफलता हासिल की थी। लेकिन बाघ यहां दुबारा सक्रिय होने से स्थानीय लोगों में जहां दहशत हो गई वहीं वन विभाग की परेशानियों में भी इजाफा हो गया। बाघ को ट्रेंक्यूलाइज करने के लिए विभाग ने यहां टीम तैनात की है। इसके साथ ही गश्त के लिए टीम पहले से ही डेरा डाले हुए हैं।

## विज्ञान नाटिका में राउमावि आंताखोली ने मारी बाजी

### विज्ञान महोत्सव 2023 विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता संपन्न

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**थलीसैंण** : विकासखंड थलीसैंण की विज्ञान महोत्सव 2023 की प्रतियोगिता अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज चाकीसैंण में सम्पन्न हुई। प्रदर्शनी जूनियर वर्ग में स्वास्थ्य उपविषय में प्रथम गौरी धाधनखेत, द्वितीय साहिल चौहान जीएचएसएस बरेथ, तृतीय स्थान आशीष जसपुर इंटर कॉलेज ने प्राप्त किया। जबकि विज्ञान नाटिका में प्रथम स्थान राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आंताखोली, द्वितीय स्थान मुसेटी एवम् तृतीय स्थान राजकीय इण्टर कॉलेज चाकीसैंण ने प्राप्त किया।

मुख्य अतिथि डॉ. डीएस नेगी प्राचार्य व्यवसायिक महाविद्यालय बनास पौड़ी गढ़वाल ने कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत की प्रस्तुति दी। ब्लॉक विज्ञान समन्वयक आरएस रावत प्रवक्ता जीव विज्ञान ने प्रतियोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विज्ञान महोत्सव में थलीसैंण विकासखंड के 36 विद्यालयों के 161 छात्र-छात्राओं एवम् 36 मार्गदर्शक अध्यापक-अध्यापिकाओं ने प्रतिभाग किया।




विज्ञान नाटिका में 13 टीमों ने प्रतिभाग किया। विज्ञान पर्यावरण के लिए जीवन विषय पर आयोजित प्रतियोगिता में प्रथम हिमांशी जीआईसी धाधनखेत, द्वितीय वंदना, तृतीय स्थान राजकीय इण्टर कॉलेज हिवालीधर, कृषि में प्रथम आयुष खंडूड़ी राजकीय इण्टर कॉलेज स्यौली तल्ली, द्वितीय स्थान अमित राजकीय इण्टर कॉलेज जसपुर, तृतीय स्थान दिव्यांशी अटल उत्कृष्ट राजकीय इण्टर कॉलेज चाकीसैंण, सीनियर वर्ग स्वास्थ्य में प्रथम तरुण नेगी राइका धाधनखेत, द्वितीय अखिल रावत राजकीय इण्टर कॉलेज पैठाणी, तृतीय स्थान रितिका राजकीय इण्टर कॉलेज चाकीसैंण, पर्यावरण के लिए जीवन शैली में प्रथम अर्पण राजकीय इण्टर कॉलेज चाकीसैंण, द्वितीय चंद्र सिंह राजकीय इण्टर कॉलेज जसपुर, तृतीय स्थान आदित्य बिष्ट राजकीय इण्टर कॉलेज कठुरखाल, कृषि में प्रथम प्रिया राजकीय इण्टर कॉलेज गुलयारी, द्वितीय कोमल राजकीय इण्टर कॉलेज थलीसैंण, तृतीय स्थान सागर राजकीय इण्टर कॉलेज चाकीसैंण ने प्राप्त किया। संचार एवम् परिवहन में राइका थलीसैंण के आयुष रावत, सानिया, दीपिका क्रमश : प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर रहे। संगणात्मक में प्रथम स्थान अंशुल मैंडोलिया जीआईसी थलीसैंण ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता का संचालन प्रवक्ता प्रमोद कुमार एवं प्रवीण उनियाल ने किया। डॉ. आलोक कंडारी असिस्टेंट प्रोफेसर व्यवसायिक महाविद्यालय बनास पौड़ी गढ़वाल, राठ महाविद्यालय पैठाणी पौड़ी के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. प्रदीप कुमार, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. दुर्गेश नंदिनी, एलआर अंसारी प्रवक्ता जीआईसी चौरा, धर्मेन्द्र सिंह गुसांई जीआईसी मौजखाल, ओपी बोरा सहायक अध्यापक जीआईसी जाजरी ने मुख्य निर्णायक की भूमिका निभाई। इस मौके पर पदमेंद्र रौथाण, विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य श्रीमती रजनी बाला, राम विशेष यादव, मोहन सिंह रावत, पंकज रावत, अरविंद चौहान, श्रीमती नीलम थपलियाल, कैलाश रतूड़ी, तोता राम मंमगाई, कमल किशोर, अभय चौहान, श्रीमती अनीता आदि मौजूद रहे।

# जंगल में रास्ता भटके व्यक्ति को पुलिस ने जंगल में काम्बिंग कर ढूंढा

अल्मोड़ा। जंगल में रास्ता भटके व्यक्ति को पुलिस ने जंगल में काम्बिंग कर दो घंटे के भीतर सकुशल बरामद किया है। बुधवार की रात्रि में डायल 112 में पुलिस को टाना तहसील रानीखेत निवासी मोहन सिंह के चौबटिया क्षेत्र के घने जंगल में कहीं रास्ता भटकने की सूचना मिली। जिस पर पुलिस ने टीम गठित कर खोजबीन शुरू कर दी। पुलिस रात्रि में चौबटिया क्षेत्र के घने जंगल में पहुंची और काम्बिंग अभियान चलाकर तलाश शुरू की गई। पुलिस टीम द्वारा लगातार 02 घंटे तक चलाए गए काम्बिंग अभियान के परिणामस्वरुप जंगल में रास्ता भटक गये मोहन सिंह को सकुशल बरामद कर उनके परिजनों को सुपुर्द किया गया। मोहन सिंह के परिजनों ने रानीखेत पुलिस की त्वरित कार्यवाही की सराहना की। यहाँ रानीखेत पुलिस टीम में हैड कांस्टेबल दान गिरी, हैड कांस्टेबल पारस पाल, कांस्टेबल कमल गोस्वामी आदि शामिल रहे।




## विश्व गठिया दिवस पर किया जागरूक

अल्मोड़ा। विश्व गठिया दिवस के अवसर पर द हंस फाउंडेशन मोबाइल मेडिकल यूनिट बाड़ेछीना की तरफ से गुरुवार को विकासखंड के नैनी गांव में ग्रामीणों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर डॉ एम एस चौहान ने गठिया रोग के लक्षण, उपचार तथा बचाव के बारे में ग्रामीणों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गठिया रोग में जोड़ों में दर्द, सूजन और जकड़न का आना इसके मुख्य लक्षण है इसके अतिरिक्त शरीर के अन्य भाग में भी सूजन बढ़ सकती है। बताया कि गठिया रोग के लक्षण धीरे–धीरे और कई हफ्तों में बढ़ते हैं लेकिन कुछ मामलों में यह लक्षण जल्दी देखने को मिल जाते हैं। सामाजिक सुरक्षा अधिकारी प्रियंका ने ग्रामीणों को बताया कि पर्यावरण और जीवन शैली में बदलाव गठिया रोग को बढ़ावा देने मै सबसे बड़े कारण हैं।

# कुमाऊं की टैक्सियों के हरिद्वार में चालान पर संघ भड़का

हल्द्वानी। हरिद्वार में काठगोदाम और लालकुआं की टैक्सियों के चालान कटने के बाद से टैक्सी यूनियन भड़क गया है। यूनियन पदाधिकारियों का कहना है कि वाहनों के मानक और दस्तावेज पूरे होने के बाद भी उनके खिलाफ कार्रवाई की गई है। उन्होंने कार्रवाई न रुकने पर हड़ताल करने और गढ़वाल के जिलों की गाड़ियां कुमाऊं की सीमा पर रोकने की चेतावनी दी है। काठगोदाम टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष विक्रम अधिकारी ने बताया कि काठगोदाम टैक्सी यूनियन की आठ और लालकुआं टैक्सी यूनियन की सात टैक्सियां चार धाम यात्रा की बुकिंग पर गई हुई हैं। बताया कि सभी गाड़ियों का ग्रीन कार्ड पंजीकरण और ऑल इंडिया परमिट है। साथ ही दून परिवहन कार्यालय से जारी हुआ परमिट भी है। इसके साथ ही ऑनलाइन टैक्सी पंजीकरण के दस्तावेज भी पूरे हैं। इसके बाद भी कई टैक्सियों को हरिद्वार में रोककर आगे नहीं जाने दिया जा रहा है। यहां तक कि हरिद्वार में ही कई टैक्सियों के चालान भी काटे जा रहे हैं। यूनियन अध्यक्ष के मुताबिक ड्यूटी पर मौजूद अधिकारी चालकों को अपने शहर में टैक्सी चलाने की बात कहते हुए वापस भेज रहे हैं। इससे गुस्साए यूनियन पदाधिकारियों ने बताया कि अगर उनकी टैक्सियों को आगे नहीं जाने दिया जाएगा तो टैक्सी यूनियन पदाधिकारी, कर्मचारी व चालक हड़ताल करेंगे। इसके बाद भी अगर उनकी गाड़ी रोकी जाती हैं, तो गढ़वाल से आने वाली टैक्सियों को कुमाऊं की सीमा पर रोक दिया जाएगा।

## एकाउंटेंट पर 30 लाख रुपए गबन का आरोप

काशीपुर। एक एकेडमी के प्रधानाचार्य ने एकाउंटेंट पर 30 लाख रुपए की धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी पर केस दर्ज किया है। आईटीआई थाना क्षेत्र स्थित ओंकार ग्लोबल एकेडमी के प्रधानाचार्य जेएस जॉनसन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि एकेडमी में विकास पुत्र बलवंत सिंह निवासी जैतपुर घोसी एकाउंटेंट के पद पर कार्यरत है। ऑडिट के दौरान फीस रकम में गड़बड़ी पाई गई।

# ऋषिकेश के कूड़ा निस्तारण प्लांट पर सरकार से जवाब मांगा

नैनीताल। उत्तराखंड हाईकोर्ट ने ऋषिकेश गुमानीवाला के आबादी क्षेत्र में लगाए जा रहे कूड़ा निस्तारण प्लांट के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने केंद्रीय प्रदूषण बोर्ड, राज्य प्रदूषण बोर्ड, जिलाधिकारी व राज्य सरकार को चार सप्ताह में जवाब पेश करने के निर्देश दिए हैं। वहीं सुनवाई के दौरान राज्य प्रदूषण बोर्ड ने जानकारी दी प्लांट लगाने की अनुमति उनसे नहीं ली गई है। मामले में अगली सुनवाई के लिए 7 दिसंबर की तिथि नियत की है। मामले के अनुसार ऋषिकेश निवासी आशुतोष शर्मा ने जनहित याचिका दायर की है। जिसमें कहा कि नगर के मेयर ने सरकारी धन को ठिकाना लगाने के लिए आननफानन में ऋषिकेश के गुमानीवाला में कूड़ा निस्तारण प्लांट लगाने की अनुमति दे दी है। जिस क्षेत्र में यह प्लांट लगाया जा रहा है वह क्षेत्र आबादी वाला है। कूड़ा निस्तारण प्लांट में पांच शहरों के कूड़े का निस्तारण किया जाना है। केंद्रीय प्रदूषण बोर्ड की नियमावली के अनुसार यह प्लांट आबादी क्षेत्र से बाहर लगाया जाना था, परन्तु मेयर ने इसे आबादी क्षेत्र में लगाने की अनुमति दे दी। जो सुप्रीम कोर्ट के आदेश 2019 के खिलाफ भी है। सुप्रीम कोर्ट ने भी अपने आदेश में कहा था कि ऐसे प्लांट आबादी क्षेत्र से बाहर स्थापित किए जाएं। जनहित याचिका में कोर्ट से प्रार्थना की गई है कि इस पर रोक लगाई जाए।

## टनकपुर बागेश्वर रेल लाइन जल्द शुरू की जाए

चम्पावत। कांग्रेस के पूर्व विधायक हेमेश खर्कवाल ने टनकपुर बागेश्वर रेल लाइन का कार्य शीघ्र शुरू किए जाने की मांग है। उन्होंने एसडीएम के माध्यम से पीएम मोदी को ज्ञापन भेजा है।

## बीमा कंपनी को 17.75 लाख रुपये भुगतान के आदेश

काशीपुर। वाहन दुर्घटना दावा अधिकरण/ द्वितीय अपर जिला जज रीतेश कुमार श्रीवास्तव की अदालत ने बीमा कंपनी को सड़क हादसे में मृतक के आश्रितों को 17.75 लाख का भुगतान करने के आदेश दिये। कोर्ट में नई बस्ती, जसपुर निवासी परवीन जहां ने कोर्ट में क्लेमयाचिका दायर की । जिसमें कहा, 18 फरवरी 2021 को उसके पति मो. इरशाद पुत्र इलियास भतीजे मो. नौशाद के साथ अपने वाहन से जसपुर आ रहे थे।

इस दौरान पेट्रोल खत्म होने पर वाहन को सड़क किनारे खड़ा कर दिया।

# एसएसजे परिसर में छात्रों के गुटों में मारपीट



अल्मोड़ा। एसएसजे परिसर में गुरुवार को छात्रों के दो गुटों में मारपीट हो गई। यहाँ हुई मारपीट में कुछ छात्र चोटिल भी हो गए। एसएसजे परिसर में मांगों को लेकर कुछ छात्र धरने पर बैठे थे। इस दौरान छात्रों के दूसरे गुट से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई जिसके बाद मामला मारपीट तक पहुंच गया। पिछले कुछ दिनों से छात्र परिसर में मांगों को लेकर धरने पर बैठे हैं।

गुरुवार दोपहर धरने पर बैठे छात्रों और दूसरे गुट के बीच किसी बात को लेकर तनातनी हो गई जिसके बाद छात्रों में मारपीट शुरू हो गई। मारपीट में कई छात्र चोटिल हो गए जिन्हें मेडिकल हेतु बेस चिकित्सालय ले जाया गया। यहाँ परिसर में धरना प्रदर्शन से उपजा विवाद थम नहीं रहा है। परिसर में छात्र संघर्ष से दिन भर अफरातफरी का माहौल रहा। हालांकि बाद में पुलिस के पहुँचने के बाद माहौल काफी हद तक शांत रहा। मामले में छात्रों के दोनों गुटों ने कार्यवाही की बात कही है।

# सितारगंज में कच्चे आढ़तियों ने धान खरीद शुरू की



रुद्रपुर। मंडी समिति परिसर में गुरुवार से कच्ची आढ़तियों ने धान खरीद शुरू की। तहसीलदार ने धान खरीद शुरू कराई। पिछले दो दिनों से तहसीलदार धान खरीद शुरू कराने में जुटे थे। गुरुवार को पांच कच्चे आढ़ती धान खरीद के लिए पहुंचे। और कच्चे आढ़तियों को कोड आवंटित कराने के लिए तहसीलदार ने एसएमओ को आरएफसी कार्यालय पहुंचकर कोड आवंटित करने के निर्देश दिए।

11 दिनों तक धान खरीद नहीं होने से किसानों में आक्रोश था। बुधवार को तहसीलदार जगमोहन त्रिपाठी ने व्यापारियों व किसान प्रतिनिधियों को बुलाकर गुरुवार से कच्चे आढ़तियों के माध्यम से धान खरीद शुरू कराने के आदेश दिए। उन्होंने खरीद नहीं करने पर कार्यवाही की चेतावनी दी। तहसीलदार की चेतावनी का असर गुरुवार को दिखा। पांच आढ़तियों ने पांच ट्रॉलियों में धान की खरीद की।

एमओ दीपक सक्सेना ने बताया कि पांच आढ़तियों को कोड आवंटित हो गए हैं। 36 कच्चे आढ़तियों ने आवेदन किया है। देर शाम तक इन सभी को कोड आवंटित हो जायेंगे। यहां मंडी सचिव विनोद पलड़िया, राइस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष सौरभ सिंघल मौजूद रहे।

## उत्तराखंड विकास के पथ पर अग्रसरः विधायक कैड़ा

हल्द्वानी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पिथौरागढ़ आगमन पर विधायक राम सिंह कैड़ा ने गुरुवार को पिथौरागढ़ में जनता को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड के विकास को गति मिली है। आज प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत हर गांव को सड़क से जोड़ने का कार्य किया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना में लाखों मकान गरीब परिवारों के लिए बनाए गए हैं।

जल जीवन मिशन योजना के तहत हर घर नल में जल देने का कार्य किया है। वहीं ऑल वेदर मोटर मार्गों का निर्माण किया जा रहा है।

# पीएम के दौरे से उत्तराखंड को मिलेगी वैश्विक पहचानः भगत

हल्द्वानी। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विकास भगत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे से उत्तराखंड के आध्यात्मिक पर्यटक स्थलों को वैश्विक पहचान मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने पिथौरागढ़ के गुंजी में आदि कैलास, पवित्र पार्वती कुंड और जागेश्वर धाम के दर्शन कर लोगों को यहां आने के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री यहां पहुंचे। मुख्यमंत्री धामी की यह दूरदृष्टि है कि वह उत्तराखंड में सांस्कृतिक और धार्मिक पर्यटन को विश्व स्तर पर नई पहचान दिलाना चाहते हैं। इसी मंशा से उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को उत्तराखंड आमंत्रित कर लोगों का ध्यान आदि कैलास व जागेश्वर धाम की तरफ आकर्षित किया है। इससे पहले भी मुख्यमंत्री के अनुरोध पर प्रधानमंत्री मोदी उत्तराखंड के रामनगर व ऋषिकेश में जी–20 सम्मेलन कराकर क्षेत्र को वैश्विक पहचान दिला चुके हैं। मुख्यमंत्री धामी के इस प्रयास से उत्तराखंड में आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

## पांच दिन से लापता युवक की लिखाई गुमशुदगी

बागेश्वर। कोतवाली पुलिस क्षेत्र के अंतर्गत एक युवक पांच दिन से लापता है। परेशान परिजनों ने उसकी पुलिस में गुमशुदगी दर्ज कराई है। पुलिस से खोजबीन में मदद की मांग की है। चौगांवछीना ग्राम पंचायत के घटगाड़ निवासी भूपाल सिंह मेहता ने पुलिस को प्राथमिकी दी। कहा कि उनका पुत्र 38 वर्षीय राजेंद्र सिंह मेहता बीते आठ अक्टूबर को घर से सुबह आठ बजे निकला। वह घर नहीं लौटा है। उसकी काफी खोजबीन की गई। रिश्तेदार आदि के यहां भी गए, लेकिन उसका पता नहीं चल रहा है। वह इसबीच मानसिक रूप से परेशान चल रहा है। उसका चिकित्सकीय उपचार चल रहा है। पांच दिन के बाद घर नहीं लौटने पर किसी अनहोनी की आशंका भी सता रही है।

# उच्च शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत से कुलपति प्रो सतपाल बिष्ट ने की भेंटवार्ता



अल्मोड़ां। सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा के कुलपति प्रो.सतपाल सिंह बिष्ट ने उत्तराखंड के उच्च शिक्षामंत्री डॉ धन सिंह रावत से सर्किट हाउस में मुलाकात कर विश्वविद्यालय के उन्नयन के लिए वार्ता की। इस मुलाकात के दौरान उच्चशिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने कुलपति प्रो सतपाल सिंह बिष्ट को सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के विकास के लिए अपना पूर्ण सहयोग देने की बात कही। उन्होंने आगे कहा कि विश्वविद्यालय में पर्वतीय छात्रों के लिए रोजगारपरक पाठ्यक्रमों का संचालन करे, ताकि युवा रोजगारपरक पाठ्यक्रमों का अध्ययन कर शीघ्र रोजगार पा सकें। उन्होंने कहा कि यह विश्वविद्यालय नवीन शिक्षा नीति–2020 को सफलतापूर्वक क्रियान्वित करे। विश्वविद्यालय में बेहतर से बेहतर शोध किये जाएं और बेहतर शैक्षणिक माहौल बनाया जाए। सर्किट हाउस में विश्वविद्यालय को लेकर विस्तार से वार्ता हुई। सर्किट हाउस में हुई मुलाकात के दौरान विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ भाष्कर चौधरी मौजूद रहे।

## बिना डिग्री संचालित क्लीनीक को सील कर लगाया 10 हजार का जुर्माना

हल्द्वानी। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गुरुवार को बनभूलपुरा क्षेत्र में संचालित एक क्लीनिक को सीज कर उस पर 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। एसीएमओ डॉ. श्वेता भंडारी ने बताया कि विभाग को बनभूलपुरा में अवैध तरीके से क्लीनिक संचालित होने की शिकायत मिली थी। इस पर एसीएमओ ने गुरुवार को टीम के साथ मोहम्मदी चौक स्थित हसन क्लीनिक में छापा मारा। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जांच में पाया कि क्लीनिक का संचालन बिना किसी वैध डिग्री के किया जा रहा था। मौके पर ही क्लीनिक को सील कर संचालक पर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। एसीएमओ ने बताया कि संचालक को तीन दिन के अंदर वैध प्रपत्र कार्यालय में प्रस्तुत करने होंगे।

# किसान अपना धान बिचौलियों के हाथों बेचने को मजबूरः आर्य



रुद्रपुर। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने ने कहा कि प्रदेश का किसान अपने को ठगा महसूस कर रहा है। छोटे–मझोले काश्तकार अपना धान बिचौलियों के हाथों बेचने को मजबूर हैं। वहीं सरकार ने अतिवृष्टि से फसलों को हुए नुकसान का न तो कोई सर्वे कराया और न ही किसानों को मुआवजा दिया। उन्होंने खुद के लोकसभा चुनाव न लड़ने की बात दोहराई। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी नेतृत्व का जो भी निर्देश होगा, उसे मानूंगा। गुरुवार को लोनिवि सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता में नेता प्रतिपक्ष आर्य ने कहा कि कांग्रेस लोकसभा और नगर निकाय चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि प्रशासन की सांठगांठ से किसानों को फसल का उचित दाम नहीं मिल पा रहा है। गेहूं की फसल तराई व हरिद्वार में अतिवृष्टि से बर्बाद हो गई। बेमौसमी सब्जियां, दाल का नुकसान हुआ, लेकिन सरकार ने न तो कई सर्वे कराया और न ही मुआवजा दिया। बीमा कंपनियां किसानों को फसलों का बीमा देने में कोताही बरत रही हैं। सरकार का कहना था कि किसानों की आय दोगुना कर देंगे, लेकिन किसानों के गन्ने का भुगतान नहीं किया जा रहा है। बाजपुर के 20 गावों के किसानों से उनकी भूमि का मालिकाना हक छीन लिया गया है। अतिक्रमण के नाम पर गरीब उजाड़े जा रहे हैं। प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त होने के साथ माफिया राज कायम है। इस मौके पर विधायक गोपाल राणा, पालिकाध्यक्ष सोनी राणा, पीसीसी सदस्य बॉबी राठौर, नगर अध्यक्ष रवीश भटनागर, मेहंदी हसन, बाबूदीन, राशिद अंसारी, राजकिशोर सक्सेना, विजय कुमार, दान सिंह राणा, शमीम अंसारी, नासिर खान, प्रदेश सचिव रेहान अंसारी, नीरज कन्याल, मान सिंह, भजन सिंह, माधव चंद रहे।

# धूमधाम से मनाया गया आईटीआई हल्द्वानी का द्वितीय दीक्षांत समारोह

हल्द्वानी। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान हल्द्वानी का द्वितीय दीक्षांत समारोह धूमधाम से मनाया गया। समारोह में विभिन्न व्यवसायों में सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले 55 प्रशिक्षार्थियों को पदक और प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। छात्र–छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की दिलकश प्रस्तुति दी। संस्थान के परिसर में आयोजित दीक्षांत समारोह का मंगलवार को मुख्य अतिथि निदेश-ाक, कौशल विकास प्रशिक्षण एवं सेवायोजन संजय कुमार और विशिष्ट अतिथि संयुक्त निदेशक अनिल कुमार त्रिपाठी ने दीप जलाकर शुभारंभ किया। उन्होंने तकनीकी के वर्तमान युग में कौशल विकास को महत्वपूर्ण बताया। प्रशिक्षणार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए अर्जित ज्ञान को आजीविका का जरिया बनाने का आह्वान किया। निदेशक संजय कुमार ने सर्वोच्च अंकों के साथ संस्थान में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्लंबर व्यवसाय के रंजीत कुमार, द्वितीय स्थान पर रहे अभिषेक कुमार कश्यप व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले संजय साहू को शील्ड व पदक देकर सम्मानित किया। प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले कुल 55 छात्र–छात्राओं को पदक और प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। साथ ही इस मौके पर स्वच्छता ही सेवा पोस्टर प्रतियोगिता के विजेता संजीव कुमार, कंचन शर्मा, नेहा साहू को भी सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य आरएस मतीलिया ने संस्थान की वार्षिक आख्या पेश की। कार्यक्रम में टाटा स्टाइव के सुभाष डबराल, कार्यादेशक रेखा आर्या, बीना जोशी, मोहन सिंह मेहरा सहित अनुदेशक व स्टाफ के सदस्य उपस्थित रहे।

## संजय रेलवे पार्क से मिला अज्ञात शव

रुद्रपुर। पुलिस ने संजय रेलवे पार्क से अज्ञात शव बरामद किया है। बाजार चौकी प्रभारी संदीप पिलख्वाल ने बताया कि मृतक की उम्र लगभग 50 वर्ष होगी।

## लिंगानुपात में सुधार लाने को अभियान चलाएं

चम्पावत। डीएम नवनीत पांडेय ने लिंगानुपात में सुधार लाने के लिए जागरुकता अभियान चलाने को कहा है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं की जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक में उन्होंने जन्म लेने वाले बच्चों की जानकारी आंगनबाड़ी केंद्रों में नियमित रूप से अपडेट करने के निर्देश दिए। गुरुवार को कलक्ट्रेट में हुई बैठक में डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए। जिला कार्यक्रम अधिकारी आरपी बिष्ट ने बताया जिले में लिंगानुपात में सुधार हुआ है। बताया कि बेटी जन्मोत्सव, गोद भराई, गर्भवती, धात्री और बच्चों के पोषण कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

# आधार कार्ड को बैंक से लिंक नहीं कराने पर बंद होगी छात्रवृत्ति

हल्द्वानी। जिला समाज कल्याण अधिकारी दीपांकर घिल्डियाल ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2022–23 के छात्र–छात्राओं को पूर्वदशम एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत छात्रवृत्ति का ऑनलाइन भुगतान शासन, आईटी सेल स्तर से पीएफएमएस के माध्यम किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि इसमें कक्षा 9–10 में 480 छात्र–छात्राएं, कक्षा 11–12 में 345 और कक्षा 12 से ऊपर 200 कुल 1025 छात्र–छात्राओं ने अपने बैंक खाता आधार नंबर से लिंक नहीं कराए हैं। आधार में त्रुटि होने के कारण संबंधित विद्यालय, शिक्षण संस्थानों में छात्रवृत्ति का भुगतान नहीं हो पा रहा है। कहा कि जिन छात्र–छात्राओं के आधार नंबर बैंक खाते से लिंक नहीं हैं वे अपने बैंक में एक सप्ताह के भीतर आधार नंबर लिंक कराना सुनिश्चित करें। आधार नंबर बैंक खाते से लिंक न होने पर भविष्य में भी छात्रवृत्ति का भुगतान होना संभव नहीं हो पाएगा।

## शांतिपुरी में पहले दिन 115 कुंतल धान तुला

रुद्रपुर। शांतिपुरी में गुरुवार को प्रधान चंद्रकला बिशन कोरंगा ने सरकारी धान खरीद केंद्र का विधिवत शुभारंभ किया। पहले दिन किसान देवी दत्त जोशी, बिशन सिंह, दिक्षांत खाती, त्रिलोक सिंह खाती समेत कुल पांच किसानों ने अपना धान सरकारी क्रय केन्द्र पर बेचा। केन्द्र प्रभारी जीवन सिंह रौतेला ने बताया कि पहले दिन कुल 115 कुंतल धान खरीद सरकारी रेटों पर हुई है।

# महत्वपूर्ण शब्दावली कमरे के अंदर नहीं बल्कि देश भर में घूमकर बनाई जाएगी : प्रो. झा



**जयन्त प्रतिनिधि।**

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन गढ़वाल विश्विद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा वैज्ञानिक तथा तकनीक शब्दावली आयोग, उच्च शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के सौजन्य से एकेडमिक एक्टिविटी सेंटर चौरास में दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि प्रो. गिरीश नाथ झा ने कहा कि गढ़वाल क्षेत्र बहुत सुंदर और बहुआयामी क्षेत्र है। गढ़वाली भाषा पर वर्तमान में बहुत शोध कार्य हो रहा है। भारत बहुभाषायी देश है। एक वाक्य को हम अलग-अलग भाषाओं में अलग-अलग तरह से उपयोग करते है। यह हमारी बहु भाषायी विरासत है। प्रो. झा ने कहा कि महत्वपूर्ण शब्दावली कमरे के अन्दर नहीं बल्कि देश भर में घूमकर बनायी जाती है, ताकि तकनीकी शब्दावलियों में स्थानीयता और भारतीयता की झलक आए। इससे आम लोग भी तकनीकी शब्दावलियों का सहजता से उपयोग कर पाते है। हमारा उद्देश्य है कि सभी विद्यालयों और विश्वविद्यालयों में भारतीय भाषाओं में तकनीकी शब्दावली का उपयोग कर पुस्तकें लिखी जाय, ताकि नयी पीढ़ी अपनी भाषाओं में ज्ञान प्राप्त कर सके। वैज्ञानिक एवं तकनीकी शब्दावली मंत्रालय देश भर से अलग-अलग भाषाओं में शब्दावलियों का निर्माण कर ज्ञान और समझ को आसान बनाना चाहता है, ताकि देशभर में अलग अलग भाषाओं वाले विद्यार्थियों के ज्ञान में भाषा रुकावट न बने। इस दो दिवसीय कार्यशाला का मुख्य विषय "संसदीय लोकतांत्रिक परम्परा में तकनीकी शब्दावली का महत्व" है। जिसमें देश भर के विषय विशेषज्ञ जुटकर संसदीय तकनीकी शब्दावली के विकास एवं संवर्धन के विषय में विचार-विमर्श करेंगे। कार्यक्रम शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रो. गिरीश नाथ झा, अध्यक्ष वैज्ञानिक एवं तकनीक शब्दावली आयोग, संरक्षक गढ़वाल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. अन्नपूर्णा नौटियाल, विशिष्ठ अतिथि प्रो. काशी नाथ जेना (कुलपति हिमालयन विश्वविद्यालय देहरादून), विशेष अतिथि डॉ. शहजाद अहमद अंसारी (सहायक निदेशक, वैज्ञानिक एवं तकनीक शब्दावली आयोग), प्रो. हिमांशु बौड़ाई (संकायाध्यक्ष मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान संकाय), कार्यशाला के संयोजक प्रो. एमएम सेमवाल ने द्वीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राकेश नेगी ने किया। कार्यक्रम संयोजक प्रो. एम.एम. सेमवाल ने संसदीय लोकतंत्र में तकनीकी परिभाषिक शब्दावली के महत्व को रेखांकित करते हुए इसके इतिहास तथा वर्तमान संदर्भों के विषय में अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने जोर देकर कहा कि विषयगत शब्दों का तकनीकी स्वरूप समझे बिना इनका भावार्थ नहीं समझा जा सकता और जहां एक तरफ संसदीय तकनीकी शब्दावली को समृद्ध करने की विशेष आवश्यकता है, वहीं दूसरी तरफ इसमें विदेशी क्लिष्ट भाषा के बजाय सुगृहय भारतीय भाषाओं का उपयोग किया जाना भी नितांत आवश्यक है। दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में इसी प्रकार के तकनीकी शब्दों पर चर्चा की जायेगी। साथ ही उनके मानकीकरण हेतु आयोग को रिपोर्ट दी जायेगी। इस अवसर पर मुख्य नियंता प्रो. बीपी नैथानी, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. महावीर सिंह नेगी, मुख्य छात्रावास अधीक्षक प्रो. दीपक कुमार, प्रो. नावेद जमाल, प्रो. यूसी गैरोला, प्रो. वीरपाल सिंह चौधरी, प्रो. सुनील खोसला, प्रो. राजपाल सिंह नेगी, डॉ. दिनेश गहलोत, डॉ. सर्वेश उनियाल, डॉ. आकाश रावत, डॉ. कपिल पंवार, डॉ. आशुतोष गुप्ता, डॉ. अमित कुमार शर्मा, आचार्य कमला कान्त मिश्र, डॉ. एम.पी. मिश्रा, डॉ. ममता त्रिपाठी, डॉ. अजय कुमार मिश्रा आदि मौजूद थे।

## गढ़वाल विवि भारतीयता व स्थानीयता को दे रही बढ़ावा

गढ़वाल विश्वविद्यालय की कुलपति अन्नपूर्णा नौटियाल ने वैज्ञानिक एवं तकनीकी शब्दावली आयोग का कार्यशाला के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि यह कार्यशाला विश्वविद्यालय को तकनीकी शब्दावलियों से संपन्न बनाएगी। गढ़वाल विश्वविद्याल भाषाओं के विषय में भारतीयता व स्थानीयता को बढ़ावा दे रहा है। नई शिक्षा नीति के ड्राफ्ट को गढ़वाल विश्वविद्यालय ने गढ़वाली भाषा में अनुवाद किया है। गढ़वाल विश्व विद्यालय के दीक्षांत समारोह की स्मारिका अब तीन भाषाओं हिंदी, अंग्रेजी और गढ़वाली भाषा में होगी। हम अपने छात्रों को ज्ञान की भाषायी बाध्यता से दूर करना चाहते है। इसके अलावा विश्वविद्यालय यह भी प्रयास कर रहा है कि विद्यार्थियों को अपनी मातृभाषा के अलावा दूसरी भाषा का भी ज्ञान हो, इसके लिए विश्व विद्यालय ने डिप्लोमा व प्रमाण पत्र कोर्स शुरू किये है।

# शहीद सैनिकों के सम्मान में निकाली कलश यात्रा



**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत पाबौ में आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पाबौ के खंड विकास अधिकारी टीएस रावत के निर्देशन में भव्य कार्यक्रम किया गया। जिसके तहत अमृत कलश यात्रा निकाली गई, जो ब्लाक कार्यालय से निकली। इस मौके पर मुख्य अतिथि विधायक पौड़ी राजकुमार पोरी ने शहीद सैनिकों के परिजनों को अंग वस्त्र ओढ़कर सम्मानित किया। वहीं विकासखंड कार्यालय सभागार में कॉलेज एवं स्कूली छात्राओं ने देशभक्ति गीतों की प्रस्तुतियां भी दी।

कलश यात्रा में दर्जनों महिलाओं सहित क्षेत्रीय ग्रामीण जनप्रतिनिधियों सहित साथ चल रहे थे। यात्रा से पूरा क्षेत्र मेरी माटी मेरा देश के रंग में रंगा नजर आया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ग्राम प्रधान अध्यक्ष अनिल नेगी ने कहा कि बलिदानी, वीर वीरांगनाओं को सम्मान देने के लिए मेरी माटी-मेरा देश अभियान की शुरुआत की गई है।

वहीं, कल्जीखाल ब्लाक में मेरी माटी मेरा देश शहीद सैनिकों के सम्मान में कलश यात्रा निकाली गई। ब्लाक प्रमुख बीना राणा कलश को अपने सिर पर ब्लाक के मुख्य द्वार से ब्लाक सभागार तक लाई।

इस अवसर मुख्य अतिथि विधायक पौड़ी राजकुमार पोरी, द्वारीखाल ब्लाक प्रमुख महेंद्र सिंह राणा, खंड विकास अधिकारी जीपी लखेड़ा, कल्जीखाल महा विद्यालय प्राचार्य बीके श्रीवास्तव, ज्येष्ठ उप प्रमुख अनिल नेगी, कनिष्ठ प्रमुख अर्जुन सिंह पटवाल, सांसद प्रतिनिधि ओमप्रकाश जुगराण, विधायक प्रतिनिधि मनोज नैथानी, बीरेंद्र बिष्ट, संतोष चंदोला, सामाजिक कार्यकर्ता जगमोहन डांगी आदि मौजूद थे।

**नैनीडांडा में निकाली कलश यात्रा**

पौड़ी : मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत नैनीडांडा विकासखंड मुख्यालय में महिला मंगल दल समूह ने कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा नैनीडांडा बाजार से ब्लाक कार्यालय तक निकाली गई। कलश यात्रा में पीपली, उटिंडा, गौला, कपलटंडा, कौला मल्ला की महिलाओं ने भाग लिया। इस दौरान ब्लाक प्रमुख प्रशांत कुमार, खंड विकास अधिकारी प्रमोद पांडे, डीपीओ जयदीप रावत, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी राकेश चौधरी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## आज गुठाई और गुरसाली के स्कूलों में रहेगा अवकाश

श्रीनगर गढ़वाल : गुलदार की दहशत के चलते स्थानीय प्रशासन ने गुठाई और गुरसाली के अंतर्गत आने वाले सभी विद्यालयों का 13 अक्तूबर को अवकाश घोषित किया है।

कीर्तिनगर ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम नौर गोरसाली में गत बुधवार को घास काटने जंगल में गई महिला पर गुलदार ने हमला कर दिया था। जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई।

घटना के बाद से क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। इससे पहले भी देवप्रयाग के जामणीखाल में एक छात्र पर गुलदार ने हमला कर दिया था। खंड शिक्षा अधिकारी देवप्रयाग/कीर्तिनगर ने बताया कि गोरसाली में गुलदार के आंतक को देखते हुए और बच्चों की सुरक्षा दृष्टिगत से गुठाई और गुरसाली क्षेत्रांतर्गत आने वाले सभी विद्यालयों में उच्च अधिकारियों से वार्ता के बाद 13 अक्तूबर को अवकाश घोषित किया गया है।

# मेधावियों को गोल्ड मेडल और पीएचडी प्रवेश परीक्षा में छूटे देने पर लगी मुहर

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन गढ़वाल केंद्रीय विवि की एकेडमिक काउंसिल की बैठक में अहम निर्णय लिए गए। बैठक में मेधावी छात्रों को गोल्ड मेडल दिए जाने के लिए तैयार की गई नियमावली अनुमोदित की गई। इसके अलावा 75 शोध छात्रों की उपाधि का अनुमोदन भी किया गया।

साथ ही यूजीसी के मानकों के तहत राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षा या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण छात्रों को पीएचडी में प्रवेश परीक्षा से छूट दिए जाने के निर्णय पर भी मुहर लगी। उन्हें साक्षात्कार के आधार पर पीएचडी में प्रवेश मिलेगा।

गढ़वाल विवि श्रीनगर के एकेडमिक काउंसिल की बैठक कुलपति प्रो. अन्नपूर्णा नौटियाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में बोर्ड ऑफ स्टडीज एवं स्कूल बोर्ड की बैठकों की अनुशंसाओं, 1 परिनियम एवं 16 अध्यादेश, 75 से अधिक शोध छात्रों की उपाधि का अनुमोदन किया गया। विवि के उप कुलसचिव डा. संजय ध्यानी ने बताया कि गढ़वाल विवि में पहली बार मेधावी छात्रों को गोल्ड मेडल दिए जाने के लिए नियमावली तैयार हुई है। उन्होंने बताया कि नियमावली में दान, अनुबंध, उसका निस्पादन, फंड के रख-रखाव को लेकर विस्तृत रुप में प्रत्येक पहलु को बारीकी से रखा गया है। शोध उपाधि पर अध्यादेश, अनुशासन समिति, विवि के अधिकारियों के नियुक्ति व सेवा नियमों से जुड़े अध्यादेश सहित 16 अध्यादेशों के प्रस्ताव भी पारित हुए। बैठक में विवि के प्रतिकुलपति प्रो. आरसी भट्ट, कुलसचिव डा. धीरज शर्मा, डीएसडब्ल्यू प्रो. महावीर नेगी आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## चित्रकला प्रतियोगिता में कृतिका रही अव्वल

श्रीनगर गढ़वालः राजकीय इंटर कॉलेज स्वीत में उत्तराखंड राज्य बाल कल्याण परिषद के सौजन्य से विकासखंड स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें खिर्सू विकासखंड की विभिन्न स्कूलों के 10 से 16 वर्ग के आयु के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए राइंका स्वीत के प्रधानाचार्य जगदंबा प्रसाद डिमरी ने सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी। चित्रकला प्रतियोगिता में राइंका स्वीत की कृतिका ने प्रथम, राइंका स्वीत की प्रिंसी ने द्वितीय और राइंका दिखोल्यूं के आदित्य कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के अंत में सभी विजेता छात्र–छात्राओं को मैडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। शिक्षक डीएस भंडारी और अनीता रावत ने प्रतियोगिता में निणार्यक की भूमिका निभाई। इस मौके पर प्रवीन बिष्ट, अनीता रावत, अर्चना, जयपाल सिंह गुसांई, शिवानी कठैत, अनिल थपलियाल, राकेश मोहन कंडारी ने सहयोग प्रदान किया। (एजेंसी)

# रुद्रप्रयाग पालिका कार्यालय पर सभासदों ने जड़े ताले

रुद्रप्रयाग। नगर पालिका में बीते पांच महीनों से बोर्ड बैठक नहीं बुलाए जाने से आक्रोशित सभासदों ने नगर पालिका कार्यालय में तालाबंदी की। इस दौरान उन्होंने नारेबाजी कर विरोध जताया। साथ ही चेतावनी दी कि यदि जल्द बोर्ड बैठक न बुलाई गई तो आंदोलन किया जाएगा। गुरुवार को पगर पालिका के सभासदों ने नगर पालिका में एकत्रित होकर मुख्य द्वार पर तालाबंदी करते हुए नारेबाजी शुरू कर दी। सभासद संतोष रावत ने कहा कि नगर पालिका की हटधर्मिता बढ़ती जा रही है। नगर की छोटी–छोटी समस्याओं के लिए उन्हें सड़क पर उतरकर आंदोलन के लिए विवश होना पड़ रहा है। नगर पालिका बोर्ड बैठक को लेकर दो माह पूर्व भी ईओ को ज्ञापन दिया जा चुका है। जबकि दो दिन पूर्व भी एक पत्र ईओ को दिया जा चुका है। फिर भी बोर्ड बैठक नहीं बुलाई गई। इससे साफ प्रतीत होता है कि नगर पालिका अध्यक्ष व अधिकारी जन समस्याओं व जनता के मुद्दों से कोई सरोकार नहीं रह गया है। सभासद सुरेंद्र रावत ने कहा कि पिछले पांच माह से अभी तक बोर्ड बैठक नहीं हुई है। जबकि नगर निकाय का एक्ट में हर माह या फिर तीन माह में बैठक का प्राविधान है। सभाषद लक्ष्मण कप्रवाण ने कहा कि नगर पालिका की कई गलतियां है। सभासद अपने क्षेत्र व जनता की समस्याओं को बोर्ड के माध्यम से रखती है, किंतु लंबे समय से बोर्ड बैठक न होने से वे अपनी बात कहां रखे।

इधर, नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी सुशील कुमार कुरील ने बताया कि सभासदों की मांग को अध्यक्ष के संज्ञान में लाया गया है। 20 अक्तूबर को बोर्ड बैठक की तिथि निर्धारित कर सभासदों को भी अवगत करा दिया गया है।

## अग्नशमन विभाग ने आग बुझाने के तरीकों से छात्र छात्राओं को अवगत कराया

विकासनगर। शिवालिक एकेडमी सेलाकुई में अग्निशमन विभाग की ओर से अग्नि सुरक्षा को लेकर छात्रों को जागरूक करने के लिए मॉक ड्रिल की गयी।

अग्निशमन के अधिकारियों व कर्मचारियों ने कूड़े और कागजों के ढेर में आग लगाकर उसे बुझाने की प्रक्रिया से छात्र–छात्राओं को अवगत कराया। गुरुवार को शिवालिक अकेडमी में सीनियर इंस्पेक्टर मुन्ना लाल एवं अन्य सदस्य रविन्द्र बिष्ट, शिव कुमार ने सबसे पहले कागज के ढेर में आग लगाकर कार्बन डाईऑक्साइड से आग को बुझा कर दिखाया।

# समूह के माध्यम से होगी महिलाओं की आर्थिकी मजबूत

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : एसबीआई के ग्रामीण प्रशिक्षण स्वरोजगार संस्थान (आरसेटी) पौड़ी के तत्वावधान में 13 दिवसीय सूक्ष्म उद्यमिता विकास प्रशिक्षण में महिलाओं को कई जानकारी दी गई। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में समूहों के माध्यम से महिलाएं अपनी आर्थिकी को मजबूत कर सकती हैं।ब्लाक यमकेश्वर के ग्राम सिरासु में आयोजित प्रशिक्षण में संस्थान की ओर से कृतिका जोशी ने स्वयं सहायता समूह को सूक्ष्म और लघु उद्योगों (एमएसएमई) की तकनीकी जानकारियां दीं। इस मौके पर पीडी डीआरडीए एसके राय ने ग्रामीणों को सरकार की ओर से संचालित कार्यक्रमों और योजनाओं की जानकारी दी। कहा कि 13 दिनी प्रशिक्षण के दौरान उन्हें विभिन्न प्रकार की सामग्रियों के निर्माण की जानकारी दी जाएगी। कहा कि सरकार की ओर से समूहों के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं संचालित हो रही हैं। जो कि मौजूदा समय में महिलाओं की आजीविका बढ़ाने में सहायक हो रही हैं। इस मौके पर आरसेटी निदेशक मीनाक्षी शुक्ला ने ग्रामीणों को प्रशिक्षण कार्यक्रम की विस्तार से जानकारियां दी।

## 7 नवंबर तक करवाएं रजिस्ट्रेशन

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : जिला स्तर पर फुटबाल प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर खेल विभाग ने कमर कस ली। ओपन 19 वर्ग की इस प्रतियोगिता के लिए तैयारियां शुरू की गई है।

## गठिया से पीड़ित व्यक्ति जी सकता है सामान्य जीवन

ऋषिकेश। विश्व अर्थराइटिस दिवस पर हिमालयन हॉस्पिटल जौलीग्रांट में जागरुकता अभियान चलाया गया। इस दौरान अस्पताल आने वाले लोगों को गठिया के लक्षण और बचाव की जानकारी दी गयी। गुरुवार को हिमालयन हॉस्पिटल में आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ रुमेटोलॉजिस्ट डॉ. योगेश प्रीत सिंह ने कहा कि शोधकर्ताओं ने अनुमान लगाया है कि भारत में कम से कम 6 करोड़ लोग किसी न किसी प्रकार के गठिया से पीड़ित हैं।

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वेदिका कंस्ट्रक्शन द्वारा ग्राम मैखोली पीठसैन तहसील थलीसैण जिला पौड़ी गढ़वाल उत्तराखण्ड में हॉटमिक्स प्लान्ट लगा रहा है। अतः सम्बन्धित जिस किसी को भी आपत्ति हो तो वह उपजिलाधिक्कारी थलीसैण/जिला अधिकारी पौड़ी गढ़वाल को अपनी आपत्ति नियत समय में कर सकते हैं।

# संस्कृत प्रतियोगिता में दिखा छात्र–छात्राओं का बेहतर प्रदर्शन

रुद्रप्रयाग। संस्कृत अकादमी द्वारा आयोजित जिला स्तरीय संस्कृत प्रतियोगिता में जनपद के विभिन्न विद्यालयों से आए प्रतिभागी छात्र–छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन किया। इस मौके पर विजेता प्रतिभागी टीमों को पुरस्कृत किया गया। पहले दिन मुख्य अतिथि रुद्रप्रयाग विधायक भरत सिंह चौधरी ने छात्र–छात्राओं को संस्कृत के महत्व और इसकी प्रासंगिता पर व्यापक प्रकाश डाला। जबकि समापन अवसर पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अमरदेई शाह ने पुरस्कार वितरण किया। अटल उत्कृष्ट स्वामी सच्चिदानंद राइंका रुद्रप्रयाग में दो दिवसीय जिला स्तरीय संस्कृत प्रतियोगिता में विधायक ने कहा कि उत्तराखंड सरकार ने संस्कृत भाषा को द्वितीय राजभाषा का दर्जा दिया जाए। विधानसभा की स्थाई समिति में संस्कृत प्रोत्साहन समिति का गठन किया गया है। इस मौके पर प्रतियोगिता के सह संयोजक विनोद प्रकाश भट्ट ने कहा कि इस प्रतियोगिता में 36 विद्यालयों ने प्रतिभाग किया है। पहले दिन जूनियर वर्ग की प्रतियोगिता हुई जबकि गुरुवार को सीनियर वर्ग की प्रतियोगिता होगी। ब्लॉक स्तर के बाद चयनित छात्र–छात्राओं की जनपद स्तरीय प्रतियोगिता हुई है जिसमें दोनों वगी में चयनित विद्यालय के छात्र–छात्राएं प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होंगी। कार्यक्रम का संचालन खंड संयोजक गंगाराम सकलानी, सच्चिदानंद सेमवाल ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर संस्कृत नाटक में राइंका रुद्रप्रयाग प्रथम, राजूहा खड़िया उखीमठ द्वितीय और राउमावि थाती दिग्धार तृतीय रहा। संस्कृत समूहगान में राइंका रुद्रप्रयाग प्रथम, राइंका मणिगुह द्वितीय, एमएल पब्लिक स्कूल नाला गुप्तकाशी तृतीय रहा। संस्कृत समूह नृत्य में राइंका रुद्रप्रयाग प्रथम, राइंका जयंती कोठियाडा द्वितीय, राइंका रामाश्रम तृतीय रहा। संस्कृत वाद विवाद में राउमावि बष्टी प्रथम, राइंका पठालीधार द्वितीय, संस्कृत महाविद्यालय शोणितपुर तृतीय रहा। संस्कृत आशुभाषण में राइंका ग्वैफड़ प्रथम, राइंका पांजणा द्वितीय, राइंका रामाश्रम तृतीय रहा। श्लोकाचारण में नागेंद्र इंटर कॉलेज बजीरा प्रथम, राउमावि बष्टी द्वितीय, राइंका रुद्रप्रयाग तृतीय रहा।

यह लोग थे मौजूद– जनपद संयोजक प्रधानाचार्य हरेंद्र बिष्ट, सह संयोजक विनोद प्रकाश भट्ट, खंड संयोजक गंगाराम सकलानी, जखोली जगदम्बा प्रसाद चमोली, प्रधानाचार्य राजवीर भदौरिया, राजेंद्र सेमवाल, प्रवक्ता रीता सेमवाल, नागेंद्र नेगी, मनोज थापा, कमलेश किशोर पांडेय, रमेश मैठाणी, नरेश जमलोकी, डीपी कोठारी आदि मौजूद थे।

## लंबगांव में छात्रों ने अमृत कलश यात्रा निकाली

नई टिहरी। फूल सिंह बिष्ट राजकीय महाविद्यालय नौघर की एनएसएस इकाई ने मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. डा.योगेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में अमृत कलश यात्रा निकाली। महाविद्यालय प्राचार्य ने छात्रों द्वारा अपने अपने गांवों से लाई गई मिट्टी को भारत सरकार द्वारा निर्दिष्ट पंच प्रण की प्रतिज्ञा के साथ कलश में स्थापित किया और छात्र छात्राओं को देश की एकता और अखंडता की शपथ दिलाई। प्राचार्य ने कहा कि देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को लेकर सभी को मिलकर आगे बढ़ना है। डा. सतेन्द्र कुमार पांडेय ने आजादी के अमृत महोत्सव पर भारत के धरती से चांद तक बढ़ते कदम, आर्थिक, सामाजिक उपलब्धियों की रूपरेखा रखते हुए छात्रों से इन्हें आगे बढ़ाने का आह्वान किया। डा. शुभम उनियाल छात्रों को देश के लिये बलिदान देने वाले अमर सपूतों की विरासत को संजोए रखने और देश के विकास के अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा से करने का संकल्प दिलवाया। मौके पर डा. तरुण मोहन,डा. भरत राणा, मयनी चौधरी, प्रियंका डिमरी, धनेश उनियाल, अजीत राणा, बलवीर चौहान, अरविंद, मनीषा लोकेन्द्र सहित छात्र–छात्राएं मौजूद थे।

## जोला के ग्रामीणों ने सीएम को भेजा ज्ञापन

चमोली। थराली के ग्राम पंचायत जोला के ग्रामीणों ने उप जिला अधिकारी थराली रविंद्र जुवाठा के माध्यम से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन भेजा है। ग्रामीणों ने लंबे समय से वन भूमि में निवासरत 50 से अधिक परिवारों का कब्जा न हटाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि वर्ष 1936 में ग्राम पंचायत जोला में देवीय आपदा के कारण भारी भूस्खलन के चलते खेत– खलिहान तथा मकान ध्वस्त हो गए थे, जिस कारण ग्रामीणों ने वन पंचायत की भूमि पर निर्माण किया था। वर्तमान में वन विभाग द्वारा ग्रामीणों को नोटिस के माध्यम से घर खाली करने का आदेश दिया है, जिस कारण ग्रामीणों में रोष बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि वे कई पीढियों से इस भूमि पर रहते आ रहे हैं अगर विभाग द्वारा उन्हें जबरन घर से बेघर किया जाता है तो वे न्यायालय की शरण लेने को मजबूर होंगे ।

## योग में संस्कृत विश्वविद्यालय को दो स्वर्ण व एक रजत

नई टिहरी। उत्तराखंड राज्य योगासन चैंपियनशिप में केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर देवप्रयाग के छात्रों ने दो स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक जीते।

राज्य स्तर के विजेता छात्र अब राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। योगा एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड की ओर से देहरादून में आयोजित 15वीं चैंपियनशिप में रघुनाथ कीर्ति परिसर के छात्र–छात्राओं ने पदक प्राप्त किए। स्पर्धा में श्री परिसर देवप्रयाग के छात्र चिराग शर्मा व आरती ने स्वर्ण पदक, प्रतीक सिंह चौहान ने रजत एवं रजत शर्मा व गौरव ने कांस्य पदक जीते। पहली बार परिसर के छात्रों ने इस स्पर्धा में भाग लिया था। परिसर के छात्रों के श्रेष्ठ प्रदर्शन पर निदेशक प्रो. पीवीबी सुब्रह्मण्यम ने कहा कि, उत्तराखंड में संस्कृत शिक्षा के साथ ही यह परिसर योग शिक्षा का भी महत्वपूर्ण केंद्र सिद्ध होगा। योग प्रतियोगिता का मार्गदर्शन योग विज्ञान प्राध्यापिका डॉ. रश्मिता ने किया था।

## बालिका अधिकारों के प्रति किया जागरुक

नई टिहरी। हंस फाउंडेशन की ओर से राजकीय उच्चतर प्राथमिक विद्यालय डोडग थापला व मोटणा में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में फाउंडेशन की ओर से स्कूली बच्चों व शिक्षकों को बालिका शिक्षा तथा भ्रूण हत्या की जानकारी दी गई।


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा सूचना**

| | |
|---|---|
| विभाग: | Electrical (TRD) |
| टेंडर नं.: | T-06-TRD-MB-23-24-III |
| कार्य का नाम: | ओएचई संशोधन अर्थात प्रावधान फुट ओवर ब्रिज और उच्च स्तर नजीबाबाद, नगीना में प्लेटफार्म, सियोहारा, गजरौला, हर्रावाला, रुड़की और एमबी डिवीजन के कोटद्वार स्टेशन। |
| निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक एवं समय: | 02.11.2023, 15:00 Hrs. |
| कार्य की अनुमानित लागत (₹): | Rs. 2,39,41,486.90/- (Including GST) |
| बिड सिक्यूरिटी राशि (₹): | Rs. 2,69,700/- |
| निविदाप्रपत्र मूल्य (₹): | NIL |
| ऑफर की वैधता (दिन) : | 60 days |
| कार्य पूरा करने की अवधि: | 12 Months |
| वेबसाइट एवं कार्यालय का पता | www.ireps.gov.in कार्यालय मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद |

निविदा सूचना सं.: Elect/TRD/MB/2023-24/TN-22 दिनांक: 11.10.2023 3166/23

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विदयुत अभियंता (टी आर डी) मुरादाबाद के द्वारा ई टेंडर संख्या नं. **एम–1–ओटी–ए.एम.सी–एफ.एस.डी–एमबी–23** के अंतर्गत खुली निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। जिसके बंद होने की तिथि व समय 01.11.2023 15:00 बजे है, जो उसी दिन 15:30 बजे वैबसाइट **www.ireps.gov.in** पर खोली जाएंगी। इस टेंडर के अंतर्गत मैनुअल ऑफर स्वीकार्य नहीं होगे। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। टेंडरेर ध्यान दें कि निविदा मूल्य एवं धरोहर राशी का भुगतान वह केवल ऑनलाइन पेमेंट के माध्यम से, जो कि ई–निविदा बेवसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है, जैसे कि नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ही स्वीकार्य है। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर्स चेक जमा रशीदें, एफडीआर आदि के माध्यम से अनुमति नहीं है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | "ए.एम.सी (एनुअल मेंटेनेंस कॉन्ट्रैक्ट) ऑफ 450 नं0. जी. पी. एस. बेस्ड फोग सेफ डिवाइस ऑफ मुरादाबाद डिविजन का कार्य 01 वर्ष की अवधि के लिए." | | |
| निविदा टाइप | खुली निविदा | बिडिंग स्टाइल | सिंगल पैकट सिस्टम |
| टैडर बन्द होने की दिनांक एंव समय | 01.11.2023 15:00 बजे | निविदा टाइप | सर्विस |
| एडवेरटाज्ड वेल्यू | रू. 44,32,967.36 (इंक्लूसिव ऑफ आल टैक्सेज एंड चार्जेज इल्क्लुडिंग जीएसटी) | | |
| धरोहर राशि (रू) | रू. 88,700/– | ऑफर की वैधता | 60 दिन |
| निविदा मूल्य (रू) | रू. 5,000/– | कार्य की अवधि | 01 वर्ष |

नं. एम–1–ओटी–ए.एम.सी–एफ.एस.डी,एमबी–23 दिनांक: 11.10.2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3157/23

सम्पादकीय

# प्रधानमंत्री का उत्तराखंड प्रेम

उत्तराखंड के प्रति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का खास लगाव एक बार फिर सामने आया है। उत्तराखंड में पर्यटन की असीम संभावनाओं को देखते हुए प्रधानमंत्री ने पर्यटन और तीर्थाटन से जुड़े कई परियोजनाओं को सहायता देने का ऐलान किया है। इसके अलावा पिथौरागढ़ जिले में ग्रामीण विकास, सड़क, बिजली, सिंचाई, पेयजल, बागवानी, शिक्षा, स्वास्थ्य और आपदा प्रबंधन सहित अन्य क्षेत्रों में लगभग 4200 करोड़ रुपये की अनेक विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखते हुए इन परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया गया। उत्तराखंड को राज्य के रूप में अलग दर्जा मिले हुए 23 वर्ष हो चुके हैं और हर सरकार की यह कोशिश रहती है कि राज्य अपने संसाधनों से अधिक से अधिक आय सृजन के साधन प्राप्त करें। उत्तराखंड में पर्यटन एवं तीर्थाटन राजस्व अर्जित करने का एक बड़ा माध्यम है। खास तौर से उत्तराखंड के पर्यटक स्थल एवं चार धाम यात्रा पर्यटन की दिशा में खास महत्व रखते है। इस साल उत्तराखंड में चारधाम यात्रा के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या लगभग 50 लाख होने वाली है। बाबा केदार के आशीर्वाद से केदारनाथ धाम के पुनर्निर्माण का पहला चरण पूरा हो चुका है। श्रीबद्रीनाथ धाम में भी सैकड़ों करोड़ रुपये की लागत से अनेक कार्य किये जा रहे हैं। केदारनाथ धाम और हेमकुंट साहिब में रोपवे का काम पूरा होने के बाद होने वाली तीर्थ यात्रियों को काफी सुविधा होगी। उत्तराखंड के दूरस्थ एवं चार धाम यात्रा क्षेत्र में कनेक्टिविटी हमेशा से एक बड़ी समस्या रही है लिहाजा अब केंद्र सरकार की मदद से केदारनाथ और मानसखंड के बीच कनेक्टिविटी पर मानसखंड मंदिर माला मिशन कुमाऊं क्षेत्र के कई मंदिरों तक पहुंच को आसान बनाएगा और भक्तों को इन मंदिरों में आने के लिए प्रोत्साहित करेगा।निश्चित तौर पर उत्तराखंड में आने वाले समय में पर्यटन क्षेत्र का काफी विस्तार होने वाला है धार्मिक एवं पर्यटन के क्षेत्र में उत्तराखंड अपनी एक अलग पहचान बना रहा है और आज पूरी दुनिया भारत आना चाहती है। और जो कोई भी भारत को देखना चाहता है वह निश्चित रूप से उत्तराखंड आना चाहेगा। प्राकृतिक आपदाओं से जूझने वाले उत्तराखंड को अगले 5 वर्षों में विभिन्न परियोजनाओं के माध्यम से 4000 करोड रुपए की मदद केंद्र सरकार करेगी जो उत्तराखंड के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। उत्तराखंड के पृथ्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हमेशा से ही लगाव रहा है और अपनी हर उत्तराखंड यात्रा के दौरान उन्होंने प्रदेश के लिए कुछ ना कुछ परियोजनाएं घोषित की है। कहीं ना कहीं ऐसा लगता है कि उत्तराखंड में डबल इंजन की सरकार का फार्मूला कारगर साबित हो रहा है और यदि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी इसी प्रकार से राज्य के विकास के हित की योजनाओं के प्रस्ताव केंद्र तक पहुंचकर सहायता लेने में कामयाब होते हैं तो उत्तराखंड के विकास में उनका योगदान अविस्करणीय बना रहेगा। केंद्र में भाजपा की सरकार होने का लाभ निश्चित तौर पर भाजपा शासित प्रदेशों को मिलने आया है। उत्तराखंड के मामले में प्रधानमंत्री का नजरिया हमेशा से ही काफी उदार एवं सहयोगात्मक रहा है।

# कहीं आप भी तो नहीं करती शेपवियर का इस्तेमाल, इसे रोजाना पहनने के हैं यह साइडइफेक्ट्स

महिलाएं शेपवियर पहनना काफी ज्यादा पसंद करती हैं. ऐसा इसलिए क्योंकि इसे पहनने के बाद किसी भी साइज और शेप की महिला फिट एंड कॉन्फिडेंट दिखती हैं. आम बोलचाल की भाषा में यह कहना गलत नहीं होगा कि बॉडी को एक परफेक्ट शेप में दिखाने के लिए अक्सर महिला शेपवियर का इस्तेमाल करती है. स्लिमिंग बॉडी सूट से लेकर टमी कंट्रोल पैंटी तक का इस्तेमाल अक्सर महिला इसी वजह से करती है. हममें से कई ऐसी महिला हैं जो खुद को प्रेजेंटेबल बनाने के साथ-साथ कॉन्फिडेंट दिखने के लिए शेपवियर का इस्तेमाल करती है. लेकिन बहुत सारी महिलाओं को यह पता नहीं है रोजाना शेपवियर पहनने से शरीर पर इसके कई सारे साइड इफेक्ट्स दिख सकते हैं.



**शेपवियर कैसे यूटीआई और यीस्ट इंफेक्शन का बनता है कारण**

आपकी जानकारी के लिए बता दें कि रोजाना शेपवियर का इस्तेमाल सेहत के लिए काफी ज्यादा नुकसानदायक है. हेल्थ एक्सपर्ट और डॉक्टर्स के मुताबिक यह यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन से लेकर यीस्ट इंफेक्शन तक का खतरा बना रहता है. आज हम इस आर्टिकल के जरिए इसे रोजाना पहनने के साइड इफेक्ट्स के बारे में जानेंगे.

**शेपवियर पहनने से हो सकती हैं महिलाओं को यह बीमारी**

**यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन** रोजाना शेपवियर पहनने से यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन (यूटीआई) होने का खतरा बढ़ सकता है. कपड़े के ज्यादा फिट होने के कारण यूरिनरी के पूरे फंक्शन पर दबाव पड़ सकता है. जिसके कारण यूरिनरी टैक्ट में बैक्टीरिया पनप सकता है. जिसकी वजह यूटीआई होने की संभावना बढ़ सकती है. कुछ शेपवियर पहनने से यूथेरा में जलन या असुविधा पैदा होती है. अगर आपको भी ऐसी दिक्कत हो रही है तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें नहीं तो इंफेक्शन का खतरा बढ़ जाएगा.

**यीस्ट इंफेक्शन** शेपवियर जैसे टाइट-फिटिंग कपड़े पहनने से वजाइनल एरिया में जलन, गर्मी हो सकती है. जिसके कारण यीस्ट पनपने का खतरा बढ़ जाता है. इतनी टाइट फिटिंग कपड़ा पहने से आपको उस एरिया में खुजली और जलन हो सकती है. यदि आपको उस जगह पर खुजली हो रही है तो तुरंत डॉक्टर से सलाह लें.

**स्किन इंफेक्शन** बहुत अधिक टाइट शेपवियर पहनने से आपके स्किन पर इंफेक्शन हो सकता है. जिसके कारण स्किन पर जलन और इफेक्शन फैल सकता है. इसकी वजह से त्वचा पर कट या खरोंच भी आ सकते हैं. शेपवियर पहनने से आपको उस एरिया में लाल दाग और सूजन हो गया है तो आपको बचकर रहना चाहिए.

# पांच राज्यों के चुनाव क्यों खास, अहम ?

**अजीत द्विवेदी**




**2018 के विधानसभा चुनाव में इन पांचों राज्यों में भारतीय जनता पार्टी हारी थी। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में तो उसने 15 साल की अपनी निर्बाध सत्ता गंवाई थी। दोनों राज्यों में भाजपा 2003 से राज में थी और 2018 में हार कर सत्ता से बाहर हुई थी। राजस्थान में हर पांच साल पर राज बदलने का रिवाज कायम रहा था। उत्तर भारत के हिंदी भाषी तीनों राज्यों में कांग्रेस ने सरकार बनाई थी। उधर तेलंगाना में के चंद्रशेखर राव की पार्टी ने लगातार दूसरा चुनाव जीता था। कांग्रेस दूसरे तो भाजपा चौथे नंबर की पार्टी रही थी। मिजोरम में मिजो नेशनल फंट की जीत हुई थी और कांग्रेस व भाजपा दोनों एक एक सीट जीत पाए थे।**

चुनाव आयोग ने पांच राज्यों- राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम के विधानसभा चुनावों की घोषणा कर दी है। इस बार भी आयोग ने एक दिन की बजाय पांच राज्यों के चुनाव को चार दिन में कराने का फैसला किया है। सात से 30 नवंबर के बीच मतदान होगा, जिसके लिए अक्टूबर के अंत में अधिसूचना जारी होगी। इस तरह चुनाव करीब सवा महीने चलेगा और नौ अक्टूबर से तीन दिसंबर तक करीब दो महीने आचार संहिता लगी रहेगी। सोचें, यही चुनाव आयोग पूरे देश में सारे चुनाव एक साथ कराने को तैयार रहता है! बहरहाल, इन चुनावों को लोकसभा चुनाव के लिए सेमीफाइनल कहा जा रहा है। हालांकि लोकतांत्रिक व्यवस्था में सेमीफाइनल जैसी कोई चीज नहीं होती है क्योंकि खेलों में सेमीफाइनल में हारने वाला फाइनल नहीं खेलता है जबकि राजनीति में सेमीफाइनल हारने वाला न सिर्फ फाइनल खेलता है, बल्कि कई बार जीत भी जाता है। जैसे ठीक पांच साल पहले इन्हीं पांच राज्यों में हुआ था।

2018 के विधानसभा चुनाव में इन पांचों राज्यों में भारतीय जनता पार्टी हारी थी। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में तो उसने 15 साल की अपनी निर्बाध सत्ता गंवाई थी। दोनों राज्यों में भाजपा 2003 से राज में थी और 2018 में हार कर सत्ता से बाहर हुई थी। राजस्थान में हर पांच साल पर राज बदलने का रिवाज कायम रहा था। उत्तर भारत के हिंदी भाषी तीनों राज्यों में कांग्रेस ने सरकार बनाई थी। उधर तेलंगाना में के चंद्रशेखर राव की पार्टी ने लगातार दूसरा चुनाव जीता था। कांग्रेस दूसरे तो भाजपा चौथे नंबर की पार्टी रही थी। मिजोरम में मिजो नेशनल फ्रंट की जीत हुई थी और कांग्रेस व भाजपा दोनों एक एक सीट जीत पाए थे।

सो, 2018 में इन राज्यों के चुनाव नतीजों का मतलब था कि सेमीफाइनल भाजपा बुरी तरह से हारी थी और कांग्रेस विजेता रही थी। लेकिन सिर्फ छह महीने बाद हुए 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा पूरे देश में बड़े बहुमत से जीती। इन पांच राज्यों में भी उसने शानदार जीत दर्ज की। राजस्थान में लोकसभा की सभी 25 सीटें उसने जीत ली। मध्यप्रदेश में भी वह सिर्फ एक सीट हारी और छत्तीसगढ़ में 11 में से नौ सीटें जीतीं, जहां विधानसभा में उसे 90 में से महज 15 सीटें मिली थीं। तेलंगाना में वह चार सीटों पर जीती। वहां विधायक से ज्यादा उसके सांसद जीते। इसलिए पांच राज्यों के चुनाव नतीजों का आकलन सेमीफाइनल या फाइनल के नजरिए से करना ठीक नहीं होगा। हालांकि ऐसा नहीं है कि चुनाव नतीजों का असर अगले साल के लोकसभा चुनाव पर नहीं होगा। निश्चित रूप से असर होगा। लेकिन अभी चुनाव घोषणा के बाद राजनीतिक विश्लेषण करते हुए किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से बचना होगा।

बहरहाल, इन पांच राज्यों के चुनाव नतीजों का पहला असर धारणा पर होगा। अभी यह धारणा बनी हुई है कि 10 साल से केंद्र में सरकार चला रही भारतीय जनता पार्टी के लिए अगला चुनाव मुश्किल होने वाला है। यह धारणा 10 साल की एंटी इन्कम्बैंसी की वजह से है तो इस वजह से भी है कि विपक्षी पार्टियों ने 'इंडिया' नाम से अपना गठबंधन बनाया है और यह तय किया है कि लोकसभा चुनाव में भाजपा के खिलाफ हर सीट पर विपक्ष का भी एक ही उम्मीदवार होगा। यानी चुनाव को वन ऑन वन करना है। तभी भाजपा ने भी आगे बढ़ कर पुराने सहयोगियों को इक्ट्ठा करना शुरू किया है। उसने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के मुकाबले 38 पार्टियों के एनडीए की बैठक बुलाई, जिसमें सभी छोटे-बड़े नेताओं से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद मिले। अगर भाजपा इन चुनावों में अच्छा प्रदर्शन नहीं करती है तो यह धारणा और मजबूत होगी कि 'इंडिया' के मुकाबले एनडीए कमजोर है और लोकसभा चुनाव में भाजपा को मुश्किल होगी। अगर भाजपा अच्छा प्रदर्शन करती है तो 'इंडिया' की और खास कर कांग्रेस की कमजोरी जाहिर होगी, जिसका असर विपक्षी गठबंधन पर पड़ेगा। विपक्षी पार्टियां कांग्रेस पर दबाव बनाएंगी और ज्यादा सीटों के लिए मोलभाव करेंगी। इससे लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी गठबंधन में फूट पड़ सकती है। हालांकि अगर कांग्रेस जीतती है तब भी कांग्रेस की ताकत बढ़ेगी और वह ज्यादा सीट पर लडऩा चाहेगी। उससे भी गठबंधन पर असर होगा। सो, कह सकते हैं कि इन पांच राज्यों के चुनाव नतीजों के असर का आकलन दो तरह से होगा। पहला, केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के प्रति एंटी इन्कम्बैंसी का और दूसरा, दोनों गठबंधनों की ताकत व भविष्य की संभावना का।

गठबंधन की बात हो रही है तो यह समझना जरूरी है कि अभी इन पांचों राज्यों में 'इंडिया' या एनडीए गठबंधन चुनाव नहीं लड़ रहा है। तीन राज्यों- राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में मुकाबला मुख्य रूप से भाजपा और कांग्रेस में है। तेलंगाना में के चंद्रशेखर राव की भारत राष्ट्र समिति का मुकाबला कांग्रेस से है, जबकि भाजपा मुकाबले को त्रिकोणात्मक बनाने में लगी है। मिजोरम में मिजो नेशनल फ्रंट को कोई चुनौती नहीं है। चुनाव की घोषणा के बाद राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस का आम आदमी पार्टी या समाजवादी पार्टी से कोई तालमेल बनता है या नहीं यह देखने को बात होगी। अभी आप और सपा दोनों अपने उम्मीदवार अलग अलग घोषित कर रहे हैं। बहरहाल, गठबंधन बने या न बने लेकिन पांच राज्यों का यह चुनाव धारणा के स्तर पर 'इंडिया' बनाम एनडीए माना जाएगा और इसके नतीजों का आकलन उस आधार पर होगा।

इन चुनावों में नरेंद्र मोदी के करिश्मे की परीक्षा भी होनी है। यह पिछले 20 साल में पहली बार हो रहा है कि राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी बिना कोई चेहरा पेश किए लड़ रही है। 2003 से राजस्थान में हर चुनाव भाजपा ने वसुंधरा राजे के चेहरे पर और छत्तीसगढ़ में रमन सिंह के चेहरे पर लड़ा है। 2003 में मध्य प्रदेश में चुनाव उमा भारती के चेहरे पर हुआ था लेकिन 2008 से तीनों चुनावों शिवराज सिंह चौहान के चेहरे पर हुए। लेकिन इस बार तीनों राज्यों में भाजपा ने प्रदेश के क्षत्रप नेताओं की बजाय प्रधानमंत्री मोदी का चेहरा दांव पर लगाया है। उन्होंने राजस्थान की एक रैली में कहा भी कि कमल का फूल ही भाजपा का चेहरा है। इन दिनों कमल के फूल का मतलब नरेंद्र मोदी का चेहरा होता है। चुनाव की घोषणा से पहले उन्होंने हर जगह धुआंधार प्रचार किया है। भाजपा लोकसभा की तरह उनके चेहरे और अमित शाह के प्रबंधन पर चुनाव लड़ रही है। सो, मोदी के करिश्मे और शाह के प्रबंधन दोनों की परीक्षा इन चुनावों में होगी।

भाजपा से उलट कांग्रेस इस बार चार राज्यों में प्रादेशिक क्षत्रपों के चेहरे पर लड़ रही है। मध्य प्रदेश में कमलनाथ, राजस्थान में अशोक गहलोत, छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल और तेलंगाना में रेवंत रेड्डी के चेहरे पर कांग्रेस चुनाव लड़ रही है। सो, प्रादेशिक क्षत्रपों को अपने आप को प्रमाणित करना है। ठीक वैसे ही जैसे कर्नाटक में सिद्धरमैया और डीके शिवकुमार ने अपने को प्रमाणित किया। अगर मुद्दों की बात करें तो पहला मुद्दा मुफ्त की रेवड़ी का है, जो सभी सरकारों ने बांटा है और जो विपक्ष में है उसने बांटने का वादा किया है। इसके अलावा भाजपा के डबल इंजन की सरकार, विश्व गुरू भारत, हिंदुत्व व राष्ट्रवाद और मजबूत नेतृत्व के बरक्स कांग्रेस की ओर से जाति जनगणना, सामाजिक न्याय और आरक्षण का मुद्दा है। कांग्रेस और राहुल गांधी ने जाति गणना को बड़ा मुद्दा बनाया है। चुनाव की घोषणा से दो दिन पहले राजस्थान में जाति गणना की अधिसूचना जारी हुई। सभी राज्यों में कांग्रेस ने वादा किया है कि सरकार में आने पर वह जाति गणना कराएगी। इससे वह अन्य पिछड़ी जातियों में एक मैसेज बनवाना चाहती है। राजस्थान और छत्तीसगढ़ में उसके मुख्यमंत्री भी पिछड़ी जाति से आते हैं। सो, इस मुद्दे की परीक्षा इन चुनावों में होनी है।

राहुल गांधी अपनी भारत जोड़ो यात्रा के क्रम में पिछले साल राजस्थान, मध्य प्रदेश और तेलंगाना में काफी समय रहे थे। सो, कांग्रेस को उम्मीद है कि उस यात्रा का कुछ फायदा पार्टी को होगा। कुल मिला कर पांच राज्यों के चुनाव में नेतृत्व के साथ साथ रणनीति और लोकसभा चुनाव के लिहाज से अहम मुद्दों की परीक्षा होगी। तभी नतीजों से निश्चित रूप से धुंध छंटेगी और लोकसभा चुनाव के मुकाबले की तस्वीर स्पष्ट होगी।

# भारत-एक अग्रणी विश्वगुरु

**प्रो. (डॉ.) टी जी सीतारम**



भारत आज विश्व ज्ञान केंद्र के रूप में विकसित हो रहा है, इसकी समृद्ध ज्ञान की क्षमता, वेदों और उपनिषदों में स्पष्ट है। जो सदियों से ज्ञान के विशाल स्त्रोत के रूप में काम कर रहे हैं। नालंदा और तक्षशिला जैसे हमारे प्राचीन भारतीय विश्वविद्यालयों के साथ, भारत अतीत का एक अंतरराष्ट्रीय ज्ञान केंद्र रहा है और यही वजह है कि एक बार फिर हम विश्व-गुरु बनने के लिए खुद को पुनः स्थापित कर रहे हैं।

भारतीय शिक्षा के मूल्य और भारतीय विश्वविद्यालयों के महत्व में दुनिया भर में वृद्धि और प्रासंगिकता देखी जा रही है। हाल ही में लगभग 100 भारतीय विश्वविद्यालयों ने प्रतिष्ठित टाइम्स हायर एजुकेशन (ज्ञ॥श्व) पत्रिका द्वारा घोषित विश्व विश्वविद्यालय रैंकिंग में प्रवेश किया है। प्रथम स्थान पर प्रदर्शन करने वाला भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी) बैंगलुरु, 2017 के बाद पहली बार वैश्विक 250 रैंकिंग में लौटा है। सूची में 91 भारतीय विश्वविद्यालयों की उपस्थिति पिछले साल 75 की तुलना में महत्वपूर्ण वृद्धि है।

भारतीय विश्वविद्यालयों और संस्थानों की रैंकिंग, भारतीय शिक्षा प्रणाली के लिए एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। भारत ने अंतरराष्ट्रीय एजेंडे को सही मायने में अपनाया है और इस साल अभूतपूर्व 91 विश्वविद्यालयों ने टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में जगह बनाई है, जिससे भारत अब रैंकिंग में चौथा सबसे अच्छा प्रतिनिधित्व वाला देश बन गया है।

ऐसे समय में जब विदेशी विश्वविद्यालयों से डिग्री लेना नवीनतम फैशन बन गया है तो भारतीय विश्वविद्यालय वैश्विक स्तर पर खुद को साबित कर रहे हैं। ज्ञ॥श्व पत्रिका रैंकिंग के अनुसार, भारत में दूसरे सबसे अच्छे प्रदर्शन करने वाले विश्वविद्यालय- अन्ना विश्वविद्यालय, जामिया मिलिया इस्लामिया, महात्मा गांधी विश्वविद्यालय, शूलिनी यूनिवर्सिटी ऑफ बायोटेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट साइंसेज हैं। दो आईआईटी- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, गुवाहाटी और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (इंडियन स्कूल ऑफ माइन्स) धनबाद अब दुनिया के शीर्ष 800 विश्वविद्यालयों में शामिल हो गई हैं, जबकि इससे पहले इनकी रैंकिंग 1001 से 1200 के बीच में थी।

भारत और दुनिया में विश्वविद्यालयों की रैंकिंग विभिन्न मापदंडों पर निर्भर करती है। माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, शिक्षा की गुणवत्ता और पहुंच बढ़ाने, विश्वविद्यालयों को आधुनिक बुनियादी ढांचे से लैस करने और भविष्य में वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने के लिए कई महत्वपूर्ण पहल और सुधार किए गए हैं। विश्वगुरु बनने के लिए भारत उच्च शिक्षण संस्थानों को उच्चतम मानक प्राप्त करने के लिए सशक्त बनाने के अपने लक्ष्य पर केंद्रित है।

जैसा कि प्रधान मंत्री ने कहा, "21वीं सदी का भारत जिन लक्ष्यों को लेकर आगे बढ़ रहा है, उन्हें प्राप्त करने में हमारी शिक्षा प्रणाली की बहुत बड़ी भूमिका है।" इसके तहत ही शिक्षा के वैश्विक प्रतिमान में विश्वविद्यालयों की रैंकिंग की भी महत्वपूर्ण भूमिका है।


भारत का 'कम लागत' और 'सर्वोत्तम गुणवत्ता' का मॉडल भारतीय विश्वविद्यालयों को अपनी क्षमताओं को सार्वभौमिक रूप से प्रदर्शित करने का मार्ग प्रशस्त करता है।

भारत की औद्योगिक प्रतिष्ठा, स्टार्टअप ग्रोथ और इकोसिस्टम में वृद्धि के साथ दुनिया में भारत की शिक्षा प्रणाली के प्रति सम्मान काफी बढ़ गया है। जिसके परिणामस्वरूप शिक्षा इकोसिस्टम में आ रहे सकारात्मक बदलावों के कारण वैश्विक विश्वविद्यालय भारत में अपने कैंपस खोलने के इच्छुक हैं। स्पष्ट है कि राष्ट्र की ताकत ज्ञान, संस्कृति और मूल्यों से तय होती है।

उसी के अनुरूप सभी भारतीय शैक्षणिक संस्थानों को मानवीय मूल्यों, ज्ञान, सामाजिक चेतना के निर्माण पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रोत्साहित करता है ताकि युवा अपने भविष्य के जीवन और राष्ट्र की नियति को आकार देने में सक्षम हो सकें।

**लेखक अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई), नई दिल्ली के अध्यक्ष हैं।**

# भूटान से भी झटका ?



भूटान के प्रधानमंत्री ने बताया है कि चीन के साथ भूटान की सीमा वार्ता अपने आखिरी दौर में है, जिसके बाद दोनों देशों के बीच सीमांकन संभव हो जाएगा। इस प्रक्रिया के तहत चीन के साथ भूटान कुछ इलाकों की अदला-बदली भी कर सकता है।

भूटान भारत को एक तगड़ा झटका देने की तैयारी में है। वहां के प्रधानमंत्री लोताय त्सेरिंग ने भारत के एक अंग्रेजी अखबार में एक ऐसी जानकारी दी, जिससे भारतीय विदेश नीति प्रतिष्ठान की नींद उड़ जानी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने जो ऐसी टिप्पणियां भी की हैं, जो भारत के नजरिए से चिंताजनक हैं। त्सेरिंग ने बताया कि चीन के साथ भूटान की सीमा वार्ता अपने आखिरी दौर में है, जिसके बाद दोनों देशों के बीच सीमांकन हो जाएगा। इस प्रक्रिया के तहत चीन के साथ भूटान कुछ इलाकों की अदला-बदली भी कर सकता है। उनकी बातों से संकेत मिला कि भूटान दोकलाम के पास उस क्षेत्र को चीन को देने पर राजी हो जा सकता है, जो भारत-भूटान-चीन के ट्राइ-जंक्शन पर है। त्सेरिंग से जब चीन से चल रही वार्ता के बारे में भारत को भरोसे में लेने संबंधी सवाल पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि उनका देश किसी समस्या का हल इस तरह निकालना चाहता, जिससे एक दूसरा मसला खड़ा हो जाए। लेकिन इसी संदर्भ में उन्होंने कहा कि दोनों बड़े पड़ोसी देशों के साथ भूटान के ऐसे रिश्ते हैं, जो समय की कसौटी पर खरे उतरे हैं।भारत-भूटान संबंध की पृष्ठभूमि से परिचित किसी व्यक्ति के लिए यह टिप्पणी इसलिए चिंता का विषय होगी, क्योंकि इसके जरिए त्सेरिंग ने भारत और चीन दोनों के साथ भूटान रिश्ते को समान धरातल पर बता दिया। जबकि पारपंरिक रूप से भूटान खुद को भारत के प्रभाव क्षेत्र में मानता रहा है। उनकी अगली टिप्पणी भूटान के वर्तमान दृष्टिकोण और भी ज्यादा स्पष्ट करने वाली रही। उनसे पूछा गया कि क्या भूटान अपनी विदेश नीति में परिवर्तन ला रहा है, तो उन्होंने कहा कि हर देश को गतिशील विदेश नीति अपनानी चाहिए, जिसे वह अपने हितों के मुताबिक एडजस्ट करता रहे। जाहिर है, अब भूटान चीन के साथ अपने संबंध को अपने हितों के मुताबिक उस समय समायोजित कर रहा है, जब भारत और चीन के बीच भू-राजनीतिक होड़ तेज होती जा रही है। और ऐसा उस समय हो रहा है, जब भारत नरेंद्र मोदी सरकार की 'मर्दाना' विदेश नीति पर चल रहा है।

# भटकी हुई पार्टी का एजेंडा

नदी की धारा में दिशा भटक चुका व्यक्ति जैसे हर तिनके का सहारा लेने की कोशिश करता है, कांग्रेस कुछ वैसे ही हाथ-पांव मार रही है। लेकिन तिनकों से किसी का बचाव होता नहीं है।कांग्रेस कार्यसमिति ने जातीय अस्मिता की राजनीति में अपनी पार्टी का उद्धार देखने की राहुल गांधी की लाइन पर मुहर लगा दी है। पार्टी ने अब आधिकारिक रूप से वादा कर दिया है कि अगर वह सत्ता में आई तो राष्ट्रीय स्तर पर जातीय जनगणना कराएगी। संभवतः पार्टी को यह उम्मीद होगी कि इस वादे से ओबीसी जातियां कांग्रेस के पीछे गोलबंद हो जाएंगी। जाहिरा तौर पर जातीय जनगणना की मांग ओबीसी राजनीति करने वाली यानी मंडलवादी पार्टियों की है। इसलिए कि अनुसूचित जाति और जातियों की गणना तो दशकीय जनगणना में होती ही रही है। विडंबना यह है कि ऐसी मांगों को अपनी सियासत के केंद्र में रखने के बावजूद मंडलवादी पार्टियों का आधार खिसकता गया है। इस बीच भारतीय जनता पार्टी अपनी सोशल इंजीनियरिंग के जरिए पिछड़ी से लेकर दलित जातियों तक में अपनी पैठ गहरी करती गई है। इस लिहाज से मंडलवादी नारे एक्सपायर्ड दवा होकर रह गए हैं।कांग्रेस को अब इसमें अपना उद्धार दिखता है, तो इसे पार्टी की भटकी सोच का संकेत ही माना जाएगा। भटकाव का आलम यह है कि एक तरफ पार्टी खुद पर मंडलवादी रंग चढ़ाने की होड़ में उतर गई है, उसी समय हरियाणा में पार्टी के नेता भूपिंदर सिंह हुड्डा ने ब्राह्मण सम्मेलन आयोजन किया। इस मौके पर उन्होंने वादा किया कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई, तो किसी ब्राह्मण को उप मुख्यमंत्री बनाया जाएगा। अब कांग्रेस के दो रूप देखकर कौन-सी जाति क्या संदेश ग्रहण करेगी? उत्तर प्रदेश में कांग्रेस ने कांशीराम की विरासत को हथियाने की मुहिम शुरू करने का फैसला किया है। वैसे भी जातीय सम्मेलनों का आयोजन कांशीराम की रणनीति का ही हिस्सा था। तो एक साथ कांग्रेस लोहियावादी/मंडलवादी, कांशीरामवादी और ब्राह्मणवादी सब बनने की फिराक में है। यह क्या बताता है?

## लेबनान से शत्रु विमान के प्रवेश के बाद इजराइल ने निवासियों से शेल्टर में रहने का किया आग्रह

**जेरूसलम ,एजेंसी।** इजरायली सेना ने बुधवार रात कहा कि एक शत्रु विमान ने लेबनान से उत्तरी इजरायल में प्रवेश किया। साथ ही वहां के निवासियों से आश्रयों के अंदर रहने का आग्रह किया है।

इजरायली सेना ने एक बयान में लेबनान से इजरायली हवाई क्षेत्र में एक संदिग्ध घुसपैठ की सूचना दी, लेकिन यह नहीं बताया कि किस प्रकार का विमान था। इसमें कहा गया है कि शत्रु विमानों की चेतावनी वाले सायरन पूरे गैलिली क्षेत्र और इजरायली कब्जे वाले गोलान हाइट्स में सुने गए। बयान में कहा गया है, जिन इलाकों में सायरन बजाया गया, वहां के सभी नागरिकों को आश्रय स्थलों में प्रवेश करने और अगली सूचना तक उनमें रहने के लिए कहा गया है।

लगभग एक दर्जन ड्रोन घुस आए है और इजरायली विमान उन्हें रोकने की कोशिश में उनका पीछा कर रहे है। सोशल मीडिया पर वीडियो फुटेज में उत्तरी इजराइल के बादलों वाले आसमान में एक ड्रोन उड़ता हुआ दिखाई दे रहा है। इजराइल की मैगन डेविड एडोम बचाव सेवा ने कहा कि किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

## एशियाई खेलों में शानदार प्रदर्शन के लिए असम पुलिस ने लवलीना को किया सम्मानित

**गुवाहाटी ,(एजेंसी)।** असम पुलिस ने शीर्ष मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन को सम्मानित किया है और उन्हें राज्य के डीजीपी का प्रशस्ति पदक प्रदान किया है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। हांगझाऊ में हाल ही में संपन्न 19वें एशियाई खेलों में रजत पदक जीतने के लिए लवलीना को असम पुलिस ने सम्मान किया। पुरस्कार समारोह बुधवार को गुवाहाटी में असम पुलिस मुख्यालय में आयोजित किया गया।

प्रतीक के रूप में, मुक्केबाज ने पुलिस विभाग को अपना ऑटोग्राफ की हुई बॉक्सिंग ग्वव्स की एक जोड़ी भी उपहार में दी। 'एक्स' असम के डीजीपी जी.पी. सिंह ने लिखा, असम पुलिस ने हांगझोऊ में 19वें एशियाई खेलों में शानदार सफलता पर एशियाई खेलों की पदक विजेता, हमारी अपनी डीएसपी लवलीना बोरगोहाई को पुलिस मुख्यालय गुवाहाटी में सम्मानित किया। उन्हें असम के डीजीपी प्रशस्ति पदक से भी सम्मानित किया गया है। उन्होंने मुक्केबाजी दस्ताने की एक हस्ताक्षरित जोड़ी भी हमें भेंट की। इस बीच, असम ओलंपिक एसोसिएशन ने लवलीना बोरगोहेन को एक लाख रुपये और एशियाई खेलों के दूसरे प्रतिभागियों को 25,000 रुपये का मौद्रिक पुरस्कार देने का फैसला किया है।

## अमेरिका में भारतीय मूल के फार्मासिस्ट पर लगा 2.75 लाख डॉलर का जुर्माना

**न्यूयॉर्क ,एजेंसी।** टेक्सास की एक अदालत ने भारतीय मूल के एक व्यक्ति और उसकी फार्मेसी पर दवाइयों की अवैध बिक्री पर 2 लाख 75 हजार डॉलर का जुर्माना लगाया है और ओपियोइड और अन्य प्रतिबंधित दवाओं के की बिक्री पर रोक लगाई है। न्याय विभाग की एक विज्ञप्ति के अनुसार, फार्मासिस्ट जितेंद्र चौधरी के पास ज़ारज़ामोरा हेल्थकेयर एलएलसी है, जो सैन एंटोनियो में राइट-अवे फार्मेसी और मेडिकल सप्लाई के रूप में कारोबार कर रही है।अदालत ने चौधरी और उनकी फार्मेसी को कुछ ओपियोइड नुस्खे देने से रोक दिया, जिसमें संयोजन ओपियोइड और बेंजोडायजेपाइन नुस्खे शामिल हैं। आदेश में यह भी कहा गया है कि प्रतिवादी आदेश और नियंत्रित पदार्थ अधिनियम का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए अपनी वितरण प्रथाओं की समय-समय पर व्यापक समीक्षा करें।

# रोजगार निर्माण नई ऊंचाइयों पर, कौशल विकास से युवाओं को मिल रहे वैश्विक अवसरः पीएम मोदी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत में रोजगार के नए अवसरों का निर्माण इस समय नई ऊंचाइयों को छू रहा है ओर बेरोजगारी दर छह वर्ष के न्यूनतम स्तर पर है। पीएम मोदी ने कहा कि सरकार कौशल विकास को बढ़ावा देकर हमारे युवाओं के लिए वैश्विक स्तर पर अवसर बढ़ाने में लगी है। प्रधानमंत्री ने कहा, "भारत की अर्थव्यवस्था का जैसे-जैसे विस्तार हो रहा है, आप जैसे युवाओं के लिए नई संभावनाएं बनती जा रही हैं। अभी हाल ही में हुए एक सर्वे में सामने आया है कि भारत में रोजगार निर्माण एक नई ऊंचाई पर पहुंचा है। भारत में बेरोजगारी दर अपने छह साल के सबसे निचले स्तर पर है।" पीएम मोदी कौशल दीक्षांत समारोह को वीडियो कांफ्रेंसिंग सुविधा के माध्यम से संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि देश के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों, दोनों में ही बेरोजगारी तेजी से कम हो रही है। जिसका मतलब है कि विकास का लाभ गांव और शहर, दोनों ही जगहों पर बराबर पहुंच रहा है। दोनों ही जगहों पर नए अवसर भी समान रूप से बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि सर्वे में सामने आया है कि भारत की श्रमिक आबादी में महिलाओं की भागीदारी में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। उन्होंने इसे नारी सशक्तिकरण की योजनाओं और अभियानों का प्रभाव बताया है। कौशल विकास मंत्रालय के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में कौशल विकास से जुड़े संस्थानों का यह साझा समारोह था। पीएम मोदी ने इसे सराहनीय पहल बताया और कहा कि यह आज के भारत की प्राथमिकताओं को भी दर्शाता है। उन्होंने इस आयोजन में देश भर से जुड़े युवाओं को शुभकामनाएं दीं।



पीएम मोदी ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष का हवाला देते हुए कहा कि भारत आने वाले वर्षों में विश्व की सबसे तेजी से वृद्धि करने वाली अर्थव्यवस्था बना रहेगा। उन्होंने कहा कि इस बात का पूरा विश्वास है कि भारत अगले तीन-चार साल में दुनिया की पहली तीन अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो जाएगा। जिससे आपके लिए (युवाओं के लिए) नए अवसर बनेंगे, आपको रोजगार-स्वरोजगार के और ज्यादा मौके मिलेंगे।' प्रधानमंत्री ने कहा कि किसी देश के प्राकृतिक संसाधनों और सामर्थ्य को उपयोग में लाने के लिए जिस एक महत्वपूर्ण शक्ति की जरूरत होती है, वो है युवा शक्ति। और यह युवाशक्ति जितनी सशक्त होती है, उतना ही देश का विकास होता है, देश के संसाधनों के साथ न्याय होता है।

उन्होंने कहा कि आज भारत इसी सोच के साथ अपनी युवाशक्ति को सशक्त कर रहा है, पूरे परिस्थितिकी तंत्र में अभूतपूर्व सुधार कर रहा है। और इसमें भी देश की अप्रोच दोतरफा है। हम अपने युवाओं को कौशल और शिक्षा के माध्यम से नए अवसरों का लाभ उठाने के लिए तैयार कर रहे हैं और सरकार करीब चार दशक बाद नई शिक्षा नीति लेकर आयी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार काम देने वाले और परंपरागत क्षेत्रों को बढ़ावा दे रही है। आज भारत विभिन्न उद्योगों में निर्यात और विनिर्माण के नए रिकॉर्ड बना रहा है। साथ ही, भारत, स्पेस, स्टार्टअप्स, ड्रोन, एनिमेशन, इलेक्ट्रिक वाहन, सेमीकंडक्टर, जैसे कई क्षेत्रों में आप जैसे युवाओं के लिए बड़ी संख्या में नए अवसर भी तैयार कर रहा है।

आज पूरी दुनिया मान रही है कि ये सदी भारत की सदी होने वाली है। और इसके पीछे भी बहुत बड़ी वजह भारत की युवा आबादी ही है। पूरी दुनिया स्किल्ड युवाओं के लिए भारत की तरफ देख रही है। हाल में जी20 शिखर सम्मेलन में वैश्विक कौशल मानचित्रण (ग्लोबल स्किल मैपिंग) को लेकर भारत के प्रस्ताव को स्वीकार किया गया है। इससे देश के युवाओं के लिए आने वाले समय में और बेहतर अवसर बनेंगे।

पीएम मोदी ने कहा कि पहले की सरकारों में स्किल (कौशल विकास) पर उतना ध्यान नहीं दिया गया था। हमारी सरकार ने इसके लिए अलग से मंत्रालय बनाया, अलग से बजट दिया।

भारत में कौशल विकास का दायरा लगातार बढ़ रहा है। हम सिर्फ मैकेनिक, इंजीनियर, टेक्नॉलॉजी, या कोई दूसरी सर्विस, इतने तक ही सीमित नहीं है। अब जैसे महिलाओं से जुड़े सेल्फ हेल्प ग्रुप्स हैं। अब ड्रोन टेक्नॉलॉजी के लिए महिला सेल्फ हेल्प ग्रुप्स को तैयार किया जा रहा है। पीएम विश्वकर्मा योजना से इनके इस परंपरागत कौशल को आधुनिक टेक्नॉलॉजी और टूल्स से जोड़ा जा रहा है।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने जम्मू की एक दिवसीय यात्रा की शुरू

**श्रीनगर ,(एजेंसी)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जम्मू संभाग की अपनी एक दिवसीय यात्रा शुरू करने के लिए गुरुवार सुबह श्रीनगर से रवाना हुईं।

राष्ट्रपति रियासी जिले के कटरा शहर में माता वैष्णो देवी मंदिर का दौरा कर रही हैं। वह तीर्थस्थल पर दो प्रतिष्ठित परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगी। स्काईवॉक यात्रियों की तीर्थ यात्रा को और भी सुगम बना देगा क्योंकि तीर्थस्थल पर जाने वाले और मंदिर से वापस आने वाले लोग स्काईवॉक पर दो अलग-अलग मार्गों का उपयोग करेंगे।

राष्ट्रपति द्वारा उद्घाटन की जाने वाली दूसरी परियोजना पुनर्निर्मित पार्वती भवन है। पुनर्निर्मित भवन में 1,500 लॉकर हैं और एक समय में 10,000 से 15,000 तीर्थयात्रियों को जगह मिलेगी। पुनर्निर्मित पार्वती भवन में पुरुष और महिला तीर्थयात्री अलग-अलग मंजिलों का उपयोग करेंगे।

## देवरिया हत्याकांड : मृतक दुबे के बेटे ने कहा , बुलडोजर चलने के बाद ही होगा ब्रह्मभोज

**देवरिया ,(एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के देवरिया में दो अक्टूबर को जमीनी विवाद में छह लोगों की हत्या के 10 दिन बीत जाने बाद भी मामला अभी ठंडा पड़ता नहीं दिखाई दे रहा है। इसी बीच सत्यप्रकाश दुबे के बेटे देवेश ने ऐलान किया है कि जब तक प्रेमचंद्र के घर पर बुलडोजर नहीं चल जाता, तब तक वह ब्रम्हभोज नहीं करेंगे।

मृतक सत्य प्रकाश दुबे के बेटे देवेश ने कहा कि पूरे मामले में अभी सही तरीके से कार्रवाई नहीं हुई है। अगर ये घटना किसी प्रशासन वाले के घर के साथ हुई होती तो क्या प्रशासन चुप बैठता। या अन्य किसी और के साथ होता तो चुप बैठता।उन्होंने कहा कि घटना को हुए 10 दिन हो चुके अब जल्द से जल्द कार्रवाई होनी चाहिए। देवेश ने कहा कि हमारे मां-पिता और परिवार का नरसंघार हुआ है, उसे फांसी की सजा मिले या उसका एनकाउंटर हो। जिसने भी मेरे भाई और बहन को गोली मारी है, उसका मकान गिराया जाना चाहिए। प्रेम चंद्र यादव का घर भी गिराया जाना चाहिए। देवेश ने साफ कहा कि जब तब प्रेम चंद्र यादव के घर पर कार्रवाई नहीं की जाती, तब तक वह ब्रम्हभोज नहीं करेगा।

उधर, सत्यप्रकाश दुबे के परिवार की श्रद्धांजलि सभा में राजनीतिक वार पलटवार पहले ही हो चुका है। दुबे की तरफ से भाजपा विधायक शलभमणि त्रिपाठी ने मोर्चा संभाल रखा है। इसके बाद सपा की ओर से एक प्रतिनिधि मंडल पूर्व मंत्री ब्रम्हा शंकर त्रिपाठी की अगुवाई में फतेहपुर पहुंचा और पीड़ित दोनों परिवार के लोगों से मिला। इसके बाद पूरे मामले को सीबीआई को सौंपी जाने की मांग उठाई गई।उधर प्रेम चंद्र का परिवार बार बार घर गिराए जाने की बात को लेकर सहमे हुए हैं। प्रेम के बेटी ने कहा बार बार लोग बता रहे हैं कि घर गिरा दिया जायेगा। अगर ऐसा होगा तो परिवार के लोग बेघर हो जायेंगे। हमे पूरा विश्वास है कि इंसाफ मिलेगा।बेटी अर्चना ने कहा कि पिता अब इस दुनिया में नहीं रहे। गेट पर लाल निशान लगा दिया गया है। नोटिस चिपकी है।

## मुंबई पुलिस ने शुरू की समीर वानखेड़े को जान से मारने की धमकी की जांच

**मुंबई ,(एजेंसी)।** गोरेगांव पुलिस ने मुंबई में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के पूर्व क्षेत्रीय निदेशक और आईआरएस अधिकारी समीर वानखेड़े को मिली जान से मारने की धमकी की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों ने यहां यह जानकारी दी। वानखेड़े ने मुंबई पुलिस को शिकायत दर्ज कराई कि उन्हें एक इंस्टाग्राम यूजर से 'जान से मारने की धमकी' मिल रही है, जो कथित तौर पर बांग्लादेश में बताया जा रहा है।

वर्तमान में चेन्नई में तैनात वानखेड़े ने अज्ञात इंस्टाग्राम उपयोगकर्ता से प्राप्त मौत की धमकी के संदेशों पर मुंबई पुलिस आयुक्त विवेक फणसलकर को एक ईमेल भेजा है।

2008 बैच के आईआरएस अधिकारी, वानखेड़े को बॉलीवुड मेगा-स्टार शाहरुख खान से बड़ी रकम वसूलने के कथित प्रयास के लिए केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) जांच का सामना करना पड़ रहा है।

# रैली में नजर आया प्रियंका का अलग अंदाज, पहले हंसी और फिर मारी आंख

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने मध्यप्रदेश में चुनाव प्रचार की कमान संभाल ली है। प्रियंका गांधी गुरुवार को आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र मंडला में चुनाव सभा को संबोधित करने पहुंचीं। प्रियंका जब मंच से भाषण दे रही थीं, तब एक मजेदार वाक्या देखने को मिला। प्रियंका अपने संबोधन में कह रही थीं कि अगर कांग्रेस सरकार आएगी, तो तेंदूपत्ता के लिए 4000 रुपये आपको दिया जाएगा। छत्तीसगढ़ की तरह यहां भी पेसा कानून लागू करेंगे। मंडला-जबलपुर रोड 10 साल से बन रही है। पहले 4 लेन की बन रही थी, अब 2 लेन की बन रही है, लेकिन बना नहीं पाए।

प्रियंका बोल ही रही थीं कि रैली में एक उत्साहित युवक प्रियंका की तरफ देखकर चिल्लाया, 'वो भी ढंग से नहीं बनी'। ये बात सुनकर प्रियंका गांधी मुस्कुराए बिना नहीं रह सकीं और आंख मारते हुए बोलीं 'आप आ जाइए न मंच पे'...इसके बाद सभा में काफी



देर तक ठहाके लगते रहे। बाद में प्रियंका बोलीं 'मुझे इसी तरह बताते रहिएगा'। मंडला की रैली में प्रियंका गांधी ने एक बड़ी घोषणा की। उन्होंने ने मंच से एलान किया कि कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा दी जाएगी। इसके अलावा 12वीं तक के बच्चों को 500 से 1500 रुपये तक की राशि भी दी जाएगी।


प्रियंका ने कहा कि बच्चों को पहली से 12वीं तक शिक्षा निःशुल्क दी जाएगी। इसका नाम 'पढ़ो और पढ़ाओ' योजना होगा। कक्षा एक से आठ तक बच्चों को पांच सौ, नौवीं से दसवीं तक एक हजार रुपये दिए जाएंगे। ग्यारहवीं से बारहवीं तक ये हर महीने पंद्रह सौ रुपये मिलेंगे। सभा में पहले प्रियंका ने पढ़ो और पढ़ाओ योजना के तहत पहले बच्चों को पैसे देने की बात नहीं कही थी। तभी मंच पर ही मौजूद पूर्व मुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलनाथ कुर्सी से उठे। प्रियंका के पास जाकर बोले कि यह एक रह गया है। इस पर प्रियंका गांधी ने पढ़ना शुरू किया। उन्होंने कहा कि हर बच्चे को सालाना 500 से 1,500 रुपये दिए जाएंगे। इस पर कमलनाथ बोले कि हर साल नहीं हर महीने दिए जाएंगे। इस पर प्रियंका ने चिर-परिचित अंदाज में कहा कि 'यहां तो सालाना लिखा है। आप इसकी जांच करें। तभी तो मैं कहूं कि सालाना लिखा है और हर महीने बोल रहे हैं।'

प्रियकां गांधी ने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा, मप्र में भाजपा की 225 महीने से सरकार है, 250 घोटाले हैं। 18 साल में 22 हजार घोषणाएं की हैं। मंडला-जबलपुर सड़क 10 साल में नहीं बना पाए। इतने सारे घोटाले हैं।

बच्चों के पोषण में घोटाला, मिड डे मील, सर्व शिक्षा अभियान, स्कॉलरशिप, भर्ती परीक्षा में घोटाला। ऐसे में नौजवान करे क्या? फीस भरकर तैयारी करता है, परीक्षा देता है फिर घोटाला हो जाता है। प्रियंका ने जाति जनगणना का जिक्र करते हुए कहा कि इस तरह की जनगणना से पता चलेगा कि ओबीसी, दलित, अजा, अजजा के कितने लोग हैं। केंद्र में भाजपा सरकार इस पर बात करना नहीं चाहती। हम कह रहे हैं गिनती करो, तभी पता चलेगा कि इनके साथ न्याय हो रहा है या नहीं। ये गिनती इसलिए नहीं करवा रहे, क्योंकि न्याय देना नहीं चाहते। हम गिनती चाहते हैं। हम न्याय देना चाहते हैं।

# गुब्बारे में हवा भरने के दौरान फटा सिलेंडर, पांच युवक और 36 स्कूली बच्चे घायल

**अंबिकापुर, एजेंसी।** अंबिकापुर में दशहरे पर निकलने वाली शोभायात्रा को लेकर युवाओं के एक समूह द्वारा विवेकानंद स्कूल में तैयारियां की जा रही हैं। गुरुवार को स्कूल प्रांगण में विशालकाय गुब्बारे में गैस भरी जा रही थी। गैस भरने के दौरान अचानक से सिलेंडर फट गया। हादसे में हवा भरने वाले एक कर्मचारी के अलावा तैयारी में लगे पांच युवक और करीब 36 बच्चे घायल हो गए। कलेक्टर व एसपी स्कूल परिसर में पहुंचे और सभी घायलों को तत्काल शहर के अलग-अलग निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया। इस हादसे में अधिकांश बच्चों को मामूली चोटे आई हैं।



बता दें कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी अंबिकापुर शहर में दशहरा के अवसर पर होने वाले आयोजन को लेकर युवाओं के द्वारा शहर के घड़ी चौक के पास विशालकाय गुब्बारा हवा में लटकाया जाने की तैयारी की जा रही थी। इसके लिए विवेकानंद स्कूल परिसर में गुरुवार की दोपहर डेढ़ बजे करीब गुब्बारा में हवा भरकर फुलाया जा ही रहा था कि इसी दौरान तेज आवाज के साथ अचानक से सिलेंडर ब्लास्ट हो गया।

इससे उड़े धूल-कण व गिट्टियों से गुब्बारा फुलाने वाला एक कर्मचारी समेत छह युवक व स्कूल परिसर में खड़े 33 बच्चे उसकी चपेट में आ गए। हादसे के बाद स्कूल परिसर में पर अफरा-तफरी मच गई। इसी बीच घटना की जानकारी सरगुजा कलेक्टर व एसपी को मिली।

सूचना मिलते ही कलेक्टर कुंदन कुमार, एसपी सुनील शर्मा समेत तैयारी में लगे अन्य युवा वहां पहुंचे।

घटना के बाद तत्काल कलेक्टर के निर्देश पर घायल छह युवकों को कमलेश नेत्रालय, लाइफ लाइन हॉस्पिटल व स्कूली बच्चों को मासूम हॉस्पिटल व मेडिकल कॉलेज अस्पताल में अलग-अलग ले जाया गया। वहीं, 33 स्कूली बच्चों में सभी की हालत सामान्य बताई जा रही है। इसके अलावा दो युवकों को चोट थोड़ी ज्यादा बताई जा रही है। सभी का इलाज डॉक्टर के निगरानी में किया जा रहा है। जिसकी पल-पल की खबर एसपी व कलेक्टर को दी जा रही है।

## सुखपाल खैहरा मामले की सुनवाई पूरी, हाईकोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा

**चंडीगढ़ ,(एजेंसी)।** कांग्रेस विधायक सुखपाल सिंह खैहरा की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर आज दूसरे दिन पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के जस्टिस अनूप चितकारा की अदालत में सुनवाई हुई। जिसमें मामले की सुनवाई पूरी हो चुकी है। सुनवाई के बाद जज ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। गौरतलब है कि सुखपाल सिंह खैहरा की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर कल सुनवाई हुई थी और इसमें दोनों पक्षों के वकीलों के बीच दो घंटे तक बहस चली, लेकिन दोनों पक्षों की बहस पूरी नहीं हो सकी, जिसके चलते आज मामले की दोबारा सुनवाई हुई। वहीं, आपको बता दें कि कल ही सुखपाल सिंह खैहरा ने हाईकोर्ट में जमानत याचिका दायर की थी।

## कश्मीर में अगले पांच दिन में बारिश-बर्फबारी के आसार

**श्रीनगर , एजेंसी।** केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर में अगले पांच दिनों में मैदानी इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश और ऊंचाई वाले इलाकों में हिमपात होने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र के अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि जम्मू कश्मीर में 14 से 18 अक्टूबर तक व्यापक रूप से रुक-रुक कर हल्की से मध्यम बारिश और ऊंचे इलाकों में हिमपात होने के अनुमान हैं, जिससे पूरे प्रदेश में तापमान में भारी गिरावट आने के आसार हैं।

मौसम विभाग ने किसानों को 14-18 अक्टूबर तक फसलों की कटाई स्थगित करने की सलाह भी जारी की है। शुक्रवार शाम तक मौसम आंशिक रूप से बदलने के अनुमान हैं और



जम्मू-कश्मीर में कुछ स्थानों पर रात में ऊंचाई वाले इलाकों में बारिश या हिमपात होने के आसार हैं। जम्मू कश्मीर में फिलहाल मौसम साफ है और तेज धूप निकली हुई है। राजधानी श्रीनगर में गुरुवार को न्यूनतम तापमान 8.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि दक्षिण कश्मीर में पर्यटन स्थल पहलगाम का तापमान 3.5 डिग्री सेल्सियस रहा। इसके अलावा, कोकेरनाग का तापमान 8.1 डिग्री सेल्सियस और उत्तरी कश्मीर में गुलमर्ग का स्की रिसॉर्ट का तापमान 5.6 डिग्री सेल्सियस रहा।

## बंधकों की रिहाई तक गाजा को बिजली, ईंधन, पानी नहीं मिलेगा : इजरायल मंत्री

**जेरूसलम ,एजेंसी।** इजरायल के ऊर्जा मंत्री इजरायल काट्ज ने गुरुवार को कहा कि जब तक हमास आतंकवादी समूह बंधकों को मुक्त नहीं कर देता, तब तक गाजा पट्टी के लिए बिजली, ईंधन या पानी की आपूर्ति नहीं होगी।

मंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया, जब तक इजरायली के अपहृत लोगों की घर वापसी नहीं हो जाती, तब तक कोई बिजली का स्विच चालू नहीं किया जाएगा, कोई जल हाइड्रेंट नहीं खोला जाएगा और कोई भी ईंधन ट्रक (गाजा) में प्रवेश नहीं करेगा।

मानवतावादी और कोई भी हमें नैतिकता का उपदेश नहीं देगा। इजरायली अधिकारियों के अनुसार, आतंकवादी समूह ने 7 अक्टूबर को अपने हमले के बाद गाजा में 150 लोगों को बंधक बना लिया है।हमले के जवाब में इजरायली रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने सोमवार को पूरे गाजा की घेराबंदी का आदेश दिया था। साथ ही कहा था कि वह बिजली, भोजन, पानी और ईंधन की आपूर्ति रोक देंगे।

# तेज रफ्तार से चल रही ट्रेन में मच गई चीख पुकार, ग्रामीण बने मददगार

**बक्सर ,(एजेंसी)।** रात धीरे-धीरे गहरी होती जा रही थी और आनंद विहार टर्मिनल से चली नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस तेज गति से अपने गंतव्य की ओर आगे बढ़ रही थी। कुछ यात्री रात्रि में भोजन कर चादर तान सो रहे थे, तो कुछ सोने की तैयारी में थे। इसी बीच, अचानक पहले तेज झटका लगा और फिर चीख पुकार और अफरा तफरी मची। लोग कुछ समझ नहीं पा रहे थे। फिर पता चला कि ट्रेन दुर्घटनाग्रस्त हो गई है, वह डब्बे से बाहर निकलने की चेष्टा में थे।

दानापुर की रहने वाली अंजु बुधवार की रात में नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस से सफर कर रही थी और जब उस मंजर के विषय में पूछा तो कुछ ऐसा ही बयान किया। अंजू बताती हैं कि लोग मदद की आस में इधर-उधर देख ही रहे थे कि तेज आवाज सुनकर बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे और मददगार बन गए। उस समय ये ग्रामीण उन यात्रियों के लिए फरिश्ते से कम नहीं थे। स्थानीय दुकानें बंद हो गई थी, सभी लोग बाजार से घर जा चुके थे, लेकिन व्हाट्सएप ग्रुप पर मैसेज बढ़ता गया और लोग घटनास्थल पर पहुंचते गए।

स्थानीय बाजार के युवा और सामाजिक कार्यकर्ता यात्रियों की मदद कार्य में जुट गए। जिस जगह ये हादसा हुआ, वहां रघुनाथपुर बाजार स्थित है। यहां के लोगों ने जब हादसे के बारे में सुना तो वो तुरंत मौके पर पहुंचे। कुछ इलाके के दूसरे गांवों से भी पहुंचे लोगों की मदद ली और अपने वाहनों से घायलों को अस्पताल पहुंचाना शुरू किया। ग्रामीण हर सहायता पहुंचाना चाहते थे। साधन उपलब्ध नहीं था तो जुगाड़ के जरिए लोगों को मदद पहुंचाना शुरू कर दिया। भरखर, कांट, कैथी, रहथुआ, शाहपुर, बाबूडेरा सहित कई गांव के लोग पहुंच गए।

रोहिल छपरा गांव के रहने वाले समाजसेवी आनंद कुमार तत्काल पहुंचने वाले लोगों में से एक थे। वे बताते हैं, घुप्प अंधेरे में कुछ दिखाई नहीं दे रहा था। इसके बाद मोटर साइकिल की लाइट की सहायता से खिड़कियों के कांच तोड़े गए और लोगों को बाहर निकालने का काम शुरू किया। वे कहते हैं कि इसके बाद पुलिस और जिला प्रशासन की टीम भी पहुंच गई।रघुनाथपुर के विशाल सिंह बताते हैं कि जो यात्री बोगी से निकाले जा रहे थे, उन्हें भी सहसा जिंदा रहने पर विश्वास नहीं हो रहा था। महिला यात्रियों के निकलने के बाद भी पांव कांप रहे थे।

# रोहित ने तोड़ा सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड




नई दिल्ली,भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने अफगानिस्तान के खिलाफ विश्व कप मैच में 131 रन की अपनी आतिशी पारी से सचिन तेंदुलकर का विश्व रिकॉर्ड ध्वस्त कर डाला। हिटमैन के नाम से मशहूर रोहित का यह विश्व कप में सातवां शतक था जो कि सर्वाधिक हैं। उन्होंने सचिन तेंदुलकर के छह शतकों के रिकॉर्ड को तोड़ा। रोहित के इन सात शतकों में से चार शतक लक्ष्य का पीछा करने के दौरान आए हैं, जो कि विश्व रिकॉर्ड है। रोहित ने अपनी शतकीय पारी के दौरान पांच गगनचुम्बी छक्के लगाए जिससे उनके अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 556 छक्के हो गए हैं, जो कि विश्व रिकॉर्ड है। उन्होंने वेस्ट इंडीज के क्रिस गेल के 553 छक्कों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। इसमें से 297 छक्के वनडे में आए हैं, जो फ़िलहाल इस फ़ॉर्मेट में तीसरा सर्वाधिक है। रोहित ने अपना शतक पूरा करने के लिए 63 गेंदें लीं, जो विश्व कप में सबसे तेज़ भारतीय शतक है। उन्होंने वीरेंद्र सहवाग के रिकॉर्ड को तोड़ा, जिन्होंने बरमूडा के ख़िलाफ़ 2007 में 81 गेंदों में शतक लगाया था। भारतीय कप्तान के नाम वनडे में 31 शतक हो गए हैं, जो विश्व में तीसरा सर्वाधिक है। उन्होंने पोंटिंग के 30 शतकों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। उनसे आगे सिर्फ़ सचिन (49) और विराट कोहली (47) हैं। रोहित के 31 में से 29 शतक सलामी बल्लेबाज़ी के दौरान आए हैं। सलामी बल्लेबाज़ के तौर पर उनसे अधिक शतक का रिकॉर्ड अब सचिन (45) के नाम है। रोहित ने सनत जयसूर्या के 28 शतकों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। 30 साल के उम्र के बाद रोहित ने वनडे में 21 शतक लगा दिए हैं, जो श्रीलंका के तिलकरत्ने दिलशान और सनत जयसूर्या के साथ संयुक्त रूप से सर्वाधिक है।

## एशियाई खेलों में शानदार प्रदर्शन के लिए असम पुलिस ने लवलीना को किया सम्मानित

गुवाहाटी, असम पुलिस ने शीर्ष मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन को सम्मानित किया है और उन्हें राज्य के डीजीपी का प्रशस्ति पदक प्रदान किया है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

हांगझाऊ में हाल ही में संपन्न 19वें एशियाई खेलों में रजत पदक जीतने के लिए लवलीना को असम पुलिस ने सम्मान किया। पुरस्कार समारोह बुधवार को गुवाहाटी में असम पुलिस मुख्यालय में आयोजित किया गया। प्रतीक के रूप में, मुक्केबाज ने पुलिस विभाग को अपना ऑटोग्राफ की हुई बॉक्सिंग ग्वब्स की एक जोड़ी भी उपहार में दी।

एक्स असम के डीजीपी जी.पी. सिंह ने लिखा, असम पुलिस ने हांगझोऊ में 19वें एशियाई खेलों में शानदार सफलता पर एशियाई खेलों की पदक विजेता, हमारी अपनी डीएसपी लवलीना बोरगोहाई को पुलिस मुख्यालय गुवाहाटी में सम्मानित किया। उन्हें असम के डीजीपी प्रशस्ति पदक से भी सम्मानित किया गया है।

## वर्ल्ड कप में लगातार दूसरी बार हारी ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका ने दी 134 रन से शिकस्त




नई दिल्ली। वर्ल्ड कप के 10वें मैच में साउथ अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को 134 रन से करारी शिकस्त दी। लखनऊ में खेले गए इस मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट के नुकसान पर 311 रन बनाए। वहीं, पूरी ऑस्ट्रेलिया टीम 40.5 ओवर में 177 रन बनाकर सिमट गई।

साउथ अफ्रीका के 312 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत बेहद खराब रही। 70 रन के अंदर ही टॉप ऑर्डर के पांच बल्लेबाजों को खो दिया। डेविड वॉर्नर 13 रन, मिचेल मार्श 7 रन, स्टीव स्मिथ 19 रन, जॉश इंग्लिश 5 रन और मैक्सवेल मात्र 3 रन बनाकर पवेलियन लौटे।

**ऑस्ट्रेलिया की तरफ से नहीं लगा एक भी अर्धशतक**

हालांकि, मार्नस लाबुशेन और मिचेल स्टार्क ने ऑस्ट्रेलिया की पारी को संभालने की कोशिश की, लेकिन मार्को यान्सन ने स्टार्क (27) को आउट कर पनप रही साझेदारी को तोड़ा। लाबुशेन ने सर्वाधितक 46 रन की पारी खेली। पैट कमिंस ने 22 रन का योगदान दिया। साउथ अफ्रीका की तरफ से कगिसो रबाडा को तीन विकेट मिले। केवश महराज, शमसी और मर्को यान्सन को दो–दो विकेट मिले। लुंगी एनगिडी के नाम एक सफलता रही। साउथ अफ्रीका के गेंदबाजों के आगे एक भी कंगारू बल्लेबाज टिक नहीं सका।

**क्विंटन डी कॉक की शानदार पारी**

पहले बल्लेबाजी करते हुए साउथ अफ्रीका ने 7 विकेट पर 311 रन का स्कोर बनाया। क्विंटन डी कॉक ने 106 गेंद पर 109 रन की पारी खेली। वहीं, एडन मार्करम ने 56 रन की पारी खेली। मिचेल स्टार्क और ग्लेन मैक्सवेल को दो–दो विकेट मिले।

**वर्ल्ड कप इतिहास में ऐसा हुआ दूसरी बार**

वर्ल्ड कप इतिहास में ऐसा दूसरी बार हुआ है जब ऑस्ट्रेलिया लगातार दो मैच गंवाए हैं।

इससे पहले साल 2019 वर्ल्ड कप में दो लगातार मैच हारे थे। यह पहली बार हुआ है, जब ऑस्ट्रेलिया ने दो वर्ल्ड कप के दौरान लगातार चार मैच हारे हैं।

## वर्ल्ड कप में पाक को 8वीं बार हराने अहमदाबाद पहुंची भारतीय टीम, जोरदार हुआ स्वागत



नई दिल्ली। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम इंडिया 14 अक्टूबर को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में पाकिस्तान के खिलाफ ब्लॉकबास्टर मुकाबले से पहले अहमदाबाद पहुंच गई है। विराट कोहली, रवींद्र जड़ेजा और शार्दुल ठाकुर जैसे खिलाड़ियों को हवाई अड्डे से बस में चढ़ते देखा गया। बीसीसीआई ने इसका एक वीडियो शेयर किया है। वर्ल्ड कप 2023 में भारत–पाकिस्तान एक दूसरे से भिड़ने के लिए तैयार हैं। इस महा मुकाबले को देखने के लिए नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 1,20,000 से अधिक दर्शकों के मौजूद रहने की संभावना है। रजनीकांत और अमिताभ बच्चन जैसी बड़ी बॉलीवुड हस्तियों के भी स्टेडियम में मौजूद रहने की उम्मीद है। साथ ही वर्ल्ड क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ी भी स्टैंड में नजर आ सकते हैं।

**वर्ल्ड कप इतिहास में आठवीं बार होगी भिड़ंत**

भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 6 विकेट हराकर जीत के साथ शुरुआत की। वहीं, दूसरे मैच में अफगानिस्तान को एकतरफा मुकाबले में हराया। अब भारतीय टीम अपनी तीसरी जीत के लिए अहमदाबाद पहुंच गयी है। भारतीय टीम का होटल पहुंचने पर जोरदार स्वागत हुआ। बीसीसीआई ने इसका वीडियो शेयर किया है। वहीं, दूसरी तरफ पाकिस्तान ने भी अपने दोनों मुकाबले जीते हैं। पहले मुकाबले में नीदरलैंड्स को तो दूसरे में श्रीलंका को पटखनी दी है।

**हर बार जीता है भारत**

गौरतलब हो कि वर्ल्ड कप के इतिहास में भारत और पाकिस्तान 7 बार भिड़ चुके हैं। सातों बार भारत ने पाकिस्तान को पटखनी दी है। भारत जहां लगातार आठवीं जीत दर्ज करना चाहेगा। वहीं, पाकिस्तान, भारत के खिलाफ वर्ल्ड कप में अपनी पहली जीत दर्ज करना चाहेगा।

## दोस्ती में बदली विराट और नवीन–उल–हक की लड़ाई, देखकर फैंस को नहीं हुआ यकीन




नई दिल्ली, खेल भावना का दिल छू लेने वाला प्रदर्शन करते हुए, क्रिकेट जगत में अफगानिस्तान के नवीन–उल–हक और भारत के विराट कोहली के बीच एक अलग नजारा दिखा।

इंडियन प्रीमियर लीग के दौरान मैदान पर तीखी नोकझोंक के कुछ महीनों बाद, कोहली और नवीन ने बुधवार को अरुण जेटली स्टेडियम में 2023 विश्व कप मैच के दौरान अपने बीच पैदा हुए मतभेद को खत्म कर दिया।

आईपीएल 2023 के दौरान कोहली और नवीन एक दूसरे से भिड़ गए थे। इसके बाद सोशल मीडिया पर भी इस विवाद का असर दिखा था। मगर, विराट फैंस ने लगातार नवीन को टारगट किया। चाहे मैदान कोई भी हो जब भी यह अफगानिस्तानी खिलाड़ी विराट फैंस के सामने आता तो वो कोहली...कोहली के नारे लगाने शुरू कर देते थे। जब वर्ल्ड कप मैच के दौरान अफगानी गेंदबाज एक बार फिर विराट कोहली के साममे आया तो फैंस के बीच भी हलचल तेज हो गई। विराट कोहली और नवीन उल हक के बीच टक्कर सबको देखनी थी, लेकिन जो हुआ उसकी उम्मीद शायद किसी को नहीं थी। भारतीय पारी के 26वें ओवर के दौरान दोनों खिलाड़ी आमने–सामने आए लेकिन इस बार किसी तरह का गुस्सा या किसी तरह की नाराजगी नहीं थी। न विराट इस गेंदबाज के खिलाफ ज्यादा रन बना पाए और ना हीं ये गेंदबाज विराट को आउट कर पाया। इसके बाद दोनों खिलाडियों ने हाथ मिलाया, हंसते–हंसते एक दूसरे से कुछ बात की, फिर गले भी मिले। इससे पहले, विराट ने अपने फैंस की ओर इशारा करते हुए नवीन को ट्रोल करने से मना भी किया था। एक प्रशंसक ने एक्स पर लिखा, विराट कोहली का खूबसूरत इशारा। एक अन्य प्रशंसक ने टिप्पणी की, मैच का सर्वश्रेष्ठ क्षण।

# फिल्मी दुनियां

## अपने खाली समय में फ्रेंड्स देखती हैं अभिनेत्री मंजरी फडनीस



फिल्म जाने तू... या जाने ना में अपने अभिनय के लिए मशहूर अभिनेत्री मंजरी फडनीस ने बताया कि उन्हें हल्के–फुल्के कंटेंट देखना पसंद है और उन्होंने खुलासा किया कि जब वह तनावग्रस्त होती हैं और आराम करना चाहती हैं तो अमेरिकी टीवी सिटकॉम फ्रेंड्स देखती हैं। फ्रेंड्स डेविड क्रेन और मार्टा कॉफमैन द्वारा बनाया गया है। इसमें जेनिफर एनिस्टन, कॉर्टनी कॉक्स, लिसा कुड्रो, मैट लेब्लांक, मैथ्यू पेरी और डेविड श्विमर हैं। यह शो 20 और 30 साल के छह दोस्तों के इर्द–गिर्द घूमता है जो न्यूयॉर्क शहर के मैनहट्टन में रहते हैं।अभिनेत्री मंजरी को पहली बार 2003 में गायन रियलिटी शो पॉपस्टार के भारतीय संस्करण के दूसरे सीजन के दौरान देखा गया था। मंजरी ने बताया कि वह ओटीटी पर किस तरह का कंटेंट देखना पसंद करती हैं।उ~?होंने बताया, मेरे पास कोरियाई नाटकों की एक सूची है जो मैंने अभी तक नहीं देखी है, क्योंकि अभी भारतीय कंटेंट काफी आ रहा है, इसलिए मुझे पहले उसे देखना होगा। उन्होंने कहा कि मुझे कॉमेडी पसंद है। फ्रेंड्स और द गुड प्लेस मेरे पसंदीदा शो है। जब भी संभव होता है मैं इन हल्की–फुल्की चीजों को देखना पसंद करती हूं।


फिल्म और ओटीटी के लिए भूमिका तय करने पर मंजरी ने कहा, मेरा मकसद चरित्र के लिए एक आंतरिक दुनिया बनाना है। कुछ भूमिकाएं शुद्ध मनोरंजन के लिए होती हैं। ऐसी भूमिकाओं में आपको बस स्क्रीन पर खुद का आनंद लेना है और दर्शक आपके साथ आनंद लेंगे, क्योंकि कैमरा सेट की सारी ऊर्जा को पकड़ रहा होगा। उन्होंने आगे कहा, लेकिन गंभीर भूमिकाओं के लिए आपको चरित्र को गहराई से समझना होगा, और वह सभी काम करने होंगे जो आवश्यक है।

## फिल्म मिशन रानीगंज का गाना जीतेंगे जारी, अक्षय कुमार और बी प्राक फिर आए साथ

बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की फिल्म मिशन रानीगंज ने बीते 6 अक्टूबर सिनेमाघरों का दरवाजा खटखटा दिया है। इस फिल्म को समीक्षकों के साथ दर्शकों की बेहतरीन प्रतिक्रिया मिल रही है, जिसके चलते यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ठीक–ठाक प्रदर्शन कर रही है। अब अक्षय ने मिशन रानीगंज का नया गाना जारी कर दिया है, जिसे बी प्राक ने गाया है।गाने के बोल कुमार विश्वास ने लिखे हैं।

इससे पहले प्राक ने अक्षय की फिल्म केसरी के लिए तेरी मिट्टी गाना गाया था, जिसे प्रशंसकों द्वारा काफी पसंद किया गया था।मिशन रानीगंज की कमाई की बात करें तो यह फिल्म अब तक 12.15 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार कर चुकी है। इसमें अक्षय की जोड़ी परिणीति चोपड़ा के साथ बनी है। इसका निर्देशन टीनू सुरेश देसाई ने किया है। मिशन रानीगंज में दिव्येंदु भट्टाचार्या, रवि किशन, राजेश शर्मा, कुमुद मिश्रा, वरुण बडोला जैसे सितारे भी अहम भूमिकाओं में हैं।इसका निर्देशन टीनू सुरेश देसाई ने किया है।मिशन रानीगंज की कहानी पूर्व एडिशनल चीफ माइनिंग इंजीनियर जसवंत सिंह गिल पर आधारित है।

## सलमान की सूरज बडज़ात्या के साथ फिल्म पक्की



सलमान खान की फिल्में चलें न चलें, लेकिन उनकी फैन फॉलोइंग इतनी तगड़ी है कि औसत सी फिल्म को भी प्रशंसक सुपरहिट का तमगा दे देते हैं। उनकी पिछली फिल्म किसी का भाई किसी की जान ने भी बॉक्स ऑफिस पर कमाल नहीं किया। सूरज बडज़ात्या के साथ उनकी नई फिल्म को लेकर सुगबुगाहट काफी समय से चल रही थी।निर्देशक के साथ फिर पारी खेलने के लिए सलमान ने कमर कस ली है। बडज़ात्या ने यह जानकारी दी है। बडज़ात्या ने कहा, मैं अगले साल के मध्य में सलमान के साथ फिल्म की शूटिंग शुरू करूंगा। आज एक निर्देशक के रूप में अपने जीवन के इस पड़ाव पर मैं स्वार्थी हो गया हूं। मैं फिल्म खुद लिखता हूं और जब मैं खुद लिखता हूं तो अपना समय लेता हूं।उन्होंने कहा, खासकर सलमान के साथ, क्योंकि हम लंबे समय बाद साथ कुछ कर रहे हैं, इसलिए यह कुछ बहुत खास होना ही चाहिए। बता दें कि सलमान खुद भी इस फिल्म को लेकर बेहद उत्साहित हैं। वह इसे लेकर अपना उत्साह जाहिर कर चुके हैं। राजश्री प्रोडक्शंस के साथ अपना सफर शुरू करने के लिए वह ज्यादा ही रोमांचित हैं। सलमान इस प्रोडक्शन हाउस के साथ मिलकर कई हिट फिल्में दे चुके हैं।

## रवीना टंडन जल्द शुरू करेंगी वेलकम टू द जंगल की शूटिंग, अक्षय कुमार संग बनी जोड़ी




फिरोज नाडियाडवाला की फिल्म वेलकम की तीसरी किस्त वेलकम टू द जंगल इन दिनों सुर्खियों में है।फिल्म की स्टारकास्ट को लेकर तरह–तरह की खबरें आती रहती हैं।ऐसी चर्चा है कि रवीना टंडन फिल्म वेलकम टू द जंगल का हिस्सा बन गई हैं और वह 19 साल बाद अक्षय कुमार के साथ अभिनय करती नजर आएंगी।

ताजा रिपोर्ट्स के मुताबिक, अक्षय और रवीना वेलकम टू द जंगल की शूटिंग अक्टूबर के पहले सप्ताह में शुरू करने वाले हैं।

एक सूत्र ने बताया, रवीना वेलकम की तीसरी किस्त का हिस्सा बन चुकी है और उनकी जोड़ी अक्षय कुमार के साथ बनेगी। रवीना और निर्देशक अहमद खान के बीच चर्चा 2019 की शुरुआत में शुरू हुई थी जब वह डांस रियलिटी शो नच बलिए 9 की शूटिंग कर रहे थे।उन्होंने आगे कहा, शूटिंग अक्टूबर के पहले हफ्ते में मुंबई में शुरू होने की संभावना है। बाद का कार्यक्रम विदेशों सहित अन्य जगहों पर हो सकता है।

## 'फुकरे 3' ने 11वें दिन भी बॉक्स ऑफिस पर उड़ाया गर्दा, 100 करोड़ के करीब पहुंची फिल्म




पॉपुलर फ्रेंचाइजी 'फुकरे' की तीसरी इंस्टॉलमेंट 'फुकरे 3' ने 'जवान' की सूनामी के बीच अपनी थिएट्रिकल शुरुआत की थी और फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया. फिल्म दमदार शुरुआत की और पहले दिन 8.82 करोड़ रुपये की कमाई की और लगातार बढ़त बनाए रखी है. चलिए जानते हैं 'फुकरे 3' ने रिलीज के दूसरे संडे यानी 11वें दिन कितने करोड़ का कलेक्शन किया है. 'फुकरे 3' ने रिलीज के 11वें दिन कितने करोड़ का कलेक्शन किया है'फुकरे 3' बॉक्स ऑफिस पर हाल ही में रिलीज हुई तमाम फिल्मों द वैक्सीन वॉर, मिशन रानीगंज और थैंक्यू फॉर कमिंग को चारो खाने चित्त कर रही है. यहां तक कि 'फुकरे 3' शाहरुख खान की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'जवान' को भी बराबर की टक्कर दे रही है. फिल्म रिलीज के पहले दिन से धुंआधार कमाई कर रही है. 'फुकरे 3' की दूसरे हफ्ते की कमाई की बात करें तो फिल्म ने दूसरे शुक्रवार 2.31 करोड़ की कमाई की थी. वहीं 'फुकरे 3' ने दूसरे शनिवार को 4.02 करोड़ का कलेक्शन किया था. वहीं अब फिल्म की रिलीज के दूसरे संडे यानी 11वें दिन की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं.रिपोर्ट के मुताबिक 'फुकरे 3' ने रिलीज के 11वें दिन यानू दूसरे संडे को 4.30 करोड़ की कमाई की है. इसेक बाद फिल्म की 11 दिनों की कुल कमाई अब 76.15 करोड़ रुपये हो गई है.'फुकरे 3' बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है. ये फिल्म 'द वैक्सीन वॉर' के साथ रिलीज हुई थी और इसने इस फिल्म को जमकर धोया. वहीं इस हफ्ते बॉक्स ऑफिस पर दो बड़ी फिल्में अक्षय कुमार की मिशन रानीगंज और थैंक्यू फॉर कमिंग भी रिलीज हुई थी. लेकिन ये दोनों ही फिल्में 'फुकरे 3' के आगे टिक नहीं पा रही है और वरुण शर्मा और ऋचा चड्ढा की फिल्म ने इन तमाम फिल्मों को टिकट खिडक़ी पर पछाड़ दिया है.

**जयन्त**
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com